भोपाल
सोमवार, 23 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष -5
वर्ष : 12, अंक : 350
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 19

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

शहीद दिवस आज



डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध है
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
66 फीट रोड सनराईज गार्डन के पीछे, महोली, भानपुर भोपाल
सर्व सुविधा युक्त प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण प्रदूषण मुक्त कवर्ड केम्पस के साथ
आफिस:आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल
7222901488, 9755600827

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

# पीएम मोदी देश के सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता बने, चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ा

यह उपलब्धि केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि दशकों तक लगातार नेतृत्व, जनसमर्थन और राजनीतिक स्थिरता की कहानी भी

- मोदी कुल 8931 दिन सरकार के मुखिया (हेड ऑफ गवर्नमेंट) के रूप में काम कर चुके
- चामलिंग 8930 दिन तक सिक्किम में सरकार के प्रमुख रहे थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब देश के सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता बन गए हैं। उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

देखा जाए तो यह उपलब्धि केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि दशकों तक लगातार नेतृत्व, जनसमर्थन और राजनीतिक स्थिरता की कहानी भी है। पीएम मोदी अब तक कुल 8931 दिन सरकार के मुखिया (हेड ऑफ गवर्नमेंट) के रूप में काम कर चुके हैं।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

चामलिंग 8930 दिन तक सिक्किम में सरकार के प्रमुख रहे थे। पीएम मोदी के लिए यह पूरी उपलब्धि सिर्फ किसी एक सरकार का नेतृत्व करते हुए नहीं आई है। बल्कि उनकी इस उपलब्धि में 15 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड और अब लगातार करीब 12 साल से प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड शामिल है। राजनाथ सिंह, अमित शाह व सीएम डॉ. मोहन यादव ने पीएम ▶▶ शेष पेज 6 पर

### चामलिंग के नाम सबसे लंबे वक्त तक सीएम रहने का रिकॉर्ड

- पवन कुमार चामलिंग (सिक्किम, 24 वर्ष 165 दिन)
- नवीन पटनायक (ओडिशा, 24 वर्ष 99 दिन)
- मोदी (गुजरात, 12 वर्ष, 227 दिन)

### मोदी के सीएम रहने से प्रधानमंत्री पद के 12 साल तक अहम पड़ाव

**1 गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर (2001-2014)**

नरेंद्र मोदी ने 7 अक्तूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार शपथ ली थी, जब उन्होंने भूकंप के बाद की चुनौतियों और राजनीतिक अस्थिरता के बीच केशुभाई पटेल की जगह ली थी। उन्होंने 2002, 2007 और 2012 में लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीतकर गुजरात के सबसे लंबे समय तक रहने वाले मुख्यमंत्री का रिकॉर्ड बनाया और उनके शासन का तरीका देशभर में गुजरात मॉडल के रूप में लोकप्रिय हुआ। ▶▶ शेष पेज 6 पर

पंचम:स्कंध माता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

## खबर संक्षेप

### जेईई मेन सत्र-2 के शेड्यूल में बदलाव



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन सत्र-2 की परीक्षा तारीखों में बदलाव कर दिया है। साथ ही, परीक्षा के लिए सिटी इंटिमेशन स्लिप भी जारी कर दी गई है। अब सत्र-2 की परीक्षाएं 2 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित होंगी।

### नगर निगम का बजट आज टैक्स में राहत की उम्मीद



**भोपाल।** शहर सरकार का बजट सोमवार को आईएसबीटी स्थित नगर निगम मुख्यालय में पेश किया जाएगा। महापौर मालती राय वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट परिषद बैठक में प्रस्तुत करेंगी। इस बार आम जनता को राहत मिलने की उम्मीद है।

### रात में घुसे आवारा कुत्तों ने ली 15 हिरणों की जान



**सरगुजा।** छग के अंबिकापुर जिले में स्थित संजय पार्क में आवारा कुत्तों के हमले से 15 हिरणों की मौत हो गई। 20 मार्च की रात पार्क में आवारा कुत्ते घुस गए और हिरणों को काट डाला। लापरवाही सामने आने के बाद डिप्टी रेंजर समेत 4 कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है।

सीएम डॉ. यादव का सख्त एक्शन: इन तीनों की मिली थीं गंभीर शिकायतें

# सीधी कलेक्टर व गुना एसपी नपे और सहकारिता जीएम निलंबित

सीएम ने कहा लापरवाह अधिकारियों को फील्ड पोस्टिंग का अधिकार नहीं

*मुख्यमंत्री ने मौके की समीक्षा और फीडबैक के आधार पर यह स्पष्ट कर दिया कि गरीबों के अधिकारों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी*


विकास मिश्रा


हितिका वसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में कुछ नौकरशाहों की बड़े पैमाने पर लापरवाही, सीधे कानून को हाथ में लेने, प्रशासनिक गड़बड़ियों और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बड़ा और सख्त एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीधी जिले के कलेक्टर, गुना के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को हटा दिया गया, जबकि सहकारिता जीएम को निलंबित कर दिया गया है। तीनों के मामले अलग- अलग जिलों से जुड़े हैं। इन सभी मामलों में मुख्यमंत्री ने खासी नाराजगी जताई है। सीधी जिले के कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। यह ▶▶ शेष पेज 6 पर

### क्यों हटाए गए?

1. **स्वरोचिष सोमवंशी, सीधी कलेक्टर :** पीएम आवास की जमीन पर डीजे परिसर के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की, एक गरीब परिवार का मकान बुलडोजर से ढहाया
2. **अंकित सोनी, एसपी गुना:** गुना में हवाला की रकम का मामला
3. **पीएस धनवाल, महाप्रबंधक, जिला सहकारी बैंक:** 110 करोड़ के घोटाले का मामला

### इनकी जगह कौन?

- अब सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा
- अब गुना एसपी हितिका वसल


सीएम डॉ. यादव सीधी में आम लोगों से फीडबैक लेते हुए

### खरगोन की तरह गुना में गड़बड़ी

इसके अलावा, सहकारिता विभाग में भी कार्रवाई करते हुए जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक पीएस धनवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कदम वित्तीय ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सीएम अचानक पहुंचे थे सीधी

मुख्यमंत्री ने मौके की समीक्षा और फीडबैक के आधार पर यह स्पष्ट कर दिया कि गरीबों के अधिकारों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। दरअसल, सीधी आने का सीएम का कोई कार्यक्रम नहीं था, वे रीवा से होते हुए मिर्जापुर किसी कार्यक्रम में गए हुए थे, वहां से लौटने के बाद लेकिन स्थानीय लोगों व विधायक, सांसद ने उक्त मामले को लेकर सीएम से गुहार लगाई थी। जिसके बाद सीएम सीधी में सुनवाई करने के लिए अचानक पहुंचे। इसके बाद यह कार्रवाई की गई।

### पुलिस अधीक्षक सोनी की भूमिका भी संदिग्ध

गुना जिले में हवाला से जुड़े एक गंभीर मामले में भी एसपी पर कार्रवाई की गई है। करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपए की नकद राशि जब्त किए जाने के बाद कथित रूप से गुजरात के व्यापारी को लौटा दी गई थी। इस पूरे मामले में पहले ही संबंधित थाना प्रभारी और 3 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो चुकी थी। जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई। इसके बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर उन्हें तत्काल प्रभाव से हटा दिया ▶▶ शेष पेज 6 पर

पश्चिम एशिया युद्ध : पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक में मंथन

# देश में ऊर्जा सप्लाई बाधित नहीं होने देंगे, संकट से निपटने मंत्रियों का बनेगा विशेष समूह


सीसीएस की बैठक में पीएम मोदी सहित मंत्री व अफसर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की अहम बैठक में संकट से निपटने के लिए विशेष समूह बनाने का फैसला लिया गया। इस बैठक में तेल, गैस और उर्वरक की सप्लाई को सुरक्षित रखने पर खास जोर दिया गया। करीब साढ़े तीन घंटे चली इस बैठक में पीएम ने कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक सेक्टर की स्थिति की समीक्षा की। सरकार का फोकस यह रहा कि देश में किसी भी तरह की सप्लाई बाधित न हो। जमाखोरी और कालाबाजारी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्यों के साथ मिलकर काम किया जाए। लॉजिस्टिक्स ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

*ईंधन आपूर्ति के लिए अन्य स्रोत तैयार करने कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश*

### बैठक में क्या बड़े फैसले लिए गए?

- आवश्यक वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित हो
- राज्य सरकारों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर
- तेल, गैस और ऊर्जा सप्लाई को हर हाल में बनाए रखने का फैसला
- खाद्य, ईंधन और ऊर्जा सुरक्षा पर विशेष फोकस
- उर्वरक के वैकल्पिक आयात स्रोत तलाशने पर जोर
- कोयले के पर्याप्त भंडार से बिजली संकट नहीं होने का आश्वासन
- रसायन, फार्मा और ▶▶ शेष पेज 6 पर

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस भुयान की टिप्पणी

## कई जज राजा से ज्यादा वफादार जैसी मानसिकता से काम कर रहे



न्यायपालिका को संविधान का रक्षक बनकर काम करना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान ने न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि कई जज राजा से ज्यादा वफादार जैसी मानसिकता से काम कर रहे हैं। इसका मतलब यह है कि कुछ जज जरूरत होने पर भी बेल (जमानत) नहीं देते, जिससे लोग महीनों और वर्षों तक जेल में पड़े रहते हैं। उन्होंने यह बात सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन राष्ट्रीय सम्मेलन ▶▶ शेष पेज 6 पर

आंध्र प्रदेश में मिलावटी दूध का कहर

## पूर्वी गोदावरी में दूध पीने से किडनी फेल, 16 की मौत



संदिग्ध डेयरी यूनिट की आपूर्ति रोकी जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में मिलावटी दूध पीने से मरने वाले की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। जबकि तीन लोगों का राजमहेंद्रवरम के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह घटना फरवरी के मध्य की है, जब लालचेरुवु के कुछ हिस्सों में सप्लाई किए गए मिलावटी दूध के कारण कथित तौर पर कई ग्राहक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। इनमें उल्टी, पेट ▶▶ शेष पेज 6 पर

छग के महासमुंद में रोपवे हादसा

## केबल टूटने से ट्रॉली गिरी युवती की मौत, 4 गंभीर



खल्लारी मंदिर में नवरात्रि पर दर्शन के लिए पहुंचे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर में रोपवे टूटने से 16 श्रद्धालु घायल हो गए, जबकि एक युवती की मौत हो गई। घायलों में 4 की हालत गंभीर है। यह सभी लोग चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन दर्शन करने आए थे। दर्शन के बाद कुछ श्रद्धालु रोपवे की ट्रॉली से नीचे उतर रहे थे। तभी अचानक केबल टूट गया। ट्रॉली पहाड़ी से टकराई और उसमें बैठे लोग करीब ▶▶ शेष पेज 6 पर

मोहन सरकार का बड़ा फैसला

## 3 लाख कर्मचारियों को टाइम पर मिलेगा मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में दो बड़े फैसले लिए हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं (सीएसएस) के कर्मचारियों के वेतन संकट को दूर करने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। जबकि रिटायर्ड अधिकारियों-कर्मचारियों से होने वाली अवैध रिकवरी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई है। केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत कार्यरत 3 लाख से अधिक मानदेय कर्मियों और संविदा कर्मचारियों को अब वेतन के लिए महीनों इंतजार नहीं करना होगा। राज्य सरकार ने विशेष परिस्थितियों में राष्ट्रीयकृत ▶▶ शेष पेज 6 पर

मंडला में बिना बैरिकेडिंग पुलिया पर हादसा

## जर्जर पुल से नीचे गिरी बाइक, एक नाबालिग समेत चार की दर्दनाक मौत

सीमेंट पाइप से टकराने से तोड़ा दम, लापरवाही का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला

जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र में शनिवार रात सड़क हादसे में चार बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। हादसा भैंसवाही और टिकराटोला के बीच एक जर्जर पुलिया से गिरने के कारण हुआ। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों को लहूलुहान अवस्था में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


दुर्घटना स्थल पर पुलिस जांच करती हुई

स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह पुलिया पिछली बरसात में टूट गई थी, लेकिन ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रेत माफिया: ट्रैक्टर से बोलेरो को मारी टक्कर आरक्षक गंभीर घायल

**मुरैना।** यहां रेत माफिया ने एक बार फिर पुलिस पर हमला बोला है। दिमनी क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन रोकने पहुंची पुलिस टीम पर माफिया ने सीधा हमला बोल दिया। बरेथा के चक्रपान का पुरा के पास घेराबंदी देख ट्रैक्टर चालक ने ब्रेक लगाने के बजाए स्पीड ▶▶ शेष पेज 6 पर

अगले तीन से चार दिन तीखी पसीने वाली गर्मी से राहत

## धूप और नमी में कमी से एक दिन में 4 डिग्री तक उछला पारा.. हवाओं से तीखी गर्मी नहीं

भोपाल में अधिकतम तापमान 3.6 डिग्री बढ़कर 33 डिग्री रहा यह नॉर्मल से 2.5 डिग्री कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को सूर्यदेव के तेवर तीखे रहने और तापमान में तेजी से बढ़त के बाद भी तीखी गर्मी का अहसास नहीं रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार उत्तर में हुई बर्फबारी से प्रदेश में अभी गर्मी का अहसास कम रहेगा। शाम की हवाओं में नमी की कमी से धूप खिलने के साथ पारा 3 से 4 डिग्री तक बढ़ा, इसके बावजूद तीखी गर्मी नहीं रही है। दिन ▶▶ शेष पेज 6 पर

**खंडवा में बादल-हवाओं से 4 डिग्री की गिरावट के साथ सामान्य से 6.6 डिग्री कम**


भोपाल का खटलापुरा घाट, समय शाम 6:21 बजे का दृश्य

### शहर में गर्मी का रिकॉर्ड अभी दूर

इस महीने की गर्मी के 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो मार्च वर्ष 2016 से 2025 के बीच सबसे अधिक दिन का तापमान 41.0 डिग्री 30 मार्च 2021 को रहा है। यह आंकड़ा अभी काफी दूर है। इस महीने पहले तीन सप्ताह में अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक भी नहीं पहुंचा है। इससे पूरी उम्मीद है कि इस मार्च में दिन में गर्मी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाएगी।

मंदिर की स्थापना के बाद से हादसे होना हो गए बंद

# भक्तों को हर कष्टों से बचाती हैं मिसरोद की काली माता



मिसरोद स्थित काली माता मंदिर।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि के चलते इन दिनों माता रानी के दरबार में भक्तों की भीड़ देखने को मिल रही है। माता के भक्त मां की कृपा पाने के लिए पूजा अर्चना कर रहे हैं। राजधानी में वैसे तो ममतामयी मां के कई मंदिर हैं, लेकिन मिसरोद इलाके में स्थित काली माता मंदिर की अपनी महिमा है। नवरात्र में होशंगाबाद रोड पर मिसरोद क्षेत्र में मैन रोड पर स्थित मां काली के मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। इस मंदिर की अपनी कहानी है। पहले यहां पर रोजाना हादसे हुआ करते थे। लेकिन माता रानी का मंदिर की स्थापना होने के बाद यहां पर हादसे होना बंद हो गए।

## भक्तों ने सुनाए अपने-अपने अनुभव

### मां के आशीर्वाद से पूरी होती हैं हर मुरादें...



श्रद्धालु सुयश कुमार लोवंशी ने बताया कि वह कई सालों से माता रानी के दर्शन के लिए आ रहे हैं। माता रानी के आशीर्वाद से हर मुराद पूरी हुई है। हम लोग जब भी माता काली के दरबार से निकलते है। यहां रुक कर हाजिरी लगाते है।

### कई साल से नवरात्रि में दर्शन करने आता हूं...



श्रद्धालु सोनू वर्मा ने बताया कि मैं कई सालों से मंदिर में माता रानी के दर्शन के लिए आ रहा हूं। नवरात्रि के मौके पर विशेष रूप से आते है। माता रानी के आशीर्वाद से पूरे घर परिवार की काफी उन्नति हुई।



मंदिर के पुजारी रामकिशन सैन ने बताया कि भोपाल-होशंगाबाद हाईवे रोड पर रोजना सड़क हादसे हुआ करते थे। इसके बाद यहां पर मंदिर की स्थापना की गई। तब से यहां पर कोई सड़क हादसा नहीं हुआ। अगर कोई हादसा होता भी है,तो किसी कोई चोट नहीं आती है।

## खबर संक्षेप

### बच्चों की चित्रकला के साथ मनेगी निषादराज जंयती

**भोपाल।** निषादराज जयंती बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता एवं हवन, पूजन के साथ सोमवार मनाई जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने बताया कि निषादवंशीय माझी, कीर, कहार, केवट, ढीमर, भोई, मल्लाह, मझवार कल्याण समिति (रजि.) की ओर से मछुआ समाज के आराध्य देव भगवान निषादराज केवटराज जी ने त्रेता युग में भगवान श्री राम माता सीता जी को अपनी नाव से गंगा पार कराकर उनके पैर धोकर सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त किया था। समिति के विधि सलाहकार वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येन्द्र बाथम ने बताया कि निषादराज जयंती पर भोईपुरा बुधवारा में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता एवं हवन, पूजन प्रसादी वितरण की जाएगी।

### बीयू: परीक्षाओं के बदले गए कुछ परीक्षा केंद्र, परीक्षाएं शुरू

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने मार्च में शुरू होने वाली कुछ परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों में बदलाव किया है। पूर्व में जारी अधिसूचना 24.02.2026 में आंशिक संशोधन करते हुए पी.जी. डिप्लोमा इन यौगिक सांइस प्रथम सेमेस्टर नियमित अथवा एटीकेटी सत्र 2025-26 की मार्च -2026 में आयोजित की जाने वाली परीक्षा के आयोजन के लिए विवि से संबद्ध महाविद्यालयों के परीक्षा केन्द्र संशोधित कर निर्धारित किए गए हैं। इनमें भोपाल डिग्री कॉलेज भोपाल, जय हिन्द कॉलेज, गांधी पीआर कॉलेज, जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय, विक्टोरिया महाविद्यालय, वीएनएस कॉलेज, लक्ष्मीपति कॉलेज का परीक्षा केंद्र हमीदिया शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल बनाया गया है। वहीं गुरु कॉलेज बैरसिया का परीक्षा केंद्र शासकीय महाविद्यालय बैरसिया में बना है। विवि शैक्षणिक योग विभाग, यूटीडी बीयू का परीक्षा केंद्र बीयूआईटी, यांत्रिकी शिक्षण संस्थान बीयू में बनाया गया है। इनमें से अधिकांश परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं।

### राज्यमंत्री गौर ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने राजधानी में क्षेत्रीय विकास को नई गति देते हुए लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

मंदिरों में दीपोत्सव, निकलेंगे चल समारोह, कहीं रामचरित मानस का पाठ तो कहीं होंगे सुंदरकाण्ड

# रवि पुष्य सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ 27 को मनाया जाएगा रामनवमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चैत्र नवरात्र के चलते इन दिनों जहां घर-घर माता रानी की पूजा हो रही है। तो वहीं देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इसके साथ ही राजधानी में रामनवमी को धूमधाम से मनाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई। पंडितों के अनुसार इस साल उदया तिथि के चलते 27 को रामनवमी मनाई जाएगी। राजधानी में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के श्रीराम मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे।

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि रामनवमी पर रवि पुष्य सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। नवमी तिथि 26 मार्च को दिन में 11 बजकर 48 मिनट से प्रारंभ होगी और 27 मार्च को सुबह 10 बजकर 06 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि के चलते नवमी तिथि 27 मार्च तक प्रभावी रहेगी। इसी कारण भोपाल सहित देशभर में श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ रामनवमी का उत्सव मनाएंगे। इस दिन भक्तजन व्रत रखकर भगवान श्रीराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। रामायण पाठ, भजन-कीर्तन तथा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होंगे।

**नवमी तिथि 26 को दिन में 11.48 बजे से प्रारंभ होगी और 27 मार्च सुबह 10.06 बजे समाप्त होगी**

**रामनवमीं पर भक्तजन व्रत रखकर भगवान श्रीराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे**

### श्रीराम मंदिर तलैया में होगा सुंदरकांड पाठ का आयोजन

रामनवमी पर सभी मंदिरो में दीपोत्सव का आयोजन होगा। राजधानी की धार्मिक व सामाजिक समीतिया चल समारोह निकालेंगी। गुरुबख्श तलैया स्थित श्रीराम मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। भगवान श्रीराम के जन्म पर विशेष आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### 27 मार्च को शुभ मुहूर्त

- सर्वार्थ सिद्धि योग- सुबह 06:17 बजे से दोपहर 03:24 बजे तक
- अभिजीत मुहूर्त- दोपहर 12:02 बजे से 12:51 बजे तक
- लाभ-उन्नति मुहूर्त- सुबह 07:50 बजे से 09:22 बजे तक

## अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन करेंगे नरेला विधानसभा क्षेत्र के तीर्थ-यात्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना के अंतर्गत सोमवार 23 मार्च को अयोध्या धाम की पावन यात्रा पर जा रहे नरेला विधानसभा क्षेत्र के लाभार्थियों से मंत्री विश्वास सारंग ने रविवार को वर्चुअली जुड़कर संवाद किया और उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी।

सारंग ने कहा कि यह योजना प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। जिसके माध्यम से उन्हें जीवन के इस महत्वपूर्ण चरण में आध्यात्मिक संतोष और प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस दौरान लाभार्थियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं विश्वास सारंग के प्रति आभार व्यक्त किया। सभी तीर्थ-यात्री 23 मार्च को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे। सारंग ने बताया कि इस योजना के तहत नरेला विधानसभा क्षेत्र के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजन इस पावन यात्रा में शामिल हो रहे हैं। शासन द्वारा यात्रा के दौरान भोजन, नाश्ता, चाय, आवास, तीर्थस्थलों तक आवागमन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्णतः निःशुल्क हैं।





मंत्री सारंग से वर्चुअली संवाद करते अयोध्या जाने वाले बुजुर्ग तीर्थ यात्री।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल करेंगे सेंटर का शुभारंभ

# काटजू अस्पताल में आज से शुरू होगा महिला स्वास्थ्य केंद्र



बांझपन, पीसीओएस,कैंसर सहित कई बीमारियों का मिलेगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल के काटजू अस्पताल में सोमवार 23 मार्च से प्रदेश का पहला अत्याधुनिक महिला स्वास्थ्य सेंटर शुरू होगा। करीब दो करोड़ की लागत वाले इस सेंटर में आधुनिक जांच और इलाज की सुविधाएं सस्ते दरों पर उपलब्ध होंगी। काटजू अस्पताल में शुरू हो रहा स्टेट ऑफ द आर्ट सेंटर न सिर्फ प्रदेश का पहला ऐसा सरकारी सेंटर होगा, बल्कि यहां बांझपन से लेकर सर्वाइकल कैंसर तक की आधुनिक जांच और इलाज एक ही जगह पर उपलब्ध होगा। यह मप्र का पहला सरकारी प्रिवेंटिव गायनी ऑन्कोलॉजी एंड इंफर्टिलिटी सेंटर होगा। इससे पहले ऐसी सुविधाएं सीमित थी और महंगे निजी अस्पतालों तक ही सिमटी थी। इस सेंटर का उद्घाटन सोमवार दोपहर डेढ़ बजे उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा किया जाएगा।

### एक ही जगह मिलेगा पूरा इलाज

इस अत्याधुनिक सेंटर में महिलाओं से जुड़ी लगभग हर बड़ी समस्या का समाधान होगा। इन्फर्टिलिटी (निःसंतानता), पीसीओएस, सर्वाइकल कैंसर, मोटापा, मेनोपॉज, हार्मोनल असंतुलन और अनियमित पीरियड्स जैसी बीमारियों के लिए अलग-अलग अस्पतालों के चक्कर लगाने की जरूरत खत्म हो जाएगी। इस सेंटर को आधुनिक तकनीकों से लैस किया गया है। यहां आईयूआई जैसी एडवांस फर्टिलिटी ट्रीटमेंट सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों को काउंसलिंग से लेकर ट्रीटमेंट तक हर स्टेज पर मदद करेगी।
डॉ. रचना दुबे, नोडल अधिकारी, काटजू अस्पताल

### कैंसर की शुरुआती पकड़, जान बचाने की तैयारी

सर्वाइकल कैंसर की शुरूआती पहचान के लिए वीआईए तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे बीमारी को शुरुआती स्तर पर ही पकड़कर समय रहते इलाज शुरू किया जा सकेगा, जिससे महिलाओं की जान बचाने में मदद मिलेगी। इस सरकारी सेंटर में बांझपन का इलाज 40 हजार से 80 हजार रुपए के बीच हो सकेगा। वहीं, निजी अस्पतालों में यही इलाज 2.5 से 3 लाख रुपए तक पहुंच जाता है।


राजा भोज सेतु और तलैया रोड पर लगा जाम...



राजधानी के पुराने शहर के तलैया से बुधवारा तक और राजाभोज सेतु से रेतघाट तक लंबा जाम लगा रहा। काली मंदिर के सामने तलैया में शाम 6.15 बजे के आसपास जाम लगने से लोग काफी देर तक फंसे रहे। ऐसे में सिग्नल प्रणाली भी यहां से गुजरने वालों को कोई राहत न दिला सकी। इसके अलावा राजाभोज सेतु से रेतघाट तक शाम करीब 7.30 बजे से जाम लगा रहा। इसकी वजह छुट्टी और मौसम सुहाना होने के कारण लोगों का बोट क्लब की ओर घूमने जाना बताया जाता है।

ऑल इंडिया भेल एम्प्लाइज यूनियन भोपाल की मांग हुई पूरी

# बीएचईएल में सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान समारोह में अब शामिल हो सकेंगे परिवारजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लाइज यूनियन भोपाल (ऐबू) की पहल पर प्रबंधन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के सम्मान समारोह में उनके परिवारजनों को भी शामिल करने की मांग को स्वीकार कर लिया है। इस संबंध में ऐबू के महासचिव एवं नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राम नारायण गिरी के नेतृत्व में रविवार को महाप्रबंधक (एचआर) को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही 25 फरवरी को आयोजित प्लांट कमेटी बैठक जिसमें यूनियन की ओर से कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष सोनी एवं सह-कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता शामिल हुए थे, जिनके द्वारा इस विषय को प्लांट कमेटी में विशेष रूप से प्रमुखता के साथ उठाया गया था। यूनियन ने अपने ज्ञापन में बताया कि कंपनी के कर्मचारी अपने जीवन के 30 से 40 वर्ष संगठन के विकास में समर्पित करते हैं।

ऐसे में सेवानिवृत्ति का अवसर उनके जीवन का एक भावनात्मक और महत्वपूर्ण क्षण होता है। इस अवसर पर परिवारजनों की उपस्थिति समारोह को और अधिक गरिमामय एवं स्मरणीय बनाएगी। यूनियन के इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए प्रबंधन ने इस व्यवस्था को लागू करने पर सहमति प्रदान की है। इससे कर्मचारियों और संगठन के बीच भावनात्मक जुड़ाव और अधिक मजबूत होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में यूनियन के कोषाध्यक्ष विशाल वाणी, कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष सोनी, वेलफेयर समिति सदस्य जयप्रकाश चौधरी एवं सह-कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता शामिल थे।

यूनियन के महासचिव राम नारायण गिरी ने सभी कर्मचारियों एवं यूनियन की ओर से इस मांग को पूरा करने के लिए कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय एवं महाप्रबंधक टीयू सिंह का आभार व्यक्त किया।

जीवाजी विवि में कुलगुरु की नियुक्ति के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन होंगे जमा

तकनीकी शिक्षा विभाग में पदस्थ अधिकारियों ने भी किया आवेदन

# आरजीपीवी-जीवाजी विवि को जल्द मिल सकते हैं कुलगुरु, 70 से अधिक आवेदन पहुंचे, अभी कार्यवाहक कुलगुरु निभा रहे जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) और ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय में कुलगुरू की नियुक्ति को लेकर प्रक्रिया शुरू हो रही है। आरजीपीवी में कुलगुरु पद के लिए 70 के करीब आवेदन पहुंचे हैं।

लोकभवन ने जीवाजी विवि के कुलगुरु पद के लिए भी विज्ञापन जारी कर दिया है। ध्यान रहे कि आरजीपीवी में वर्तमान में प्रो. एससी चौबे के पास कुलगुरु का प्रभार है। बताया गया है कि कुलगुरू की नियुक्ति करने लोकभवन ने आवेदन जमा करा लिए हैं। अंतिम तिथि बीतने तक लोक भवन को देशभर से करीब 70 आवेदन प्राप्त होने की बात सामने आई है।




### यूपी, बिहार, गुजरात से भी आवेदन

आरजीपीवी में कुलगुरू पद के लिए मप्र के साथ ही उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र गुजरात के अलावा जम्मू से भी आवेदन मिलने की बात कही गई है। इस पद के लिए आरजीपीवी, बीयू, हिंदी विवि, मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) सहित अन्य संस्थान के प्रमुखों और प्रोफेसरों ने भी आवेदन किए हैं। वहीं तकनीकी शिक्षा विभाग में पदस्थ अधिकारियों ने आवेदन किया है।

### जीवाजी विवि के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन

जीवाजी विवि में वर्तमान में प्रो. राजकुमार आचार्य कार्यवाहक कुलगुरु का दायित्व निभा रहे हैं। पिछले साल फरवरी में प्रो. अविनाश तिवारी को धारा 52 लगाकर बर्खास्त करने के बाद से प्रो आचार्य को कुलगुरु नियुक्त किया था। अब नियमित कुलगुरु की नियुक्ति के लिए लोकभवन में आवेदन पहुंचना शुरू हो गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल रखी गई है। जानकारी के अनुसार उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन ऑनलाइन करना होंगे।

लोग साझा कर सकेंगे अपने अनुभव

# एम्स ने शुरू किया 'संग्रह' क्लब, अनुभव होंगे साझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल ने 'संग्रह' नाम से कलेक्टर्स और हॉबीस्ट्स क्लब की शुरुआत की। यह संस्थान का पहला ऐसा क्लब है, जहां लोग अपने शौक और संग्रह को साझा कर सकेंगे। क्लब में डाक टिकट, सिक्के, कॉमिक्स, एलपी रिकॉर्ड, पोस्टर और एंटीक वस्तुओं जैसे विभिन्न संग्रह शामिल हैं। यह पहल लोगों को समान रुचि रखने वाले अन्य संग्रहकर्ताओं से जुड़ने और अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान करेगी। इस क्लब का प्रबंधन डॉ. रजनीश जोशी डीन-अकादमिक, एम्स भोपाल कर रहे है। इस पहल के माध्यम से संग्रहकर्ताओं और हॉबीस्ट्स को एक ऐसा समुदाय मिलेगा, जहां वे अपने अनुभव साझा कर सकेंगे और समान रुचि रखने वाले अन्य लोगों से संवाद कर सकेंगे। क्लब के अंतर्गत डाक टिकट, सिक्के और कॉमिक्स जैसे लोकप्रिय संग्रहों के साथ-साथ एलपी रिकॉर्ड, पोस्टर और एंटीक वस्तुओं के संग्रह को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति का कोई विशेष या अनोखा संग्रहण से जुड़ा शौक है, तो उसके लिए भी इस क्लब में स्थान उपलब्ध है।

4 भौंरी जोड़ के पास निर्माणाधीन ब्रिज के...



12 क्रोशिया के शिल्प के साथ लुभा रहे बुदनी के खिलौने...





# पार्कों में घूम रहे स्ट्रीट डॉग, कोई सुरक्षा और निगरानी नहीं, न शेल्टर होम न फीडिंग सेंटर बने

## जमीनी हकीकत- स्ट्रीट डॉग को लेकर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन की अनदेखी...शहर में हालात जस के तस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्ट्रीट डॉग को शेल्टर होम में रखने, फीडिंग सेंटर बनाने व सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था करने के निर्देशों के बावजूद शहर में इसकी अनदेखी हो रही है। शहर के सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, स्कूलों, अस्पतालों के आसपास इनका झुंड दिनभर सक्रिय रहता है। हरिभूमि की टीम ने शहर के कुछ क्षेत्रों में जब स्थिति का निरीक्षण किया तो जहांगीराबाद में नीलम पार्क में सैलानियों की भीड़ के बीच स्ट्रीट डॉग झुंड में घूम रहे थे। यही स्थिति स्कूलों, अस्पतालों व सार्वजनिक स्थलों की है। जबकि ऐसे स्थानों पर सुरक्षा के इंतजाम गाइडलाइन के अनुसार होने चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रीट डॉग को शेल्टर होम में रखने का आदेश दिया था, लेकिन शहर में नगर निगम के पास ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। निगम अब चार शेल्टर बनाने के लिए जगह जरूर तलाश रहा है। इसी तरह स्कूल, कॉलेज, पार्कों, अस्पतालों व सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा और निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के भी आदेश दिए गए। यह सब काम केवल कागजों में आदेशों तक सिमटकर रह गए, धरातल पर कुछ भी नहीं उतरा। हालात जस के तस ही हैं।

### *फीडिंग सेंटर के लिए कॉलोनियों में जगह तय करने समितियों से अब तक चर्चा ही हुई*

### *स्कूलों, अस्पतालों, पार्कों, सार्वजनिक स्थलों पर भी कोई व्यवस्था नहीं*

### नीलम पार्क में घूमता रहता है आवारा कुत्तों का झुंड



नीलम पार्क में घूमते आवारा कुत्ते।

जहांगीराबाद के नीलम पार्क में स्ट्रीट डॉग का झुंड दिनभर घूमता रहता है। यही हालात शहर के शाहजहांनाबाद, नादरा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, जहांगीराबाद, छावनी, मंगलवारा, भेल, कोलार, होशंगाबाद रोड व संत नगर की कॉलोनियों व रिहायशी क्षेत्रों में हैं। जहां स्ट्रीट डॉग की झुंड दिनभर सक्रिय रहता है और देर शाम तो कई कॉलोनियों में लोगों व वाहन चालकों का गुजरना तक मुश्किल होता है।

### निगम के पास 3 एबीसी सेंटर, 4 नए बनाने की योजना

राजधानी में नगर निगम के तीन एबीसी सेंटर हैं जो अरवलिया, कजलीखेडा और आदमपुर में संचालित हो रहे हैं। जबकि चार नए बनाने के लिए जगह देखी जा रही है। निगम के अधिकारियों के अनुसार जगह देखी भी गई है। इसी तरह चार शेल्टर होम बनाने के प्रक्रिया चल रही है।

### 750 स्ट्रीट डॉग की रोज नसबंदी की क्षमता, हो रही केवल 40 से 50 की

तीन के तीन एबीसी सेंटर में रोजाना 750 यानि एक सेंटर पर 250 डॉग की नसबंदी करने की क्षमता है, लेकिन यहां रोज 40 से 50 की ही नसबंदी हो रही है। जबकि 30 से 40 डॉग ऐसे होते हैं जो बीमार होते हैं उन्हें सेंटर में ही रखा जाता है और जब वे ठीक हो जाते हैं तो उन्हें वापस छोड़ा जाता है।

### 1 डॉक्टर सहित 5 लोगों का स्टाफ

प्रत्येक सेंटर में एक डॉक्टर सहित पांच लोगों का स्टाफ है। आंकड़ों पर नजर डालें तो निगम का अमला रोज 40 से 50 स्ट्रीट डॉग पकड पाता है, जबकि यह आंकडा एक एबीसी सेंटर की क्षमता से बेहद ही कम है। स्ट्रीट डॉग की अनुमानित संख्या शहर में करीब सवा लाख है। इसके लिए 9 एबीसी सेंटर की जरूरत है, लेकिन निगम के पास संसाधनों की कमी है।

### 50 डॉग कैचर और 6 वाहनों पर जिम्मेदारी

वर्तमान में शहर की 30 लाख की आबादी के बीच सवा लाख से ज्यादा स्ट्रीट डॉग की मौजूदगी को रोकने के लिए केवल 50 डॉग कैचर हैं। जो छह वाहनों पर सवार होकर रोज स्ट्रीट डॉग को नेट के माध्यम से पकड़ते हैं।

### महापौर का तर्क, स्ट्रीट डॉग पकड़कर सेंटर भेजे जा रहे हैं

महापौर मालती राय का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार ही नगर निगम कार्य कर रहा है। स्ट्रीट डॉग को पकड़ने और उन्हें सेंटर भेजने की कार्रवाई लगातार चल रही है। नए प्लान पर भी काम चल रहा है।

## तिरुचिरापल्ली-जोधपुर हमसफर एक्सप्रेस में कई यात्री नहीं चढ़ सके

# भोपाल स्टेशन पर हमसफर एक्सप्रेस का अचानक बदला प्लेटफॉर्म, भगदड़ में कई यात्री हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 4 पर रविवार को यात्री तिरुचिरापल्ली-जोधपुर हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन के आने का इंतजार कर रहे थे। ट्रेन के आने से कुछ देर पहले ही अचानक उद्घोषणा हुई कि प्लेटफार्म नं.4 पर आने वाली ट्रेन प्लेटफार्म नं.3 पर आएगी। इसके बाद यात्रियों के बीच भगदड़ सी मच गई। ऐसे में महिलाएं बच्चों को लेकर दौड़ने लगीं, तो कई युवक बैग कंधे पर लटकाए दूसरे प्लेटफार्म की ओर भागने लगे। इस दौरान करीब पांच मिनट तक प्लेटफॉर्म पर दौड़-भाग के बाद यात्री किसी तरह कोच में चढ़ सके। इस घटना में कुछ यात्रियों के गिरने से घायल होने की बात भी सामने आ रही है।

### करीब पांच मिनट तक प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भाग-दौड़ होती रही

### रेलवे स्टेशन पर भागदौड़ में कुछ यात्री पटरी पर फिसलकर गिर पड़े

### प्लेटफार्म 4 पर आने वाली ट्रेन की प्लेटफार्म तीन पर आने की घोषणा




भोपाल स्टेशन पर रविवार दोपहर करीब ढाई बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब 4 नंबर प्लेटफार्म पर आने वाली गाड़ी संख्या 20482 तिरुचिरापल्ली-जोधपुर हमसफर एक्सप्रेस के अचानक प्लेटफार्म संख्या 3 पर आने की घोषणा कर दी गई। घोषणा सुनते ही बीना, गुना, अशोकनगर, जयपुर सहित जोधपुर की ओर जाने वाले यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। ऐसे में कई यात्री रेल पटरी पार कर प्लेटफार्म की ओर दौड़ पड़े। किसी की गोद में बच्चा था तो कोई सिर पर सामान उठाए हुए था। इस दौरान कुछ यात्री पटरी पर फिसलकर गिर भी पड़े, हालांकि गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

### ब्रिज पर पहले से ही भीड़ थी

रेलवे सूत्रों के अनुसार जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म की घोषणा की गई। वैसे चार नंबर पर इंतजार कर रहे यात्री घबराकर प्लेटफार्म नंबर तीन की ओर भागने लगे। इस दौरान ब्रिज पर भी काफी भीड़ थी, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जो यात्री तीन नंबर पर पहुंचे। ये यात्री अभी राहत की सांस भी नहीं ले पाए थे कि गाड़ी आगे की ओर बढ़ने लगी। ऐसे में कुछ यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी।

### पहले कहा, कुछ नहीं हुआ फिर फोन नहीं उठाया

इस घटना को लेकर मंडल परिचालन प्रबंधक से बात की तो पहले उन्होंने इस तरह की नहीं होने की बात बोलते हुए,सही से पता करने की बात कही। जब दोबारा फोन लगाया तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया।

### जांच के आदेश

रेलवे सूत्रों के अनुसार इस घटना को लेकर कुछ यात्रियों द्वारा शिकायत की गई है। एक यात्री अभिराज चौधरी ने अपनी शिकायत में कहा कि गाड़ी संख्या 20482 हमसफर एक्सप्रेस में रविवार को भोपाल जंक्शन पर गंभीर लापरवाही देखने को मिली। ट्रेन 20 मिनट से ज्यादा लेट थी, आखिरी वक्त पर प्लेटफॉर्म बदला गया और ट्रेन बहुत कम देर में रुकी। कई यात्री न चढ़ पाए, न उतर पाए, भगदड़ मच गई। तो वहीं इस घटना में कुछ लोग घायल भी हो गए। चेन पुलिंग के बाद स्थिति संभली। शिकायत के बाद रेलवे की ओर जांच कराने की बात सामने आ रही है।

## आज चयनित युवाओं से सीएम डॉ. मोहन करेंगे आज संवाद

# यूपीएससी चयनित 61 में से 15 युवा सरकारी कॉलेज से पढ़े, दृष्टिहीनता को बनाया ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में प्रदेश के 61 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने चयनित होकर न सिर्फ मध्यप्रदेश, बल्कि पूरे देश में नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 मार्च को इन सफल अभ्यर्थियों से संवाद करेंगे। इन सफलताओं के पीछे केवल प्रतिभा ही नहीं, अपितु कठिन परिश्रम, अटूट संकल्प और विपरीत परिस्थितियों से लड़ने का साहस भी है। कई विद्यार्थी साधारण परिवारों से हैं; किसी के माता-पिता किसान हैं, तो कोई दुकानदार या आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के परिवार से आता है।

कई अभ्यर्थियों ने शासकीय स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया है। खास बात यह भी है कि यूपीएससी परीक्षा में चयनित कुल 61 विद्यार्थियों में से 15 अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से शिक्षा प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। इन सभी अभ्यर्थियों की कहानियां यह संदेश देती हैं कि परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों, अगर लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत निरंतर हो और आत्मविश्वास अटूट हो, तो सफलता जरूर मिलती है।

### दृष्टिहीन होने के बाद भी अक्षत ने हासिल की 173वीं रैंक



### बेटियां भी नहीं पीछे

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में सफल होने में बेटियां भी पीछे नहीं है। प्रदेश से चयनित 61 अभ्यर्थियों में कई बेटियां भी हैं, जिन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान हासिल कर सफलता पाई है। इसमें इंदौर की अनन्या शर्मा को देशभर में 13वीं रैंक मिली हैं। जबकि खंडवा की रूपल जायसवाल को 43वीं रैंक, इंदौर की दीक्षा चौरसिया 44वीं, रीवा की समीक्षा द्विवेदी को 56वीं रैंक, नरसिंहपुर की दीक्षा पाटकर को 88वीं रैंक प्राप्त हुई हैं।

इंदौर निवासी अक्षत बल्दवा ने यह साबित कर दिया कि शारीरिक सीमाएं सफलता की राह नहीं रोक सकतीं। जन्म के डेढ़ माह बाद 'रेटिनोब्लास्टोमा' के कारण दृष्टिहीन होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। हिंदी माध्यम से शासकीय विद्यालय में पढ़ाई करने वाले अक्षत ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट उत्तीर्ण कर बेंगलुरु के नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी में प्रवेश लिया। विधि की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिविल सेवा का लक्ष्य तय किया और सीमित समय में ही 173वीं रैंक हासिल कर ली। उनका मानना है, असली दृष्टि आंखों से नहीं, मन से होती है। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर, तो कोई बाधा बड़ी नहीं होती।

## कटारा में प्रस्तावित किए बीस फीसदी बढ़े हुए दाम

# बीडीए से महंगे होंगे हाउसिंग बोर्ड में मकान, 57 प्रतिशत तक बढ़ेंगे दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पंजीयन विभाग ने इस बार झुग्गी, गलियां और डेवलपमेंट का नक्शा दिखाकर ज्यादातर जगहों पर प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी प्रस्तावित की है। अफसरों ने हाउसिंग बोर्ड और बीडीए के मकानों को भी महंगा करने की तैयारी कर ली है। जिससे आम लोगों को यहां भी सस्ते मकान खरीदना मुश्किल हो जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में ही दस से ज्यादा हाउसिंग प्रोजेक्ट में 13 से लेकर 57 फीसदी तक बढ़ोतरी प्रस्तावित की है। जबकि बीडीए के प्रोजेक्ट में 6 से पंद्रह फीसद तक की बढ़ोतरी करने की तैयारी चल रही है। सोमवार को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में इस बढ़ोतरी पर मुहर लगाई जाएगी। जिसके बाद केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड इस पर निर्णय लेगा।

अफसरों ने सबसे ज्यादा बढ़ोतरी गांधी हाउसिंग सोसाइटी में की है, यहां पर आवासीय प्लॉट के दाम 16800 रुपए प्रति वर्गमीटर से बढ़ाकर 26400 रुपए कर दिए गए हैं। इसी तरह गांधी मेडिकल आदर्श नगर में भी 40 फीसदी तक बढ़ोतरी की जा रही है। जिससे इन जगहों पर मकान खरीदना महंगा हो जाएगा। इसके साथ रजिस्ट्री कराने के लिए भी अधिक राशि खर्च करना पड़ेगी।



### एक दिन में 592 रजिस्ट्री, 5 करोड़ 54 लाख की आय

चेटीचंड की सरकारी छुट्टी होने के बाद भी पंजीयन दफ्तरों में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री की गई थी। इस मौके पर 592 लोगों ने प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री दर्ज कराई। शुक्रवार को एक दिन में पंजीयन विभाग को करीब 5 करोड़ 54 लाख रुपए की आमदनी हुई है। वरिष्ठ जिला पंजीयन स्वपनेश शर्मा का कहना है कि इन दिनों प्रॉपर्टी के खरीदारों का बूम आया हुआ है। जिसको देखते हुए सब रजिस्ट्रारों के स्लॉट बढ़ा दिए गए हैं। दो दिनों में शनिवार और रविवार को भी रजिस्ट्री हुई।

### इन क्षेत्रों में बढ़ाई गई प्रस्तावित कीमतें

| हाउसिंग प्रोजेक्ट | प्रस्तावित बढ़ोतरी | | प्र.वृ |
|---|---|---|---|
| गांधी हाउसिंग | 16800/25200 | 26400/39400 | 57/55 |
| गांधी मेडिकल हाउसिंग आदर्श नगर | 13000/15000 | 19500/23000 | 40/53 |
| पंचसेवा हाउसिंग कॉलोनी | 10000/15000 | 1200 | 20/20 |
| केंद्रीय हाउसिंग | 25000/37500 | 30000/45000 | 20/20 |
| हाउसिंग कटारा | 25000/37500 | 30000/45000 | 20/20 |
| हाउसिंग बागमुगालिया | 25000/35000 | 27000/40500 | 8/15 |
| राजीव हाउसिंग लालघाटी | 29000/44000 | 32000/48000 | 10/9 |
| ऐशबाग हाउसिंग | 14000/21000 | 16000/24000 | 14/14 |
| हाउसिंग पार्क बैरसिया | 15000/22500 | 17000/25500 | 13/13 |

### यहां प्रॉपर्टी की कीमतों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव

| बीडीए प्रोजेक्ट | प्रस्तावित बढ़ोतरी | | प्र.वृ |
|---|---|---|---|
| टीला हाउसिंग, बीडीए सड़क अंदर | 10400/15600 | 12000/18000 | 15/15 |
| बीडीए हाउसिंग कोहेफिजा | 45000/60000 | 50000/67000 | 11/11 |
| बीडीए गल्ला मंडी | 18000/27000 | 20000/30000 | 11/11 |
| बीडीए कॉलोनी | 26400/39600 | 28000/42000 | 6/6 |

### बीडीए प्रोजेक्ट में 6 से 15 फीसदी बढ़ोतरी

पंजीयन विभाग ने इस बार बीडीए कोहेफिजा, टीला जमालपुरा और गल्लामंडी में बढ़ोतरी प्रस्तावित की है। यहां पर 6 से पंद्रह फीसद तक बढ़ोतरी की जा रही है। जिससे यहां पर मकान खरीदना महंगा हो जाएगा। इसके साथ रजिस्ट्री कराने के लिए भी अधिक राशि खर्च करना पड़ेगी। लोगों की जेब पर बोझ बढ़ सकता है।

## सरदार पटेल कोचिंग एवं प्रशिक्षण योजना के तहत व्यवस्था

# प्रदेश के छात्र कर सकेंगे निःशुल्क क्लैट की कोचिंग, कोचिंग संस्थाओं से बुलाए टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के छात्रों को अब नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए क्लैट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) की तैयारी निःशुल्क कराई जाएगी। राज्य सरकार की सरदार पटेल कोचिंग एवं प्रशिक्षण योजना 2021 (संशोधित-2025) के तहत यह तैयारी कराई जाएगी। इसको लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है।

दरअसल, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। इस पूरी परियोजना के लिए सरकार ने 17.25 करोड़ रुपए का बजट रखा है। विभाग ने कोचिंग संस्थाओं से टेंडर बुलाए हैं। 1 अप्रैल तक टेंडर जमा होंगे। वहीं 10 अप्रैल को टेक्निकल बिड ओपन की जाएगी। संस्थानों का चयन क्यूसीबीएस (क्वालिटी कॉस्ट बेस्ड सिलेक्शन) पद्धति से होगा। यानी जिस संस्थान की पढ़ाई की क्वालिटी और ट्रैक रिकॉर्ड बेहतर होगा, उसे प्राथमिकता मिलेगी

### *संभाग मुख्यालयों पर होंगे सेंटर*

प्रदेश के चार बड़े संभाग मुख्यालयों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर को कोचिंग सेंटर के लिए चुना है। हर सेंटर पर सौ-सौ सीटें होंगी। चारों शहरों में कुल 400 सीटें होंगी। इनमें से पिछड़ा वर्ग के लिए 352 और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए 48 सीटें आरक्षित होंगी।

## 14 नई पार्किंग सहित जनहित के मुद्दों पर होगी चर्चा

# आज बजट परिषद बैठक में घोटालों और खामियों पर हंगामे के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर सरकार का बजट सोमवार को आईएसबीटी स्थित नगर निगम मुख्यालय में पेश किया जाएगा। बजट परिषद बैठक में शहर में ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या को देखते हुए 14 नई पार्किंग विकसित करने का प्रस्ताव रखा जाएगा।

इनमें से 5 पार्किंग मेट्रो स्टेशनों के नीचे प्रस्तावित हैं, जहां लगभग 40 चार पहिया और 250 दोपहिया वाहन खड़े किए जा सकेंगे। इस प्रस्ताव को 16 मार्च को हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक में पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और पुलिस की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है।

### परिषद बैठक में आदमपुर खंती में लीगेसी वेस्ट निपटान पर फैसला

परिषद बैठक में आदमपुर खंती में जमा लीगेसी वेस्ट के निपटान का प्रस्ताव भी आएगा। इस परियोजना पर करीब 55.54 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। दो दिन पहले एमआईसी ने इसे परिषद में लाने का निर्णय लिया था।

### निगम के कंडम वाहनों की नीलामी नए वाहनों की खरीदी का प्रस्ताव

नगर निगम के 145 अनुपयोगी वाहनों को कंडम घोषित कर उनकी नीलामी का प्रस्ताव भी परिषद में रखा जाएगा। इसके साथ ही शहर की सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नए वाहनों की खरीदी का प्रस्ताव भी पेश किया जाएगा। साथ ही लिंक रोड नंबर-2 पर बने 40 करोड़ रुपए के नए निगम मुख्यालय भवन की अधूरी तैयारियों और कमियों को लेकर भी परिषद में तीखी बहस होने की संभावना है।

## मुंबई और देशभर के एक्सपर्ट्स देंगे डॉक्टरों को गाइडेंस

# एम्स भोपाल में अब शुरू होगा फेफड़ों का ट्रांसप्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल अब लंग ट्रांसप्लांट सुविधा शुरू होने की तैयारी की जा रही है। संस्थान में इसको लेकर एक विशेष अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुंबई से आने वाली विशेषज्ञ टीम डॉक्टरों को मार्गदर्शन देगी।

कार्यक्रम में सर्जरी, एनेस्थीसिया, पल्मोनोलॉजी और क्रिटिकल केयर से जुड़े विशेषज्ञ शामिल होंगे। एम्स में पहले ही 18 किडनी और तीन हार्ट ट्रांसप्लांट हो चुके हैं। लंग ट्रांसप्लांट शुरू होने से गंभीर फेफड़ों के मरीजों को प्रदेश में ही इलाज मिलेगा और बड़े शहरों पर निर्भरता कम होगी। इसके लिए 28 मार्च को संस्थान में 'लंग ट्रांसप्लांट- द रोड अहेड' विषय पर सिम्पोजियम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुंबई और देश के अन्य प्रमुख संस्थानों से आए विशेषज्ञ डॉक्टर एम्स की टीम को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देंगे। इसका उद्देश्य डॉक्टरों को लंग ट्रांसप्लांट की सर्जिकल तकनीक, मरीज चयन, ऑपरेशन के दौरान सावधानियां और बाद की देखभाल के बारे में प्रशिक्षित करना है।

### लंग ट्रांसप्लांट की जटिलताओं और आधुनिक तकनीकों पर साझा करेंगे अनुभव

कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से विशेषज्ञ शामिल होंगे। इनमें प्रमुख रूप से डॉ. ज्ञानेश ठक्कर (कार्डियोथोरेसिक सर्जरी, ग्लोबल हॉस्पिटल), डॉ. शारन्या कुमार (एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर), डॉ. शारदा नगोटी (पैथोलॉजी, ट्रांसप्लांट पैथ) और डॉ. अपार जिंदल (लंग ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ, मैक्स अस्पताल) लंग ट्रांसप्लांट की जटिलताओं और आधुनिक तकनीकों पर अपने अनुभव साझा करेंगे।



सुसाइड नोट में अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी

# फिजियोथेरेपिस्ट ने फांसी लगाकर दी जान सुसाइड नोट में नहीं ठहराया किसी को जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित फार्चून सौम्या अटलांटिस कॉलोनी में शनिवार रात फिजियोथेरेपिस्ट ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी की नजर पड़ने पर पड़ोसियों की मदद से फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है। हालांकि उसमें कारणों का खुलासा नहीं किया गया लेकिन अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर सुसाइड नोट हैंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास भेज दिया है। रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### परिवार में पत्नी और एक दो साल की बेटी

पुलिस के मुताबिक 404, फार्चून सौम्या अटलांटिस निवासी विवेक डेहरिया पिता प्रेमलाल डेहरिया (40) फिजियोथेरेपिस्ट थे। वह प्राइवेट प्रेक्टिस करते थे। परिवार में पत्नी और एक दो साल की बेटी है। माता-पिता व अन्य परिजन बैतूल में रहते हैं। शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे पत्नी ने विवेक को कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा। पत्नी की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, लेकिन पूर्व में ही उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। उसमें लिखा है कि खुद से परेशान होकर मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं। सब लोग खुश रहना। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव बैतूल लेकर चले गए थे।

ढाई साल पहले पीतल मंदिर के पास हुआ था विवाद, 30 हजार का इनाम घोषित था

# चटका गैंग का इनामी गुर्गा गिरफ्तार, युवक पर किया था धारदार हथियार से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुरानी बात पर समझौता करने के लिए पीतल मंदिर के पास रोशनपुरा इलाके में इकट्ठे हुए बदमाशों ने एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर उसके हाथ व पैर की नसें काट दी थीं। घटना नवंबर 2023 की है। अरेरा हिल्स पुलिस ने हत्या का प्रयास की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर की थी। घटना के बाद से फरार आरोपियों की तलाश के पुलिस ने इनाम भी घोषित किया। करीब ढाई साल बाद क्राइम ब्रांच पुलिस ने प्रकरण में फरार चल रहे 30 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर अरेरा हिल्स पुलिस के हवाले किया है।

### पुलिस अन्य फरार आरोपियों की कर रही तलाश

क्राइम ब्रांच के अनुसार विगत चार नवंबर 2023 को करीमबख्श कॉलोनी विदिशा रोड निवासी मोहम्मद शाहरूख खान ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि चार नवंबर की रात करीब साढ़े 8 बजे पीतल मंदिर रोशनपुरा के पास आरोपी शाहरूख खान, पप्पू चटका, विक्की वाहिद और एक अन्य साथी ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर शाहिद खान को गंभीर रूप से घायल कर दिया। शाहिद खान की हालत गंभीर होने और बेहोश होने की वजह से बयान नहीं होने पर उसे अस्पताल लाने वाले मोहम्मद शाहरूख की शिकायत पर हत्या का प्रयास की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी। करीब ढाई साल बाद क्राइम ब्रांच पुलिस ने प्रकरण में फरार चल रहे इनामी आरोपी अरशद उर्फ सिद्धू (21) निवासी शीतला माता मंदिर के पास रोशनपुरा को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अरेरा हिल्स पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। अरेरा हिल्स और क्राइम ब्रांच पुलिस ने शेष अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## खबर संक्षेप

### बेटियों को एचपीवी टीके लगवाकर सर्वाइकल कैंसर से दें सुरक्षा : शुक्ल

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रविवार को रीवा प्रवास के दौरान जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में स्वास्थ्य, सांस्कृतिक गौरव और उच्च शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भौतिक विकास के साथ-साथ समाज का स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों का संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री ने मनगवां में सामाजिक संस्था 'पासुमा' द्वारा संचालित निःशुल्क कैंसर जांच केन्द्र का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश की 8 लाख किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने के लिए निःशुल्क एचपीव्ही टीके लगाने के महा-अभियान की चर्चा की। शुक्ल ने कहा कि बीमारी से बचाव ही उसका श्रेष्ठ उपचार है। उन्होंने अनियमित दिनचर्या को त्याग कर प्राकृतिक खेती और कीटनाशक मुक्त अनाज अपनाने पर बल दिया, जिससे कैंसर, डायबिटीज और हृदय रोगों जैसी विभीषिकाओं पर नियंत्रण पाया जा सके। विन्ध्य क्षेत्र को पुनः 'छोटी काशी' के रूप में स्थापित करने के संकल्प के साथ उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रामानुज संस्कृत विश्वविद्यालय की संगोष्ठी का शुभारंभ किया। उन्होंने घोषणा की कि लक्ष्मणबाग में 35 करोड़ रुपये की लागत से एक वर्ष के भीतर अत्याधुनिक विश्वविद्यालय परिसर का निर्माण किया जाएगा। इस परिसर में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास, छात्रावास और विशाल पुस्तकालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### आधे शहर की बिजली बंद रहेगी आज

**संतनगर।** गर्मी की दस्तक के साथ विद्युत लाइनों का रखरखाव जारी है। इसी तारतम्य में आज 23 मार्च को सुबह 10 से दोपहर चार बजे तक 11 केवी फीडर की बिजली सप्लाई हरिजन कॉलोनी, इंदिरा नगर, बेटा गांव, साधु वासवानी कॉलेज, एफ वार्ड, कम्युनिटी हॉल, एमसीबी केंपस, आरोग्य केंद्र भैंसाखेड़ी आकाश गार्डन, माधव आश्रम विसर्जन घाट, मंडी बैरागढ़ और ओएंडएम एरिया में बंद रहेगी।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | --- | -- | --- |
| रात: | --- | -- | --- |
| तारा: | | | |
| दिन: | --- | -- | --- |
| रात: | --- | -- | --- |

फूफा के निधन की सूचना पर इंदौर जा रहे थे, साथी गंभीर

# भौंरी जोड़ के पास निर्माणाधीन ब्रिज के पिलर से टकराई कार... युवक की मौत

**कार को क्रॉसिंग देते समय हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क स्थित भोपाल-इंदौर हाइवे पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात भौंरी जोड़ के पास तेज रफ्तार कार निर्माणाधीन ब्रिज के पिलर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार चालक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है।

दरअसल, निर्माण कार्य के चलते रोड वन-वे कर दिया है। सामने से आ रही कार को क्रॉसिंग देने के प्रयास में कार पिलर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। परिजन का कहना है कि फूफा के निधन की सूचना मिलने पर मृतक अपने दोस्त के साथ इंदौर जा रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ**



### कार के अगले हिस्से में फंस गए थे

पुलिस के अनुसार बड़ा नगर अवधपुरी निवासी गौरव सिंह (25) टूर्स एंड ट्रेवल्स एजेंसी का संचालन करते थे। शनिवार रात उन्हें इंदौर में रहने वाले फूफा के निधन की सूचना मिली। फूफा कुछ दिनों से बीमार थे और उनका इलाज चल रहा था। निधन की सूचना मिलते ही गौरव सिंह अपने दोस्त लकी के साथ इंदौर जाने के लिए आई-20 कार से निकले थे। निर्माण कार्य के चलते रोड को वन-वे में परिवर्तित कर दिया गया है। रात करीब 1 बजे सामने से आ रही कार को क्रॉसिंग देने के प्रयास में गौरव सिंह की कार निर्माणाधीन ब्रिज के पिलर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गौरव सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोस्त लकी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों कार के अगले हिस्से में फंस गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। अस्पताल में गौरव को मृत घोषित कर दिया गया।

### डायवर्सन की पुलिस को निर्माण एजेंसी ने नहीं दी जानकारी

ब्रिज का निर्माण कर रही एजेंसी ने अपनी मर्जी से ट्रैफिक डायवर्ट करके एक ओर का रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया था। सिर्फ दूसरी ओर के मार्ग से वाहनों का आना-जाना हो रहा था। ट्रैफिक डायवर्ट करने की जानकारी एजेंसी ने ट्रैफिक पुलिस को नहीं दी। यदि ट्रैफिक पुलिस को जानकारी मिली होती तो विभिन्न माध्यमों से इसकी जानकारी लोगों को दे दी जाती।

## बाइक डिवाइडर से टकराई डिलीवरी ब्वॉय की मौत

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्मी आटा चक्की के पास सलैया में बाइक डिवाइडर से टकराने से डिलेवरी ब्वॉय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां तीन दिन चले इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### सनखेड़ी कोलार में रहता था युवक

पुलिस के अनुसार रितेश जाटव पिता तोरण सिंह जाटव (21) सनखेड़ी झुग्गी, कोलार में रहता था। रितेश अमेजन में डिलेवरी ब्वॉय की नौकरी करता था। गत 18 मार्च की शाम वह बाइक से डिलीवरी के लिए निकला था। शाम करीब साढ़े चार बजे उसकी बाइक लक्ष्मी आटा चक्की के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

## 11 मील बायपास पर टेंपो जला..



**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र में 11 मील बायपास पर गन्ने से भरे एक टेंपो में अचानक आग लग गई। इस दौरान ड्राइवर और हेल्पर ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। आग के कारण टेंपो पूरी तरह से जलकर खाक हो गया।

**सीधी एवं गुना में मुख्यमंत्री की कार्रवाई पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने दी प्रतिक्रिया**

## मध्य प्रदेश में जनता की अपेक्षाओं के साथ कोई समझौता नहीं : अग्रवाल

**भोपाल।** सीधी एवं गुना में प्रशासनिक लापरवाही पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई कार्रवाई पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने प्रतिक्रिया दी है। अग्रवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए लिखा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए त्वरित एवं कठोर निर्णय लेना अत्यंत सराहनीय है। सीधी एवं गुना में प्रशासनिक लापरवाही पर हुई तत्काल कार्रवाई यह स्पष्ट संदेश देती है कि प्रदेश में जनता की अपेक्षाओं के साथ कोई समझौता नहीं होगा। ऐसे दृढ़ एवं निर्णायक नेतृत्व के लिए मुख्यमंत्री को साधुवाद।



90 डिग्री ब्रिज के नीचे की वारदात

## चार आरोपियों ने रंजिश में किया दो नाबालिगों पर छुरी से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित 90 डिग्री ब्रिज के नीचे शनिवार रात दो नाबालिगों को घेरकर चार बदमाशों ने मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान बदमाशों ने छुरी से हमला भी किया है। छुरी से हमला होने के कारण दोनों नाबालिगों की हथेली बुरी तरह से कट गई। दोनों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 15 और 17 साल के दो नाबालिग जनता क्वार्टर ऐशबाग में रहते हैं। दोनों प्राइवेट काम करते हैं। जनता कॉलोनी ऐशबाग में रहने वाले सद्दु के दोस्त से एक नाबालिग का पूर्व में विवाद हुआ था। दोनों नाबालिगों ने बताया कि वह 90 डिग्री ब्रिज के नीचे खड़े थे। शनिवार रात करीब दस बजे वहां अब्बा जोगी, आसिफ, सद्दु और भैयु पहुंच गए। पहुंचते ही उन्होंने नाबालिगों से गालीगलौज शुरू कर दी। नाबालिगों ने उन्हें गाली देने से मना किया तो दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने छुरी से हमला किया था। इसमें नाबालिगों के दाहिने और बाएं हाथ की हथेली कट गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी और फरियादी पक्ष जनता क्वार्टर के रहने वाले हैं। नाबालिगों पर हुए हमले के बाद तनाव की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने ऐहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात कर रखा था।

### बूथ सशक्तिकरण के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आज

**औबेदुल्लागंज।** मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर ने बताया कि 23 मार्च को दोपहर 3 बजे, रॉयल गार्डन में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री, शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक एवं सह संयोजक,जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी। इस प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक कार्यप्रणाली, बूथ सशक्तिकरण, मन की बात, जनसंपर्क एवं भाजपा की आगामी गतिविधियों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

## गर्मियों में पक्षियों को पानी पिलाने के लिए 100 सकोरों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड औबेदुल्लागंज ने जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम को हर ग्राम, नगर तक पहुंचाने संवाद कार्यक्रम के साथ पक्षियों को पानी की उपलब्धता के लिए 100 सकोरों का वितरण स्थानीय संस्था रामरज फाउंडेशन ने किया। कार्यक्रम में वीर सावरकर महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र नागर, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष सुनील सेरिया ने स्टूडेंट से आह्वान किया कि वे अपने सेक्टर में जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने, इसे जन आंदोलन का रूप देकर पानी बचाने की पहल करें। ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार एवं मेंटर्स, प्रेमनारायण सोनी, भूपेन्द्र नागर, राहुल नागर, पदम सिंह चौहान ने भी स्टूडेंट को अपने असाइमेंट कार्य में इसे शामिल कर ग्राम, नगर में गतिविधि करने के निर्देश दिए।

नील, विधायक सबनानी ने दिया संदेश

## मैराथन में हर नागरिक बना सामाजिक बदलाव का हिस्सा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजधानी में रविवार को तड़के 5 बजे फिटनेस और उत्साह का संगम देखने को मिला। सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित उमंग सिंधी मैराथन की शुरुआत शहर के सनसिटी गार्डन से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भगवान दास सबनानी एवं मशहूर गायक नील तलरेजा शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए फिटनेस को जीवन का अहम हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

सुबह 5:30 बजे पहली रेस के फ्लैग ऑफ के साथ ही धावकों के कदमों ने पूरे वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। मैराथन का रूट सनसिटी से शुरू होकर लालघाटी चौराहा, वीआईपी रोड से गुजरा और समापन फिर सनसिटी गार्डन परिसर में हुआ। तीन अलग-अलग कैटेगरी की रेस निर्धारित समय के अनुसार सुबह 5:30 बजे से चरणबद्ध तरीके से शुरू की गईं। प्रतिभागियों को रेस से पहले रिपोर्टिंग और वार्म-अप के लिए समय दिया गया। इस मैराथन में रेस से पहले 45 मिनट का जुम्बा सेशन एमके फिटनेस की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। परिवार के साथ आए लोगों के लिए मनोरंजन और डांस की विशेष व्यवस्था भी रही।

### आयोजन में याद किया शहीदों का बलिदान

सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि शहीद हेमू कालानी, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत को याद करते हुए इस उमंग सिंधी मैराथन का आयोजन किया गया था। इस मैराथन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। हमारा लक्ष्य भोपाल को फिटनेस की राजधानी बनाना है। 'उमंग सिंधी मैराथन' के जरिए हम न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैला रहे हैं, बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार कर रहे हैं, जहां हर नागरिक एक सामाजिक बदलाव का हिस्सा बन सके। भोपाल की सड़कों पर आज जो उत्साह देखा गया, वह केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि 'फिट इंडिया' और 'उभरते खिलाड़ियों' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस उमंग सिंधी मैराथन कार्यक्रम का संयोजक कपिल भाटिया को बनाया गया था। अध्यक्ष मनीष दरयानी, महासचिव नरेश तलरेजा के साथ कमलेश चंदवानी, कविता चंदवानी, किरण वाधवानी, हरीश वीधानी, दीपक राजानी, दीपांशी सबनानी, भावना जगवानी, पूजा भाटिया, सिया आसुदानी, राम आसुदानी, सुनील किंगरानी, रितेश, रवि आनंद सहित अन्य सदस्यों ने इस मैराथन को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया।

मातारानी की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना

# मंदिरों में सुबह से रात तक मातारानी के जयकारों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। स्थानीय खेड़ापति माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया।

श्रद्धालुओं ने माता रानी को फल, फूल, नारियल और प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर डॉ. माखन नागर, रामेश्वर नागर, वरिष्ठ राम किशोर शर्मा, अवध नारायण दुबे, उमेश नागर, पूर्व पार्षद रवि नागर, वन विभाग डॉ. नंदू नागर, एडवोकेट महेंद्र धाकड़, दुर्गेश मेहरा, शुभम नागर, सुशील नायडू, रेखा कपूर, द्विज चौरसिया आदि ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की।

### महिला संगठन ने नवरात्रि, गणगौर, रामनवमी का बताया महत्व

महिला संगठन ने नवरात्रि एवं गणगौर पर्व रामनवमी के कार्यक्रम का महत्व बताते हुए कहा कि श्रद्धा भक्ति से भगवान की पूजा करना चाहिए और 9 दिन तक नवरात्रि में माता की भक्ति करना चाहिए। इन कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ना चाहिए। इस अवसर पर सरजू अग्रवाल, पूर्णा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, निम्मा अग्रवाल, कमला जैन, शशि अग्रवाल, मुन्नी अग्रवाल, रतन अग्रवाल आदि ने मिलकर भजनों को गाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर नगर परिषद की उपाध्यक्ष वैश्य महिला संगठन की जिला अध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल ने वयोवृद्ध महिलाओं का सम्मान किया और मार्गदर्शन में सीखने को मिला।



### तामोट में नवरात्रि की धूम

**तामोट।** चैत्र नवरात्रि में तामोट में भक्ति का विशेष माहौल है। मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। माता रानी के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। वहीं दुर्गा सप्तशती का पाठ, भजन-कीर्तन और संध्या आरती का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, जिला जनपद सदस्य चंदा चौहान, रामपाल चौहान, संजीव चौहान, रामकिशोर चौहान, बाबूलाल चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान आदि माता रानी की भक्ति में लगे हुए हैं।

### आशियाना ग्रीन सिटी कॉलोनी में नवरात्रि में भंडारे का आयोजन

आशियाना ग्रीन सिटी कॉलोनी में नवरात्रि में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लखन भाई, रणजीत सिंह, अपदेश भाई, जितेन्द्र मास्टर, अंकित भाई, सचिन ओट, उपदेश के साथ आशियाना ग्रीन सिटी के रहवासियों का विशेष सहयोग रहा। समिति के सदस्यों का कमलेश मेघानी एवं मनोज मालवीय ने स्वागत किया। भक्तों ने राहगीरों, वाहन चालकों को प्रसाद बांटा। बंटी तिवारी, पंडितजी, मनोज मालवीय, दीपक मीणा, रोहित मालवीय, पूज्य सिंधी समाज मीडिया प्रचार प्रमुख कमलेश मेघानी ने भंडारे का आनंद लिया।



### विधायक खत्री आज करेंगे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा' का शुभारंभ

**बैरसिया।** क्षेत्र में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 23 मार्च से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ होगा। इसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री कृषि उपज मंडी से करेंगे। यहां पर ट्रॉलियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर्स लगाए जाएंगे। अभियान के प्रथम दिन विधायक विष्णु खत्री स्वयं कृषि उपज मंडी पहुंचकर वहां खड़ी ट्रॉलियों के पीछे रेडियम (रिफ्लेक्टर्स) लगाएंगे। आगामी समय में गेहूं उपार्जन केंद्रों पर भी ट्रॉलियों में रेडियम लगाया जाएगा। विधायक विष्णु खत्री ने विशेष रूप युवाओं से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें। साथ ही उन्होंने कार चालकों से भी आग्रह किया कि वे सुरक्षित सफर के लिए सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाएं।

# जीआई टैग का उपयोग कर रतलामी सेव की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बनाएं पहुंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार के प्रयासों से रतलाम के सेव (रतलामी सेव-मोटे किस्म का नमकीन), शिवपुरी की जैकेट और मुरैना की गजक जैसे उत्पाद प्रदेश की पहचान बन चुका है। खासकर 'एक जिला एक उत्पाद यानि ओडीओपी' योजना का मुख्य उद्देश्य जिले के पारंपरिक उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग कर उन्हें वैश्विक स्तर तक पहुंचाना है।

मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप रविवार को रतलाम में एक जिला एक उत्पाद समिट 2026 को संबोधित कर रहे थे। समिट में उद्यमियों के अलावा निवेशकों और अधिकारियों ने सहभागिता की। उन्होंने उद्यमियों से अपील की है कि वे जीआई टैग का अधिकतम उपयोग कर रतलामी सेव के उत्पाद को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थापित करें। सबका प्रयास हो कि रतलामी सेव के नाम के साथ काम भी विश्व स्तरीय हो।

## क्षेत्रीय पहचान को मजबूत कर नए उद्योगों का होगा बहुमुखी विकास

## रतलामी सेव पर केंद्रित एक जिला एक उत्पाद समिट 2026 सम्पन्न



समिट को संबोधित करते मंत्री कश्यप।

### जीआई टेग दिलवाने वाले शैलेन्द्र गांधी को सम्मानित किया

मंत्री काश्यप ने समिट मे रतलाम सेव को जीआई टेग दिलवाने वाले शैलेन्द्र गांधी को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएसएमई मंत्री काश्यप एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत उद्बोधन मनोहर पोरवाल अध्यक्ष रतलामी सेव मंडल ने दिया। आयुक्त एमएसएमई दिलीप कुमार ने कार्यक्रम में विभागीय पहलों एवं एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

### बी2बी एवं जी2बी मीटिंग्स

कार्यक्रम में रतलामी सेव की उत्पत्ति, विकास यात्रा एवं विशिष्टताओं पर डिजिटल प्रस्तुति दी गई। प्रतिभागियों को ऐतिहासिक एवं व्यावसायिक महत्व, मार्केटिंग एवं लॉजिटिक्स से अवगत कराया गया। उत्पादन, गुणवत्ता, खाद्य सुरक्षा मानक और निर्यात अवसर पर चर्चा की गई। उत्पादन, शेल्फ लाइफ, निर्यात एवं बीएसएम सत्र मे उत्पादन, गुणवत्ता, खाद्य सुरक्षा मानक, निर्यात अवसर एवं क्रेता-विक्रेता मीटिंग (बीएसएम) के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान बी2बी एवं जी2बी मीटिंग्स, वन-टू-वन इंटरैक्शन तथा क्रेता-विक्रेता मीटिंग का आयोजन किया गया, जिससे स्थानीय उद्यमियों को संभावित खरीदारों एवं संस्थागत साझेदारों से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ।

### स्थानीय उद्यमों के विकास के लिए प्राथमिकता

मंत्री काश्यप ने रतलाम की सेव के व्यवसाय को पहचान दिलाने के लिए किए गए कार्यों एवं रतलामी सेव को विश्व स्तर पर पहचान दिलवाने वाले व्यक्तियों और व्यावसाईयो का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हैं। स्थानीय उद्यमों के विकास के लिए प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए प्राथमिकता से काम करते हुए उद्यमियों को प्रदेश मे निवेश के लिए अनुकूल वातावरण देने के लिए औद्योगिक नीति को सरल बनाया है। उन्होंने उद्यमियों से अनुरोध किया कि वे जिले में आकर रतलाम सेव के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के काम मे सहयोग करें।

### जीडीपी में कृषि का योगदान लगभग 30-40 प्रतिशत

मंत्री काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी रतलाम के सेव का उल्लेख किया है, जिससे इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में उद्योगों को विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में राज्य की जीडीपी में कृषि का योगदान लगभग 30-40 प्रतिशत है, जबकि उद्योगों का योगदान करीब 20 प्रतिशत है,जिसे बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

---

## विश्व जल दिवस के अवसर पर जल और लैंगिक समानता विषय पर गोष्ठी का आयोजन

# पानी का व्यापार बढ़ा, पर पानी को सहेजने की बात उतनी शिद्दत से नहीं होतीः प्रोफेसर पाराशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उद्योग स्थापित हो रहे है, पानी का व्यापार बढ़ रहा है लेकिन पानी को सहेजने की बात उतनी शिद्दत से नहीं होती। महिलाओं को अगर पानी के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी जाएं और उन्हें परियोजना में शामिल किया जाएं तो वे समाज में जागरूकता ला सकती हैं। यह उद्गार रविवार को विश्व जल दिवस पर रिसोर्स डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट और सृष्टि जल चेतना समिति द्वारा जल और लैंगिक समानता विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए पर्यावरणविद प्रो. विनोद पारासर ने कही।

प्रो. पारासर ने कहा कि 2019 से जल जीवन मिशन का काम चल रहा है और 81 फीसदी तक काम हो चुका है। मिशन के अंतर्गत 24 लाख महिलाओं को जल जांच के लिए किट दी गई है। इस मिशन को सफल बनाने में उनकी बड़ी भूमिका है। पानी की जांच के साथ वे पानी का टैक्स वसूलने में भी सरकार का सहयोग कर रही हैं। पद्मश्री से सम्मानित नारायण व्यास ने गोष्ठी को संबोतिध करते हुए कहा कि सबसे पहले पानी के बावड़ियों का संरक्षण करना होगा। ताकि हम भविष्य में पानी की संकट से आने वाली पीढ़ी को बचा सके। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डॉ. सुभाष सिंह ने किया। गोष्ठी में वीपी श्रीवास्तव, अनिल तिवारी और डॉ. डीके नंदी ने अपने विचार सांझा किए।

### मिशन के अंतर्गत 24 लाख महिलाओं को जल जांच के लिए दी गई किट

### महिलाएं रोजाना बचा सकती हैं अपने घरों में 10 लीटर पानी




प्रो . पाराशर संबोधित करते हुए।

प्रो. पारासर ने कहा कि राजधानी भोपाल में करीब आठ लाख परिवार निवास करते हैं। प्रत्येक घरों की महिलाएं 10 लीटर पानी बरबाद होने से बचा सकती हैं। इस तरह प्रतिदिन करीब 80 लाख लीटर पानी बरबाद होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं ने तालाबों के पुनर्जीवन और वर्षा जल संचयन जैसे कार्यों में भाग लिया। इससे जल उपलब्धता में सुधार हुआ और महिलाओं का समय बचा, जिसे वे अब शिक्षा और आजीविका गतिविधियों में लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि भोपाल में करीब 100 बाउड़ी है, जिसे रिचार्ज करने की जरूरत है। इसके अलावा जहां-जहां बावड़ियों पर लोगों का कब्जा है उसे खाली करवाकर उसे पुनर्जीवित किए जाने की जरूरत है।

### मैनिट निदेशक शुक्ल बोले-जल ही आनंद है, जल ही पोषण है, जल ही शक्ति है

**भोपाल।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में विश्व जल दिवस के अवसर पर रविवार को जल पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत 2047 एवं जल प्रबंधन विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में जल संसाधनों के समान वितरण और सतत उपयोग पर विशेषज्ञों ने गहन विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. के.के. शुक्ल (निदेशक, मैनिट भोपाल) ने किया।



### जल संकट की गंभीरता पर हुआ मंथन

इसके पहले उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शुक्ल ने जल के विविध आयामों पर चर्चा की तथा ऋग्वेद का उद्धरण करते हुए बताया कि जल ही आनंद, जल ही पोषण, जल ही शक्ति और जल ही सृष्टा है। विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला में एसवीएनआईटी सूरत के प्रोफेसर डॉ. एस.एम. यादव का व्याख्यान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने जल संकट की गंभीरता को वैश्विक और राष्ट्रीय आंकड़ों के माध्यम से स्पष्ट किया।

### मुख्यमंत्री ने दीं विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि जल है तो ही सुरक्षित हमारा आने वाला कल है। जल ही जीवन है, यह सूत्र हम सबको आत्मसात करना ही होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल प्रकृति की ओर से प्रदत्त अमूल्य उपहार और समस्त जीव-जगत के अस्तित्व का आधार है। हमें जल की एक-एक बूंद का महत्व समझते हुए इसे बचाना है। आइए, हम सब संकल्प लें कि जल संरक्षण के प्रयासों में सदैव सहभागी बनेंगे।

---

## निवेश, नवाचार और स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा

# मप्र बनेगा स्पेसटेक नीति-2026 से अंतरिक्ष तकनीक का प्रमुख केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने मप्र स्पेसटेक नीति-2026 लागू की है। यह नीति स्पेसटेक नवाचार, विनिर्माण, अनुसंधान और तकनीक आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देकर प्रदेश को भारत की तेजी से विकसित हो रही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था तेजी से विस्तार कर रही है और भारत इस क्षेत्र में नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। मप्र अपनी मजबूत औद्योगिक संरचना, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों, डिफेंस कॉरिडोर और उभरते टेक्नोलॉजी इको सिस्टम के कारण स्पेसटेक निवेश के लिए एक अनुकूल और आकर्षक गंतव्य बन रहा है।

यह नीति प्रदेश की वैज्ञानिक और खगोलीय विरासत को भविष्य उन्मुख तकनीकी नेतृत्व में बदलने का एक दूरदर्शी प्रयास है, जो युवाओं के लिए नए अवसर तैयार करेगी और प्रदेश को स्पेसटेक सेक्टर में नई पहचान दिलाएगी। कौशल विकास से तैयार होगा भविष्य का कार्यबल स्पेसटेक सेक्टर में योग्य मानव संसाधन तैयार करने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में विशेष पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इसके लिए 20 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा। छात्रों को 6 माह तक 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड के साथ इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे। साथ ही कर्मचारियों के कौशल उन्नयन के लिए 50 हजार रुपए तक सहायता और शोधकर्ताओं के लिए स्पेसटेक फेलोशिप का भी प्रावधान किया गया है।

### स्पेसटेक इको सिस्टम के समग्र विकास का विजन

स्पेसटेक नीति-2026 अंतरिक्ष क्षेत्र के अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सभी क्षेत्रों के विकास का व्यापक रोडमैप प्रस्तुत करती है। इसमें सैटेलाइट और लॉन्च व्हीकल कंपोनेंट निर्माण, प्रणोदन प्रणाली, एवियोनिक्स, उन्नत सामग्री, असेंबली-इंटीग्रेशन-टेस्टिंग, मिशन संचालन, ग्राउंड स्टेशन, स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस और एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है। नीति में आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। युवाओं को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्पेसटेक क्षेत्र के लिए तैयार किया जाएगा।

### अनुसंधान और नवाचार को मिलेगा नया आधार

नीति में स्पेसटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा, जहां अनुसंधान, नवाचार, प्रोटोटाइप विकास और स्टार्टअप इनक्यूबेशन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्मालसेट डिजिटल ट्विन लैब एण्ड स्पेस इनोवेशन सैंडबोक्स जैसी आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। उज्जैन में खगोल भौतिकी और अंतरिक्ष विज्ञान के लिए अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित कर प्रदेश की वैज्ञानिक विरासत को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाएगा।

### स्टार्ट-अप और उद्योगों के लिए आकर्षक प्रोत्साहन

नीति में स्टार्टअप्स को 75 लाख रुपए तक आइडिया-टू-प्रोटोटाइप अनुदान, एक करोड़ रुपए तक टेक्नोलॉजी अधिग्रहण सहायता और 200 करोड़ रुपए का रणनीतिक फंड निवेश, राज्य भागीदारी कोष से उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही एक पेटेंट पर 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति, परीक्षण सुविधाओं के लिए 1 करोड़ रुपए तक सहायता और इसरो, इन-स्पेस और आईएसओ प्रमाणन के लिए 75 प्रतिशत प्रतिपूर्ति (अधिकतम 10 लाख रुपए) का प्रावधान किया गया है। डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव और इनक्यूबेशन सुविधाओं के लिए भी विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। विश्वस्तरीय अधोसंरचना का होगा विकास नीति में स्पेसटेक उद्योगों को 40 प्रतिशत तक पूंजी अनुदान (अधिकतम 150 करोड़ रुपए) दिया जाएगा। महिला उद्यमियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा। स्पेस सिस्टम एवं एप्लीकेशन पार्क, परीक्षण प्रयोगशालाएं, क्लीन रूम और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग आधारित डेटा सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

---

# रिटायर पुलिस अफसरों का होली सम्मेलन - मेंटरशिप सेंटर चलाने पर बनी सहमति

**कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा**

**स्नेह मिलन समारोह आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य पुलिस सेवा पेंशनर्स एसोसिएशन का होली मिलन व स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया।

इस संगठन में भोपाल और उसके आसपास निवास करने वाले उप पुलिस अधीक्षक से लेकर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्तर तक के सेवानिवृत अधिकारीगण शामिल है। कार्यक्रम में संस्था के नव निर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा की गई एवं परिचय कराया गया संस्था के अध्यक्ष केबी शर्मा, उपाध्यक्ष सलीम खान, सचिव नरेंद्र सक्सेना, सहसचिव एस के पंथी, वित्त सचिव मोहित वरवंडकर, मीडिया प्रभारी शंभू नाथ मुखर्जी एवं कार्यकारिणी के सदस्य सर्वश्री गिरीश बोहरे, जवाहर पटले, प्रशांत शर्मा नवीन अवस्थी एवं डी.पी. जुगादे को बनाया गया है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिन सदस्यों का जन्म दिवस था उन्हें बधाई के साथ पुष्प कुछ से अभिनंदन किया गया, अध्यक्ष के द्वारा संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई जिसमें नए पुलिस अधिकारियों के लिए मेंटरशिप कार्यक्रम एवं सदस्यों के साथ व्यक्तिगत संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना तय किया।

# सात दिवसीय 'किसान सेवा पखवाड़ा' आज से आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्रदेशभर में 23 से 29 मार्च तक सात दिवसीय 'किसान सेवा पखवाड़ा' अभियान मनाया जाएगा। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह छाबड़ा ने बताया कि यह अभियान किसानों के प्रति सेवा, सम्मान और समर्पण की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

छाबड़ा ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 23 एवं 24 मार्च को प्रदेश के 62 मंडियों में किया जाएगा। इस दौरान किसानों के लिए प्याऊ (शीतल जल सेवा) तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे किसानों को राहत एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन उन्नत कृषक, जैविक कृषक, बागवानी कृषक, पशुपालक एवं प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम किसानों के उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने और उन्हें समाज में विशेष पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। अभियान के अंतिम चरण में 29 मार्च को प्रदेश की 62 मंडियों में 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें किसान बड़ी संख्या में शामिल होकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुनेंगे और उनसे प्रेरणा प्राप्त करेंगे। किसान मोर्चा का यह 'किसान सेवा पखवाड़ा' प्रदेशभर में किसानों के बीच संवाद, सेवा और सम्मान का संदेश लेकर जाएगा तथा संगठन और किसान समुदाय के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत करेगा।

## पूर्व विधायक सकलेचा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# कोदो-कुटकी खरीदीः बिना खरीदी 50 लाख के पीपी बैग का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में श्री अन्न (कोदो-कुटकी) प्रोत्साहन योजना एक बार फिर विवादों में आ गई है। योजना के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने आरोप लगाया है कि आदिवासी किसानों से कोदो-कुटकी की खरीदी किए बिना ही करीब 50 लाख रुपए के पीपी (पॉलीप्रोपाइलीन) बैग खरीद लिए गए, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

शिकायत मुख्यमंत्री मोहन यादव तक पहुंचाई गई है, जिसमें पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। आरोप है कि पिछले दो वर्षों में न तो किसानों से फसल की खरीदी की गई और न ही उन्हें किसी प्रकार का भुगतान किया गया।

### पंजीयन के नाम पर वसूले 300 रुपए

बावजूद इसके खरीदी प्रक्रिया के नाम पर बड़ी राशि खर्च कर दी गई। पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि श्री अन्न प्रोत्साहन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीओ) के माध्यम से खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई। बिना किसी स्पष्ट प्रक्रिया के पीपी बैग मनमाने तरीके से खरीदे गए, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका गहरा गई है। पंजीयन के नाम पर वसूली का आरोप मामले में एक और गंभीर आरोप यह है कि किसानों से पंजीयन के नाम पर 300 रुपए तक वसूले गए।

---

## प्रदेश का 4.38 लाख करोड़ का बजट बढ़ाएगा आर्थिक विकास की गति, किसान समृद्धि पर विशेष ध्यान

## राजस्व आधिक्य का अनुमान, पूंजीगत व्यय 80 हजार करोड़ से अधिक

# 18.48 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचेगी मध्यप्रदेश की जीएसडीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में मोहन सरकार के अथक प्रयासों से राज्य की अर्थव्यवस्था 2026-27 में 18.48 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगी। राज्य के बजट प्रावधानों को देखते हुए उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। वर्ष 2025-26 में जीएसडीपी 16.48 लाख करोड़ रुपए रही जो अब बढ़ रही है। राज्य की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपए के बजट में विकास, सामाजिक सुरक्षा और अधोसंरचना विस्तार को केंद्र में रखा है।

सरकार के प्रयासों से स्पष्ट है कि वित्तीय वर्ष के अंत में 44 करोड़ रुपए का राजस्व आधिक्य रहेगा। बजट में अधोसंरचना और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए 80 हजार 266 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय प्रस्तावित किया गया है। यह राज्य के जीएसडीपी का 4.80 प्रतिशत है। इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों, शहरी अधोसंरचना और ग्रामीण विकास परियोजनाओं को नई गति मिलेगी।



फाइल फोटो।

### कई प्रमुख विभागों के आवंटन में उल्लेखनीय

विकास योजनाओं को गति देने के लिए कई प्रमुख विभागों के आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। ग्रामीण विकास विभाग के बजट में 37 प्रतिशत, नगरीय विकास एवं आवास विभाग में 16 प्रतिशत, महिला एवं बाल विकास विभाग में 26 प्रतिशत, राजस्व विभाग में 43 प्रतिशत और स्कूल शिक्षा विभाग में 11 प्रतिशत की वृद्धि होगी। आगामी वर्ष में ग्रामीण आधारभूत संरचना, शहरी सुविधाओं और सामाजिक क्षेत्र को मजबूत बनाया जाएगा।

### अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 17 प्रतिशत राशि

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए इस वर्ष 23 हजार 747 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। वहीं सामाजिक और आर्थिक उत्थान से जुड़ी योजनाओं के लिए 1 लाख 83 हजार 708 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 26 प्रतिशत और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 17 प्रतिशत राशि निर्धारित है। बजट में नई दीर्घकालिक योजनाओं की भी घोषणा की गई है। द्वारका योजना के तहत अगले तीन वर्षों में 5 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। स्वामित्व योजना के लिए 3 हजार 800 करोड़ रुपए तथा यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना के लिए 700 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालन गतिविधियों को बल मिलेगा।

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी

राज्य की राजकोषीय स्थिति के अनुसार कुल राजस्व प्राप्तियां 3 लाख 8 हजार 703 करोड़ रुपए अनुमानित हैं, जबकि पूंजीगत प्राप्तियां 80 हजार 694 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वर्ष 2026-27 में अधोसंरचना विकास, कृषि सशक्तिकरण, महिला कल्याण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को गति देने के साथ राज्य की आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की रणनीति पर काम होगा। विकास और कल्याणकारी योजनाओं के बीच संतुलन स्थापित करने के प्रयासों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### लाड़ली बहना के लिए 23 हजार 800 करोड़

महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार की प्रमुख योजना लाड़ली बहना योजना के लिए इस बजट में लगभग 23 हजार 800 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा वीबीजी राम जी योजना के लिए लगभग 10 हजार 400 करोड़, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के लिए लगभग 5 हजार 500 करोड़ तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए लगभग 4 हजार 600 करोड़ का प्रावधान किया गया है। आगामी सिंहस्थ आयोजन की तैयारियों के लिए भी लगभग 3 हजार करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित है।

### कृषि व किसानों के कल्याण के लिए प्राथमिकता

कृषि और किसानों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 88 हजार 910 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। गैर-बजटीय संसाधनों को सम्मिलित करने पर इस क्षेत्र के लिए 1 लाख 15 हजार करोड़ उपलब्ध होंगे। आय बढ़ाने और कृषि गतिविधियों को आधुनिक बनाने में यह पहल मील का पत्थर साबित होगी।

## पेज एक का शेष...

### पीएम मोदी देश....

मोदी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### गुजरात के मुख्यमंत्री ...

**2. प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक उपलब्धियां (2014 से अब तक)**

- 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी ने भारत के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके नेतृत्व में भाजपा ने तीन दशकों में पहली बार पूर्ण बहुमत (282 सीटें) हासिल किया। इसने गठबंधन की राजनीति के युग को समाप्त कर दिया। 2019 में भाजपा ने 303 सीटें जीतकर अपनी स्थिति और मजबूत की। 2024 में 240 सीटों के साथ एनडीए गठबंधन ने सत्ता बरकरार रखी। जवाहरलाल नेहरू के बाद प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीन कार्यकाल के लिए नियुक्त होने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री हैं।

**3. लगातार पीएम रहने के मामले में इंदिरा का रिकॉर्ड तोड़ा**

-उन्होंने पिछले साल इंदिरा गांधी (4,077 दिन) को लगातार प्रधानमंत्री रहने के मामले में पीछे छोड़ दिया है। सितंबर 2025 में अपने तीसरे कार्यालय के दौरान वे लगातार सबसे लंबे समय तक पीएम रहने वाले भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बन गए। साथ ही वे पहले गैर-कांग्रेसी नेता हैं जिन्होंने लगातार दो पूर्ण कार्यकाल पूरे किए हैं।

**4. लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री**

पीएम मोदी लगातार 4319 दिन से प्रधानमंत्री पद पर हैं और उन्होंने बीते साल इंदिरा गांधी (लगातार 4,077 दिन) को लगातार पीएम रहने के मामले में पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, बिना किसी रुकावट के लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का सर्वोच्च रिकॉर्ड अभी भी जवाहरलाल नेहरू (16 वर्ष, 286 दिन) के पास है।

### सीधी कलेक्टर...

कार्रवाई रविवार को अचानक मुख्यमंत्री के सीधी दौरे के दौरान मिली शिकायतों, गंभीर किस्म की लापरवाही और प्रशासनिक कामकाज की समीक्षा के बाद की गई। दौरे के दौरान आम जनता और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए थे। दरअसल, सीधी में उनके सामने एक विवाद आया, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चिन्हित भूमि पर डीजे परिसर के निर्माण के लिए जमीन आवंटित कर दी गई। इतना ही नहीं, इस फैसले के चलते एक गरीब परिवार का मकान बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया गया। जैसे ही यह मामला तूल पकड़ने लगा और स्थानीय स्तर पर विरोध शुरू हुआ, प्रशासन को पीछे हटना पड़ा और बुलडोजर कार्रवाई रोकनी पड़ी। अब सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा को बनाया गया है। सीएम ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों को यह संदेश देना चाहता हूं कि यदि वे फील्ड में रहकर आमजन की समस्याओं का निराकरण नहीं कर सकते तो उन्हें फील्ड में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उनकी शिकायतें आती हैं तो उन्हें वल्लभ भवन में बैठना उचित है।

### पुलिस अधीक्षक सोनी...

गया। जबकि नियम है कि 10 लाख से ऊपर की राशि जब्त करने पर इनकम टैक्स को सूचना होती है। इस मामले में पुलिस ने मोटी रकम पकड़ी और बाद में छोड़ भी दी। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीर कदाचरण माना और एसपी को तत्काल हटाने को निर्देश दिए। एसपी सोनी को पीएचक्यू में एआईजी बनाया गया है।

### खरगोन की तरह ...

अनियमितताओं और शिकायतों के मद्देनजर उठाया गया है। खरगोन में धनवाल के पदस्थ रहते हुए 110 करोड़ के घोटाले के मामले में जांच में भूमिका सामने आई है। ऐसी ही कई शिकायत गुना के दौरान भी मिली है। धनवाल इससे पहले भी विवादित रहे चुके हैं। वे जहां भी रहे, वहीं करोड़ों के घोटाले हुए पर पहली बार उनके खिलाफ कार्रवाई हुई। इससे पहले वे साठगांठ कर बच जाते थे। इस बार नहीं बच पाए।

### देश में ऊर्जा ....

को मजबूत करने, वितरण व्यवस्था सुधारने और जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी दी। उच्च स्तरीय बैठक में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, बंदरगाह और जहाजरानी मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर, खाद्य, उपभोक्ता मामले मंत्री प्रल्हाद जोशी और नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू भी शामिल हुए। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और प्रधानमंत्री के दो प्रधान सचिव पीके मिश्रा और शक्तिकांत दास ने भी इसमें शिरकत की।

**बिजली की दिक्कत नहीं होगी:** बैठक में पीएम को जानकारी दी गई कि सभी विद्युत संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार होने से भारत में बिजली की कोई कमी नहीं होगी। इसी तरह रसायन, फार्मास्यूटिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों द्वारा आवश्यक आयात के स्रोतों में विविधता लाने के लिए कई उपायों पर चर्चा की गई। यह भी तय किया गया कि भारतीय वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए निकट भविष्य में नए निर्यात गंतव्य विकसित किए जाएंगे।

**पीएम ने दी सरकार के प्रयासों की जानकारी:** बैठक में पीएम मोदी ने देश में ऊर्जा संकट दूर करने के लिए हो सरकार की ओर से हो रहे कूटनीतिक प्रयासों की जानकारी दी जिनमें कई शासनाध्यक्षों से हुई द्विपक्षीय वार्ता भी शामिल है। पीएम मोदी ने खाड़ी देशों, ईरान, इस्राइल, फ्रांस के राष्ट्राध्यक्षों से बात की है। पीएम ने बीते शनिवार को ईरानी राष्ट्रपति से एक सप्ताह में दूसरी बार बात की और युद्ध के दौरान दूसरे देशों के ऊर्जा भंडारों पर हो रहे हमले को अस्वीकार्य बताया।

**होर्मुज और वैश्विक असर पर चिंता?:** बैठक में होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भी चिंता जताई गई, जहां से दुनिया की बड़ी मात्रा में तेल और गैस सप्लाई गुजरती है। इस रास्ते में किसी भी तरह की रुकावट का सीधा असर वैश्विक बाजार और भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। सरकार ने साफ किया कि वह हालात पर लगातार नजर रख रही है और हर संभावित स्थिति के लिए तैयार है।

### बैठक में क्या...

पेट्रोकेमिकल सेक्टर के लिए आयात स्रोतों में विविधता लाने का निर्णय
- नए निर्यात बाजार विकसित करने की योजना
- शॉर्ट, मीडियम और लॉन्ग टर्म रणनीति तैयार होगा
- वैश्विक हालात पर लगातार नजर रखने और त्वरित प्रतिक्रिया की रणनीति
- ऊर्जा संकट से निपटने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करने पर जोर
- समुद्री मार्गों और वैश्विक सप्लाई रूट्स की सुरक्षा पर ध्यान
- उद्योग और आम लोगों पर असर कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाने का निर्देश

### कई जज राजा ....

2026 में कही, जहां वे 'विकसित भारत में न्यायपालिका की भूमिका' विषय पर बोल रहे थे। जस्टिस भुयान ने साफ कहा कि न्यायपालिका के अंदर ही कुछ लोग जांच एजेंसियों के प्रति जरूरत से ज्यादा झुकाव रखते हैं। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ता है, क्योंकि उन्हें लंबे समय तक जेल में रहना पड़ता है, जबकि कई मामलों में वे दोषी भी साबित नहीं होते। उन्होंने चिंता जताई कि आजकल बहुत मामूली मामलों में भी एफआईआर दर्ज हो रही है। जैसे, सोशल मीडिया पोस्ट या मीम, छात्रों के प्रदर्शन, सामान्य विरोध या आंदोलन। इन मामलों में जांच चलती रहती है और बाद में ये केस सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच जाते हैं, जिससे कोर्ट का समय भी बहुत खर्च होता है। जस्टिस भुयान ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) में हजारों केस दर्ज हुए, लेकिन बहुत कम मामलों में ट्रायल पूरा हुआ। यूएपीए में भी गिरफ्तारी बहुत ज्यादा, लेकिन सजा बहुत कम। जस्टिस भुयान ने कहा कि असली विकसित भारत वही होगा जहां असहमति को अपराध न माना जाए और अलग-अलग विचारों को सहन किया जाए। इसके साथ ही समाज में बराबरी और न्याय हो। उन्होंने कहा कि अगर लोग अपने विचार भी नहीं रख सकते, तो वह विकसित समाज नहीं हो सकता।

### पूर्वी गोदावरी में ...

दर्द, पेशाब न आना और किडनी का अचानक काम करना बंद कर देना शामिल था, जिसके चलते कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यह मामला 22 फरवरी को सामने आया, जब चौदेश्वरननगर और स्वरूपनगर इलाकों से किडनी फेल होने के गंभीर लक्षणों वाले कई मरीजों की रिपोर्ट मिली। स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक महामारी की जांच शुरू की। प्रयोगशाला जांच के नतीजों से पता चला है कि 16 पीड़ितों की मौत एथिलीन ग्लाइकॉल नामक जहरीले पदार्थ से दूषित दूध पीने के बाद किडनी फेल होने के कारण हुई। कोरुकोंडा मंडल के नरसपुरम गांव में स्थित एक डेयरी यूनिट से 100 से अधिक परिवारों को दूध की सप्लाई की जाती थी। इस यूनिट को ही मिलावट का संदिग्ध स्रोत माना गया, जिसके बाद वहां से दूध की सप्लाई तुरंत रोक दी गई। पुलिस ने 22 फरवरी को बीएनएसएस की धारा 194 के तहत एक मामला दर्ज किया। संदिग्ध दूध विक्रेता को हिरासत में ले लिया, जबकि फोरेंसिक टीमों ने परिसर की जांच की और सबूत इकट्ठा किए।

### केबल टूटने से ....

20 फीट नीचे गिर गए। इसी दौरान ऊपर जा रही दूसरी ट्रॉली भी संतुलन खोकर गिर गई। उसमें बैठे लोग भी घायल हो गए। ज्यादातर घायल रायपुर के रहने वाले हैं। कलेक्टर ने कहा है कि केबल कैसे टूटा, इसकी जांच की जा रही है। रोपवे की 2 ट्रॉली हादसे का शिकार हुई है। पहले ट्रॉली के श्रद्धालु दर्शन कर लौट रहे थे। तभी केबल टूटने से ट्रॉली अनियंत्रित हो गई। लगभग 20 फीट नीचे पहाड़ी की चट्टान से जा टकराई। इस जोरदार झटके के कारण ट्रॉली में बैठे लोगों को गंभीर चोटें आईं। एक युवती ने दम तोड़ दिया। इसी दौरान नीचे से ऊपर जा रही ट्रॉली भी बीच में अनियंत्रित हुई। जिससे ये ट्रॉली भी नीचे गिर गई। इसमें बैठे लोगों को भी चोट आई है।

### 3 लाख कर्मचारियों ....

बैंकों में दोबारा होल्डिंग खाते खोलने की अनुमति दे दी है। केंद्र के एसएनए स्पर्श मॉड्यूल के कारण पुराने होल्डिंग खाते बंद कर दिए गए थे। इन योजनाओं में बजट का हिस्सा केंद्र और राज्य के बीच बंटा होता है, तकनीकी मिलान न होने के कारण भुगतान अटक रहा था। इस नई व्यवस्था से महिला एवं बाल विकास विभाग की 1.90 लाख आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, स्वास्थ्य विभाग के एनआरएचएम संविदा कर्मी, आशा कार्यकर्ता और मनरेगा के तहत कार्यरत प्रशासनिक अमले को समय पर मानदेय या वेतन मिल पाएगा। वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी पेंशन अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों से ज्यादा भुगतान की वसूली करना पूरी तरह अवैध है। उन्होंने कहा कि यदि धोखाधड़ी न हुई हो तो, चतुर्थ कैटेगरी कर्मचारियों से किसी भी स्थिति में वसूली नहीं की जाएगी।

### जर्जर पुल से ....

इसका निर्माण या मरम्मत अब तक नहीं कराई गई। हादसे के समय पुलिया के दोनों ओर न तो बैरिकेडिंग की गई थी और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था। अंधेरे में तेज रफ्तार बाइक सवार युवक पुलिया से नीचे गिर गए। वे नीचे रखे सीमेंट पाइप से टकरा गए, जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रमोद कुमार नरेती (24), संतलाल उइके (23), शिवम यादव (17) और गंगाराम उइके (22) के रूप में हुई है। रविवार को बीजाडांडी स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल:** रात में शिनाख्त न हो पाने के कारण पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन रविवार सुबह चारों मृतकों की पहचान कर ली गई। सूचना मिलते ही बीजाडांडी पहुंचे परिजनों का रोकर बुरा हाल है, जिससे अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया।

### रेत माफिया: ट्रैक्टर से ...

बढ़ाई और पुलिस की बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सरकारी वाहन का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। हमले में प्रधान आरक्षक सुदामा रजक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। टक्कर मारने के बाद भागने की कोशिश कर रहे आरोपी चालक संतोष परमार को पुलिस टीम ने मशक्कत और घेराबंदी के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित गिरफ्तार कर लिया। जबकि बाकी फरार हो गए। घटना को लेकर एसडीओपी मुख्यालय विजय भदौरिया ने बताया कि रेत खनन माफिया पर कार्रवाई करने पुलिस टीम गई थी। रेत की ट्रेक्टर ट्रॉली दिखी तो उसे रोकने का इशारा किया, लेकिन ट्रैक्टर चालक ने पुलिस वाहन को ही टक्कर मार दी।

### धूप और नमी ...

और रात का पारा अभी सामान्य से औसतन 3 से 4 डिग्री तक कम होने से अभी गर्मी असर करेगी। साथ ही अगले तीन से चार दिन में भी पारा धीरे-धीरे बढ़ेगा, जिससे भीषण गर्मी से राहत रहेगी। इसका प्रमुख कारण हवाओं में बदलाव है।

मौसम केंद्र के अनुसार अगले 4 दिन में पारा 4 डिग्री तक बढ़ेगा। सबसे अधिक बढ़त भोपाल में 3.6 डिग्री की रही। रात में सर्वाधिक वृद्धि सागर में 2.9 डिग्री दर्ज हुई। बादल-हवाओं में बदलाव से खंडवा में दिन का तापमान सामान्य से 6.6 और टीकमगढ़ में 6.4 डिग्री कम रहा है। सर्वाधिक अधिकतम पारा नर्मदापुरम में 37.7 डिग्री रहा, जबकि सबसे कम रात का पारा करोंदी(कटनी) में 9.4 डिग्री रहा है।

## स्व कैलाश नारायण सारंग स्मृति नौवां ऑल इंडिया मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट

# कॉर्पोरेट ग्रुप में साहेब इलेवन ने सुपर हिटर्स को 9 विकेट से दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओल्ड कैंपियन मैदान में स्व. कैलाश नारायण सारंग (बाबूजी) की स्मृति मे आयोजित नौवीं मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को कॉर्पोरेट ग्रुप में साहेब इलेवन और सुपर हिटर्स के मध्य मैच खेला गया, जिसमे सुपर हिटर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर हिटर्स की टीम 19 ओवर में 141 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इनमें अंकित लोधी ने 57, सौरभ यादव ने 22 और अंकित गुप्ता ने 17 रन की पारी खेली।

अतिरिक्त के रूप में 9 रन मिले। साहेब इलेवन के विनोद पाल ने 28 रन देकर 3 विकेट जबकि जोंटी, अमेय, संकेत दुबे, आशुतोष और रवि ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में साहेब इलेवन की टीम ने 9.1 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाकर यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। साहेब इलेवन की तरफ से आतिशी बल्लेबाजी करते हुए लवीन मंघानी ने 26 गेंद पर 53, अमेय दुबे ने 16 गेंद पर 42, जबकि पियूष टंडन ने 14 गेंद पर 36 रन का योगदान दिया।

सुपर हिटर्स के गेंदबाज ह अंकित लोधी ने 30 रन देकर एक विकेट लिया। अमेय दुबे को प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया, उन्हें बीडीसीए अम्पायर ब्रजेन्द्र सिंह 'जीतू' ने पुरस्कृत किया।




अमेय दुबे को प्लेयर ऑफ़ द मैच से सम्मानित करते अम्पायर ब्रजेन्द्र सिंह।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1**
**शेड क्र.-7 जवाहर चौक, भोपाल**

निविदा सूचना क्र-108/वलेलि/2025-26 // निविदा सूचना // भोपाल, दि-17.03.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्रं. | निविदा सूचना क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रू लाखों में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 108 | 2026_PWDRB _491724 | वन विहार मार्ग भोपाल के गेट नं.1 से गेट नं. 2 तक मार्ग के मरम्मत एवं बी.टी. रिनुअल का कार्य लम्बाई 4.80 किमी | रू. 1,92,24,000.00 (रू. एक करोड़ बयानवे लाख चौबीस हजार मात्र) | रू. 192240.00 |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 06.04.2026 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्र-1 भोपाल दूरभाष, 0755-2777485

G-27771/25 " स्वच्छता ही सेवा "



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

फार्म हाउस उपलब्ध है
प्राकृतिक सोन्दर्य से भरपूर संपूर्ण सुविधाओं के साथ।
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
अम्बाड़ी हिल्स फार्महाउस
दीवानगंज में मेन विदिशा रोड पर
सम्पर्क करें 9755600569, 9755600827
हर रविवार आफिस से साइट विजिट की सुविधा
आफिसः आदित्य कन्स्ट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल





प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644





नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य. रू. 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ 7225888800
RAI-22,23,24,25

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473


## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6173



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली- 6172 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | ■ | अ | ■ | त | र | ब | त | र |
| ल | ■ | त | म | स | ■ | ह | म | ला | ■ | खै |
| क | श | ■ | ■ | ल | ■ | ल | ■ | ■ | का | ल |
| ■ | ही | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | र | ■ |
| ब | द | मा | श | ■ | र | ■ | च | म | क | ना |
| ■ | ■ | ■ | ल | क्ष | ■ | सी | ना | ■ | ■ | ■ |
| र | त | ज | गा | ■ | आ | ■ | का | म | या | ब |
| ■ | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | च | ■ |
| य | ह | ■ | ■ | म | ■ | य | ■ | ■ | क | म |
| ह | ■ | त | ना | व | ■ | पा | य | ल | ■ | हु |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | ■ | ब | ल | वा |

## सूडोकु नवताल - 6183

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6182 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## खबर संक्षेप

### क्यूब हाईवेज ने आईपीओ के लिए ड्राफ्ट दाखिल किए

**मुंबई।** सेबी में रजिस्टर्ड क्यूब हाईवेज ट्रस्ट ने 5,000 करोड़ के 100 फीसदी ओएफएस के साथ भारत का पहला ऐसा आमंत्रण बनने के लिए आवेदन किया है, जिसमें पूरा इश्यू केवल ऑफर फॉर सेल के जरिए लाया जा रहा है। इस इनविट को क्रिसिल, इंडिया रेटिंग्स और आईसीआरए से एएए क्रेडिट रेटिंग प्राप्त है। इसके शीर्ष पांच सार्वजनिक यूनिटधारकों में बीसीआई आईआरआर इंडिया होल्डिंग्स, लार्सन एंड टुब्रो, मुबाडाला, एसबीआई और कोटक महिंद्रा शामिल हैं।

### क्रोमा की फेस्टिव मेगा डील्स, 70% की कटौती

**मुंबई।** टाटा समूह के भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर क्रोमा ने शानदार 'फेस्टिव ऑफर्स' की घोषणा की है। इस सेल का मुख्य आकर्षण हैं लैपटॉप्स, गेमिंग, एआई और डेली कंप्यूटिंग डिवाइसेज पर भारी बचत का मौका मिल रहा है। इसके साथ ही, चुनिंदा एयर कंडीशनर, टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर और अन्य होम अप्लायंसेज पर भी आकर्षक ऑफर्स उपलब्ध हैं। फेस्टिव मेगा डील्स के दरमियान कीमतों पर 70 फीसदी तक की कटौती है। क्रोमा के ये ऑफर्स ग्राहकों के लिए नए और बेहतर फीचर्स वाले डिवाइसेज में अपग्रेड करने का एक शानदार मौका हैं।

# पाबंदी से होटल व्यवसाय ठप, निर्बाध आपूर्ति बहाल करने की मांग की और ज्ञापन भी सौंपा

## भोपाल होटल एवं रेस्तरां संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रमुख सचिव से मिला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश में रसोई गैस के भारी संकट और व्यावसायिक सिलेंडरों की किल्लत को लेकर भोपाल होटल एवं रेस्तरां संघ के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली के नेतृत्व में व्यवसायियों का प्रतिनिधिमंडल प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी से मुलाकात की है।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रशासन द्वारा कमर्शियल गैस आपूर्ति पर सख्त पाबंदी के कारण होटल व्यवसाय ठप होने की कगार पर है, जिसके समाधान पर चर्चा की और गैस की निर्बाध आपूर्ति बहाल करने की मांग की और ज्ञापन सौंपा। संगठन के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने बताया कि भोपाल के होटलों, रेस्तरांओं, ढाबों, खानपान सेवाओं और संबद्ध खाद्य सेवा प्रतिष्ठान रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों के अभाव में संचालन व्यवस्था में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने मांग की, कि भोपाल के पंजीकृत होटलों और रेस्तरांओं को उनकी वास्तविक परिचालन आवश्यकताओं के आधार पर वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों का एक सीमित कोटा आवंटित किया जाए। प्रत्येक प्रतिष्ठान को आवश्यक रसोई संचालन बनाए रखने और खाद्य सेवाओं में व्यवधान से बचने के लिए वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर प्रदाय किए जाए। उल्लेखनीय है कि राजधानी भोपाल में एलपीजी सिलेंडर की गंभीर किल्लत से लगभग 2,000 से अधिक होटल और रेस्तरां बंद होने की कगार पर हैं। इस संकट के चलते हजारों कर्मचारियों की आजीविका पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। जिस कारण भोपाल के होटलों और रेस्तरांओं में गंभीर चिंता का माहौल बना हुआ है।


मुलाकात

### होटल संचालक बोले- 20 फीसदी नहीं हमें चाहिए 50 फीसदी गैस सिलेंडर, ठप हो गया धंधा

मध्य प्रदेश में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत ने होटल और रेस्टोरेंट उद्योग की कमर तोड़ दी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका, ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध के कारण देश में गैस आपूर्ति बाधित हुई है। केंद्र सरकार द्वारा शुरुआत में आपूर्ति बंद करने के बाद इसे 20 प्रतिशत तक बहाल करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर यह राहत अब तक व्यवसायियों तक नहीं पहुंच सकी है।

### केंद्र सरकार के आदेश पर भी नहीं हो रहा अमल

मध्य प्रदेश होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सूरी ने खाद्य आपूर्ति सचिव रश्मि अरुण शमी से भोपाल में संपर्क किया। प्रदेश भर के होटल संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि केंद्र के 20 प्रतिशत आपूर्ति के आदेश के बावजूद राज्य सरकार की ओर से अब तक कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं हुए हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर वितरण व्यवस्था ठप पड़ी है। सूरी ने कहा हमने सरकार के सामने अपनी मांगे रखी हैं और हमें उम्मीद है कि जल्द से जल्द हमें मदद मिलेगी। होटल और रेस्टोरेंट एसोसिशन से लाखों लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है। सभी के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

### सभी होटलों के लिए एक जैसे नियम सही नहीं

सुमित सूरी के अनुसार संगठन की प्रमुख मांग है कि वर्तमान 20 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए ताकि व्यवसायों का संचालन सुचारू रूप से हो सके। इसके अलावा उन्होंने एक नया प्रस्ताव भी रखा है कि सभी संस्थानों के लिए आपूर्ति का एक समान नियम नहीं होना चाहिए। होटलों की श्रेणी और उनकी मांग के आधार पर गैस का कोटा निर्धारित किया जाना चाहिए। बड़े संस्थानों को उनकी खपत के अनुसार अधिक और छोटे संस्थानों को उनके अनुपात में गैस उपलब्ध कराई जानी चाहिए। साथ ही पीएनजी सप्लाई को भी मांग के अनुरूप बढ़ाने की मांग रखी गई है।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत का असर... अब सीधे आम लोगों की जेब पर

**भोपाल।** कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की किल्लत अब सीधे आम लोगों की जेब पर असर डाल रही है। भोपाल में होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और चाय-नाश्ते की दुकानों पर खाने-पीने की चीजें महंगी हो गई हैं। रेस्टोरेंट संचालकों ने कीमतें 10 प्रतिशत बढ़ा दिए हैं। उनका कहना है कि कुछ दिन और ऐसी ही स्थिति रही तो खाने-पीने के दाम में और बढ़ाने पड़ेंगे।

होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों का कहना है कि कॅमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग पर खाद्य विभाग टीम की नजर है। अतः कार्रवाई से बचने के लिए विकल्प का उपयोग किया जा रहा है। जिसके चलते खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ाना मजबूरी है अन्यथा उन्हें भारी घाटा उठाना पड़ेगा। भोपाल में छोटे ठेले और नाश्ता दुकानों पर इसका असर सबसे ज्यादा दिख रहा है। कोलार रोड, न्यू मार्केट, एमपी नगर और भेल इलाके में पाया गया कि ज्यादातर दुकानों ने 20 से 30 प्रतिशत तक कीमतें बढ़ाई हैं। कुछ जगहों पर मात्रा भी कम कर दी गई है।

### अभी हम भट्टी और इंडक्शन का सहारा ले रहे हैं

वहीं दफ्तर जाने वाले, छात्र और रोजाना बाहर नाश्ता करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत छात्रों को हो रही है। उन्हें 10 रुपए की चाय अब 12 से 15 रुपए में और 15 से 20 का पोहा 25 से 30 रुपए में मिल रहा है।




व्यवसायियों के अनुसार कमर्शियल सिलेंडर ब्लैक में 4000 रुपए तक में खरीदना पड़ रहा है। गैस संकट के कारण 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लेना पड़ रहा है। पहले 100 से 150 और 180 रुपए में मिलने वाली कॉम्बो थाली अब 210 से 230 रुपए में मिल रही है। कहा जा रहा है कि गैस उपलब्ध न होने से दिक्कत तो हो रही है, मगर अभी हम भट्टी का सहारा ले रहे हैं। कुछ कमी इंडक्शन से भी पूरी की जा रही है। यदि जल्द ही गैस संकट समाप्त हो जाता है, तो दाम बढ़ाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# वाहन मालिकों को राहत : अब एटीएस सेंटर शुरू होने तक वाहनों की होगी मैन्युअल फिटनेस जांच

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआइएमटीसी) द्वारा एटीएस सेंटर शुरू होने तक मैन्युअल फिटनेस जांच जारी रखने की मांग की गई थी, क्योंकि कई जिलों में इनका संचालन शुरू नहीं हुआ था। अब परिवहन विभाग ने मैन्युअल व्यवस्था लागू करने से हजारों वाहन मालिकों, ट्रक-बस आपरेटरों और ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सबरवाल एआईएमटीसी , चेयरमेन सीएल मुकाती ,विजय कालरा , राजेंद्र त्रैहान, हरीश डाबर , राकेश तिवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश के जिन जिलों में निकट भविष्य में स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं, उन जिलों में आरटीओ/एमवीआई द्वारा वाहनों की मैन्युअल फिटनेस जांच की व्यवस्था अस्थायी रूप से पुनः लागू की गई है। यह व्यवस्था तब तक प्रभावी रहेगी जब तक संबंधित जिले में एटीएस पूर्ण रूप से प्रारंभ नहीं हो जाते। एटीएस के शुरू होते ही उन जिलों में मैन्युअल फिटनेस जांच की पुरानी व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सबरवाल एआईएमटीसी , चेयरमेन सीएल मुकाती ,विजय कालरा , राजेंद्र त्रैहान, हरीश डाबर , राकेश तिवारी ने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश के वाहन मालिकों एवं परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों को काफी राहत मिलेगी।


एआई इमेज

## स्कोडा ने रिफ्रेश्ड और अपग्रेडेड नई कुशक लांच की



**मुंबई।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने रिफ्रेश्ड और अपग्रेडेड नई कुशक की कीमतों और कस्टमर डिलीवरी शुरू होने की घोषणा कर दी है। इस साल जनवरी में लांच हुई नई कुशक वैल्यू, सेफ्टी, ड्राइविंग डायनामिक्स के मामले में सबसे आगे है और पूरी रेंज में यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए लाने की ब्रांड की स्ट्रैटेजी को आगे बढ़ाती है। नई कुशक1.0 टीएसआई और कुशाक 1.5 टीएसआई दोनों ही स्कोडा ऑटो इंडिया की यूरोपियन इंजीनियरिंग और 5-स्टार रेजिडेंट्स को भारतीय सडक्रों पर अधिक आसानी से चलने वाली मेकिंग की स्ट्रैटजी को फॉलो करती हैं।

# हैकाथॉन में शामिल हुए 40 संस्थानों से आए 400 से अधिक प्रतिभागी

## जेके लक्ष्मीपत विवि में ग्रीक पौराणिक थीम पर राष्ट्रीय हैकाथॉन का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जयपुर

जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय (जेकेएलयू ) ने अपने प्रमुख राष्ट्रीय हैकाथॉन के पांचवें संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया, जिससे नवाचार, सहयोग और भविष्य के लिए तैयार तकनीकी विकास को बढ़ावा देने वाले एक सशक्त मंच के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत किया। करीब 40 संस्थानों से आए 400 से अधिक प्रतिभागियों ने इस हैकाथॉन में हिस्सा लिया।

आयोजित ग्रीक पौराणिक थीम वाले इस आयोजन में प्रतिभागियों को 48 घंटे की गहन विकास प्रक्रिया के दौरान अपने विचारों को कार्यात्मक तकनीकी प्रोटोटाइप में बदलने की चुनौती दी गई। इस हैकाथॉन का मुख्य उद्देश्य वास्तविक जीवन की समस्याओं का समाधान खोजना था, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस और फिनटेक जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतियोगिता की बहु-विषयक प्रकृति ने विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि के छात्रों को उद्योग विशेषज्ञों और शैक्षणिक मार्गदर्शकों के मार्गदर्शन में साथ मिलकर काम करने का अवसर प्रदान किया। पूरे हैकाथॉन के दौरान प्रतिभागियों को उद्योग विशेषज्ञों से मेंटरशिप भी मिली, जिससे वे अपने विचारों को और बेहतर बना सके और व्यावहारिक समाधान विकसित कर सके।



प्रतिभागियों ने लिया हैकाथॉन में हिस्सा

### जेकेएलयू की टीम ओकटाइन प्रथम उपविजेता

*शीर्ष पुरस्कार एलएनएमआईआईटी की टीम मिराज को मिला, जबकि जेकेएलयू की टीम ओकटाइन प्रथम उपविजेता और आर्य कॉलेज की टीम न्यूरोनेस्ट द्वितीय उपविजेता रही। 50 हजार के शीर्ष पुरस्कार सहित अन्य मुख्य पुरस्कारों के अलावा, टीमों को एआई, ब्लॉकचेन, फिनटेक और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी सम्मानित किया गया। हैकाथॉन के पाँचवें संस्करण के विजेताओं को बधाई देते हुए जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय के कुलपति विजय शेखर चेल्लाबोइना ने कहा कि हैकाथॉन में सभी प्रतिभागी टीमों द्वारा दिखाया गया जोश और उत्साह यह दर्शाता है कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ छात्रों को रोजमर्रा की समस्याओं पर सोचने और उन पर काम करने के लिए प्रेरित करती हैं।*

## बिजनेस न्यूज

### भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में 'हिमशिखर 2026' के लिए आवेदन आमंत्रित

**भोपाल।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने सेंटर फॉर कंटिन्यूइंग एजुकेशन के माध्यम से अपने पहले 2-महीने के समर रेजिडेंशियल प्रोग्राम 'हिमशिखर 2026' के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह प्रोग्राम छात्रों और युवा पेशेवरों को उभरती प्रौद्योगिकियों और उद्यमिता के क्षेत्र में उद्योग-अनुकूल कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जिससे अकादमिक और उद्योग के बीच की खाई को पाटा जा सके। यह प्रोग्राम प्रतिभागियों को आईआईटी मंडी परिसर में रहकर सीखने का एक समग्र अनुभव प्रदान करता है, जहां वे फैकल्टी और उद्योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में वास्तविक परियोजनाओं पर कार्य करेंगे। कुल 190 घंटे के इस संरचित कार्यक्रम में 100 घंटे फैकल्टी द्वारा संचालित सत्र, 50 घंटे पीएचडी स्कॉलर्स द्वारा ट्यूटोरियल सत्र, और 40 घंटे उद्योग विशेषज्ञों द्वारा सत्र शामिल हैं। आईआईटी मंडी के सेंटर फॉर कंटिन्यूइंग एजुकेशन के प्रमुख प्रो. तुषार जैन ने कहा, हिमशिखर 2026 प्रोग्राम अकादमिक उत्कृष्टता, राष्ट्रीय स्किलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और परिणाम-उन्मुख प्रशिक्षण का समन्वय है। प्रत्येक मॉड्यूल में निर्माण, समस्या-समाधान और वास्तविक टूल्स के साथ काम करने पर जोर दिया गया है। जिसमें यह प्रोग्राम मई 2026 में शुरू होगा, जिसमें 16 मई 2026 से रिपोर्टिंग और 18 मई 2026 से कक्षाएं प्रारंभ होंगी।

### बीपीसीएल ने कटे होंठ और तालू से जूझ रहे बच्चों के जीवन में लाई नई उम्मीद

**भोपाल।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)- बीना रिफाइनरी ने स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से मध्य प्रदेश के सागर और भोपाल संभाग के बच्चों को जीवन बदलने वाली कटे होंठ और तालू कि उपचार सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। यह कार्यक्रम कॉर्पोरेट प्रतिबद्धता, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सेवाओं और जमीनी स्तर पर जागरूकता प्रयासों को एक साथ लाकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि संसाधनों की कमी या सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण कोई भी कटे होंठ और तालू से प्रभावित बच्चा उपचार से वंचित न रहे। अक्टूबर 2025 से अब तक सागर और भोपाल संभाग के लगभग 250 बच्चों को इस साझेदारी के अंतर्गत सुरक्षित, निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण कटे होंठ और तालू की सर्जरी प्रदान की जा चुकी हैं । बीपीसीएल - बीना रिफाइनरी के जनरल मैनेजर शिरीष चां दे कर ने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से हम केवल चिकित्सकीय उपचार का ही समर्थन नहीं कर रहे हैं।

### सैमसंग ने बनाया 'स्मार्टथिंग्स फैमिली केयर' के साथ स्मार्ट लिविंग को बेहतर

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने कहा कि उसने स्मार्टथिंग्स फैमिली केयर फीचर के साथ 'स्मार्ट लिविंग' को और बेहतर बनाया है। सैमसंग स्मार्टथिंग्स प्लेटफॉर्म के साथ इंटीग्रेटेड और सैमसंग बीस्पोक एआई होम अप्लायंसेज के अनुकूल, यह फीचर घर के मैनेजमेंट को सरल बनाता है और रोजमर्रा की दिनचर्या में सुधार करता है। यह अपडेट स्मार्टथिंग्स प्लेटफॉर्म की क्षमताओं का विस्तार करता है ताकि परिवारों को एक-दूसरे से जुड़े रहने और अपने प्रियजनों की देखभाल करने में मदद मिल सके। सैमसंग स्मार्टथिंग्स को बीस्पोक एआई होम अप्लायंसेज से जोड़कर, स्मार्टथिंग्स फैमिली केयर यूजर्स को उन लोगों की कुशलता के बारे में जानकारी देता है जिनकी वे परवाह करते हैं।

### अब आईवीएफ उपचार योजनाएं अधिक व्यक्तिगत होती जा रहीं : डॉ. सोनल

**नई दिल्ली।** बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ भोपाल की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. सोनल चौकसी का कहना है कि आधुनिक आईवीएफ उपचार अब अत्यंत व्यक्तिगत हो गए हैं, जो मरीज की विशिष्ट जरूरतों के अनुसार उच्च सफलता दर के लिए कस्टमाइज्ड केयर और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी प्रदान करते हैं। डॉक्टर पेशेंट्स की मेडिकल हिस्ट्री, उम्र और अन्य महत्वपूर्ण कारकों को ध्यान में रखते हुए उपचार की दिशा तय कर पाते हैं। भारत में आईवीएफ उपचार की लागत अलग-अलग क्लिनिक्स, दवाओं और आवश्यक जांचों के आधार पर बदल सकती है। आम तौर पर एक आईवीएफ साइकल की लागत लगभग 1.0 से 1.5 लाख के बीच हो सकती है, जो क्लिनिक, दवाओं और अतिरिक्त प्रक्रियाओं पर निर्भर करती है। कई परिवारों के लिए यह केवल इच्छा का नहीं, बल्कि समय और आर्थिक व्यवस्था का प्रश्न बन जाता है।

### पहली बार दिसंबर 2025 तक 18.3 करोड़ भारतीयों ने खुद चेक किया अपना सिबिल स्कोर

**मुंबई ।** दिसंबर 2025 तक पहली बार अपने क्रेटिट की निगरानी करने वाले ग्राहकों में साल-दर-साल 27 फीसदी की वृद्धि हुई। अलग-अलग आयु वर्ग के कुल 18.3 करोड़ भारतीयों ने खुद अपना सिबिल स्कोर चेक किया। यह गति इस बात का संकेत है कि क्रेडिट जागरूकता अब एक प्रमुख वित्तीय आदत के रूप में व्यापक रूप से अपनाई जा रही है। सिबिल फॉर एव्री इंडियन-अनकवरिंग हाउ इंडिया ओन्ड इट्स क्रेडिट जर्नी इन 2025 के अनुसार जो काम पहले काफी हद तक आवश्यकता पड़ने पर सिर्फ लोन से जुड़ा होता था, वह अब नियमित रूप से उपभोक्ताओं द्वारा की जाने वाली एक आदत और वित्तीय अनुशासन का मुख्य हिस्सा बन गया है। ट्रांसयूनियन सिबिल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार क्रेडिट मॉनिटरिंग अब केवल कर्ज लेने का साधन मात्र नहीं रह गया है। यह आत्म-जागरूकता, अनुशासन और सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण टूल बन गया है।

### डॉ. रेड्डीज लैबोरेट्रीज ने लांच किया 'ओबेडा' ब्रांड का पहला सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन

**हैदराबाद।** डॉ. रेड्डीज लैबोरेट्रीज लिमिटेड 'ओबेडा' ब्रांड नाम के तहत अपने इंजेक्टेबल सेमाग्लूटाइड के लांच की घोषणा की। यह भारत में टाइप 2 डायबिटीज के प्रबंधन के लिए उन्नत जीएलपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट आधारित थेरेपी तक पहुंच का विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. रेड्डीज जेनरिक सेमाग्लूटाइड के लिए ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ( डीसीजीआई ) से मंजूरी प्राप्त करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। यह लांच पेटेंट समाप्ति के साथ ही इस सेगमेंट में कंपनी की 'डे-1' एंट्री को रेखांकित करता है और भारत में मरीजों की अपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उसकी तत्परता को दर्शाता है। आईसीएमआर-इंडियाब अध्ययन के अनुसार भारत दुनिया में डायबिटीज के सबसे बड़े बोझ वाले देशों में से एक है, जहां 10.1 करोड़ से अधिक वयस्क इस बीमारी से प्रभावित हैं। अध्ययन के अनुसार, डायबिटीज की व्यापकता 11.4 फीसदी है, जबकि लगभग हर 10 में से 4 वयस्क पेट के मोटापे से ग्रस्त हैं। इसके अलावा, लगभग 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटिक हैं, जिससे उनमें इस बीमारी के विकसित होने का उच्च जोखिम है। डॉ. रेड्डीज के ओबेडा ने प्रभावकारिता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं दिखाई और इसकी सुरक्षा प्रोफाइल ओरिजिनेटर दवा के समान रही।

## सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र की वार्षिक बैठक 25 को

# विकास, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर ध्यान होगा केंद्रित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), पश्चिमी क्षेत्र, बुधवार 25 मार्च को अपनी वार्षिक बैठक 2026 के साथ 'विकास, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को गति प्रदान करना' विषय पर एक सम्मेलन आयोजित करेगा।

इस शिखर सम्मेलन में उद्योग उद्योग जगत के लिडर्स, नीति निर्माता, विचारकों और स्टार्टअप्स को एक साथ होंगे। ताकि विनिर्माण, नवाचार, स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सहित भारत के परिवर्तन के प्रमुख कारकों पर चर्चा हो सकें। पश्चिमी भारत देश के औद्योगिक और निर्यात विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे यह संवाद भारत की वैश्विक आर्थिक स्थिति के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है।

## 'व्हाट द सिग्मा' नाम की एक अनोखी रिसर्च स्टडी जारी

# कंटेंट और कॉमर्स की मिली-जुली दुनिया में जी रही है जेन अल्फा: कपूर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फ्यूचर ब्रांड्स कंसल्टिंग के साथ मिलकर एएससीआई एकेडमी ने 'व्हाट द सिग्मा' नाम की एक अनोखी रिसर्च स्टडी जारी की है। यह अध्ययन 7 से 15 साल के बच्चों (जेनरेशन अल्फा) पर केंद्रित है, जिसमें देखा गया है कि वे इस हाइपर-डिजिटल माहौल में मीडिया और कंटेंट से कैसे जुड़ते हैं और कमर्शियल मैसेज को कैसे पहचानते व समझते हैं। एएससीआई एडट्रस्ट समिट 2026' में पेश की गई यह स्टडी छह भारतीय शहरों में की गई गहन रिसर्च पर आधारित है। इसमें घरों में जाकर इंटरव्यू लिए गए और भाई-बहनों व दोस्तों के बीच की बातचीत को समझा गया। साथ ही माता-पिता, शिक्षकों, काउंसलर्स, मनोवैज्ञानिकों, मार्केटर्स और किड-इन्फ्लुएंसर्स के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

Development Commissioner (Handicrafts)
Ministry of Textiles, Govt. of India
International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

हस्तशिल्प प्रदर्शनी

दिनांक 16 मार्च से 25 मार्च 2026 तक
समय - दोप. 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक
स्थान- महाकाली ग्राउंड बस स्टेण्ड के पास
पिपरिया जिला नर्मदापुरम ( म.प्र. )

संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री स्वयं हस्तशिल्पियों द्वारा

आपके शहर में विश्वप्रसिद्ध भदोही का कारपेट, भागलपुर की सिल्क साड़ियाँ व सूट्स, उज्जैन की बटिक प्रिन्ट, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोजी व जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट, मधुबन की मधुबनी पेंटिंग, प्रयागराज का ड्राई फ्लावर, हैदराबाद की कलमकारी, कोटा राजस्थान का हैड ब्लॉक प्रिंट, चंदेरी साड़ी, महोबा यू.पी. का आर्ट मेटल, बिहार की मिथिला पेंटिंग, जयपुर का लेदर वर्कस, पश्चिम बंगाल का जामदानी सिल्क साड़िया, पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौने और बहुत कुछ आप एक बार पधारकर शिल्पियों का उत्साहवर्धन अवश्य करें।



50 स्टॉल्स

प्रायोजक :
कार्यालय विकास आयुक्त ( ह. )
वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
www.handicrafts.nic.in

आयोजक :
मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल

## न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी अभयारण्य औबेदुल्लागंज (जिला-रायसेन म.प्र.) पिन कोड-464993

क्रमांक/787 // सूचना विज्ञप्ति // औ.गंज, दिनांक 10.03.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार वाहन रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज के अंतर्गत मुखबिर की सूचना के आधार पर परिक्षेत्र देलावाडी अंतर्गत दिनांक 03.03.26 को बीट बारधा के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 577 के पास गश्ती के दौरान समय 02.16 AM पर अवैध परिवहन करते हुए वाहन मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. (लाल) क्रमांक, इंजिन नं., चेसिस नं. मिटा/घिसा हुआ से सागौन चरपट 06 नग 0.212 घ.मी. जप्त किया जाकर इस कार्यालय में राजसात की प्रक्रिया विचाराधीन है:-

| क्रं. | वाहन क्रमांक / वाहन का विवरण | पी.ओ.आर. न. / दि. | वाहन मालिक /आरोपी का नाम | वाहन का क्रमांक / वाहन मालिका का नाम | वन अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल का नाम | परिक्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. (लाल) क्रमांक, इंजिन नं, चेसिस नं. मिटा/घिसा हुआ। | 42360/7 दिनांक 03.03.26 | अज्ञात | अज्ञात | परिक्षेत्र देलावाडी के दिनांक 03.03.26 को समय 02.16 AM बीट बारधा के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 577 के पास गश्ती के दौरान से वाहन मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. (लाल) क्रमांक, इंजिन नं., चेसिस नं. मिटा/ घिसा हुआ से अवैध परिवहन करते हुए सागौन चरपट 06 नग 0.212 घ.मी. जप्त | परिक्षेत्र देलावाडी की बीट बारधा के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 577 के पास | देलावाडी |

यदि कोई व्यक्ति उक्त वाहन के संबंध में हित रखता है तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज में प्रातः 11.00 उपस्थित होकर अपना वाहन संबंधी दस्तावेज एवं पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। सूचना पत्र आज दिनांक 10.03.26 को मेरी पद एवं मुद्रा से जारी किया गया।

( मयंक राज ) स.व.स. , सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज

G-27763/25 " स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

# एआई सहयोगी होना चाहिए, मालिक नहीं

तकनीक का हर नया दौर अपने साथ संभावनाओं का उजाला और आशंकाओं की छाया दोनों लेकर आता है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उसी मोड़ पर खड़ा है, जहां उससे हमारी उम्मीदें भी बहुत बड़ी हैं और सावधानियां भी उतनी ही जरूरी। हाल ही में जस्टिस सूर्यकांत ने जो बात कही, वह सिर्फ न्यायपालिका ही नहीं, पूरे समाज के लिए एक दिशा-सूचक सिद्धांत है यानी एआई सहयोगी होना चाहिए, मालिक नहीं। बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विवादों की रोकथाम और समाधान' विषय पर सीजेआई ने स्पष्ट किया कि एआई को न्यायिक प्रणाली में इस तरह शामिल किया जाना चाहिए, जिससे वह व्यवस्था को मजबूत करे, न कि उसकी मूल आत्मा को कमजोर कर दे। यह कथन केवल एक चेतावनी नहीं, बल्कि भविष्य की न्याय व्यवस्था का खाका भी है। आज अदालतों में लंबित मामलों का अंबार है। वर्षों तक चलने वाली सुनवाई, दस्तावेजों का भारी बोझ और जटिल प्रक्रियाएं, ये सब न्याय की गति को धीमा कर देते हैं। ऐसे में एआई का उपयोग बड़े पैमाने पर डेटा संभालने, पैटर्न पहचानने और प्रक्रियागत देरी को कम करने में बेहद उपयोगी हो सकता है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या एआई को फैसले सुनाने का अधिकार मिलना चाहिए? यहीं पर सीजेआई की बात सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। न्याय केवल तथ्यों का गणित नहीं है, यह मानवीय संवेदनाओं, नैतिकता और परिस्थितियों की गहराई से जुड़ा हुआ है। एक जज अपने अनुभव, विवेक और तर्कशक्ति के आधार पर निर्णय लेता है। एआई, चाहे कितना भी उन्नत क्यों न हो, इन मानवीय गुणों की बराबरी नहीं कर सकता। एआई के निर्णय पूरी तरह उसके प्रशिक्षण डेटा पर आधारित होते हैं। यदि उस डेटा में कोई पक्षपात या कमी है तो उसका असर फैसलों पर भी पड़ सकता है। इससे न्याय की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। यही कारण है कि एआई को केवल एक सहायक उपकरण के रूप में सीमित रखना ही बुद्धिमानी है। इसके अलावा, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और पारदर्शिता भी दांव पर लग सकती है। यदि फैसले एआई पर निर्भर होने लगें तो जवाबदेही किसकी होगी। मशीन की या उसे बनाने वाले प्रोग्रामर की? यह एक जटिल नैतिक और कानूनी प्रश्न है, जिसका अभी स्पष्ट उत्तर नहीं है। इसलिए जरूरी है कि अंतिम निर्णय का अधिकार हमेशा इंसानों के पास ही रहे। दरअसल, एआई का सही उपयोग वहीं है, जहां वह इंसानी क्षमता को बढ़ाए, न कि उसे प्रतिस्थापित करे। जैसे एक अच्छा सहायक अपने मालिक के काम को आसान बनाता है, वैसे ही एआई को भी न्यायाधीशों और वकीलों के लिए एक सहायक की भूमिका निभानी चाहिए। दिशा तय करने का अधिकार हमेशा इंसानी बुद्धि और विवेक के पास ही रहना चाहिए। आज जब दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है, तब यह संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। तकनीक को अपनाना समय की मांग है, लेकिन आंख मूंदकर उस पर निर्भर हो जाना खतरनाक हो सकता है। एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्याय, अंततः इंसानों के लिए और इंसानों द्वारा ही किया जाने वाला कार्य है। यह कहना गलत नहीं होगा कि एआई एक शक्तिशाली साधन है, लेकिन उसकी शक्ति का सही उपयोग ही उसे वरदान या अभिशाप बनाता है। जस्टिस सूर्यकांत का यह संदेश हमें याद दिलाता है कि तकनीक को अपने नियंत्रण में रखना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।



दृष्टिकोण
अखिलेश आर्येन्दु

# पश्चिम एशिया संघर्ष से बढ़ती दुश्वारियां

हैरान करने वाली बात यह है कि यह संघर्ष अब घोर प्रतिक्रियावादी दिशा की तरफ जाता दिखाई दे रहा है। अभी जितना विनाश हुआ है, दुनिया भर में उससे अभी और कितना विनाश होगा, कहना मुश्किल है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, ब्रिक्स, नाटो जितने भी कूटनीतिक और रणनीतिक समूह हैं, वे भी मिलकर इस संघर्ष को रुकवाने में सफल नहीं होते दिखाई दे रहे हैं। जरूरत है युद्ध संकट के दौर में राजनेता, विपक्षी दल, व्यापारी, शासन के अधिकारी और जनता देशहित में एक साथ मिलकर देश को किसी भी तरह के संकट से बचाने के लिए आगे आएं। इससे देश में किसी भी तरह का कृत्रिम संकट पैदा नहीं होगा।

जैसे-जैसे पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होता जा रहा है, वैसे-वैसे दुनिया के अधिकांश देशों में तमाम तरह की समस्याएं और संकट बढ़ता जा रहा है। इसका असर आर्थिक क्षेत्र में पड़ ही रहा है, साथ ही होटल, पर्यटन उद्योग, चिकित्सा पर्यटन, पर्यावरण, जहाजरानी, एयरलाइंस (उड़ानों), ऊर्जा सुरक्षा, धर्मशाला पर्यटन, गैस संकट, उद्योग धंधों और शेयर बाजार पर गहराई से पड़ा है। अभी कहना मुश्किल है कि कब तक यह संघर्ष चलेगा और कितनी गंभीर समस्याएं और बढ़ेंगी। हैरान करने वाली बात यह है कि यह संघर्ष अब घोर प्रतिक्रियावादी दिशा की तरफ जाता दिखाई दे रहा है। अभी जितना विनाश हुआ है, दुनिया भर में उससे अभी और कितना विनाश होगा, कहना मुश्किल है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, ब्रिक्स, नाटो जितने भी कूटनीतिक और रणनीतिक समूह हैं, वे भी मिलकर इस संघर्ष को रुकवाने में सफल नहीं होते दिखाई दे रहे हैं।

संघर्ष के 20 दिन गुजर गए हैं। इन बीते दिनों में पश्चिम एशिया के देशों के संघर्ष के दौरान मिसाइलों, ड्रोन, बमों और दूसरे हथियारों के इस्तेमाल से सबसे ज्यादा विनाश हुआ है तो वह है पर्यावरण का। संघर्ष से महज वायु प्रदूषित नहीं हुई है बल्कि जल, भूमि और पारिस्थितिक तंत्र की अपूरणीय क्षति हुई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि संघर्ष की वजह से भारी तादाद में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन हो रहा है जिससे 33.2 से ज्यादा मिलियन मीट्रिक टन कार्बनडाइआक्साइड के बराबर जहरीली गैसों का उत्सर्जन हुआ है, जो जार्डन जैसे देश के कुल वार्षिक उत्सर्जन के बराबर है। वहीं पर तेल रिफाइनरियों और गैस प्लांटों पर हमले से काली बारिश जैसे मंजर दिखाई देने लगे हैं। इससे इजराइल, ईरान, कुवैत, अरब अमीरात जैसे देशों में ही वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या पैदा हुई है, बल्कि पश्चिम एशिया के तमाम देशों तक इसका गंभीर असर दिखाई देने लगा है। बेतहाशा बमबारी की वजह से तमाम शहरों में मलबों का अंबार लग गया है और खतरनाक रसायन मिट्टी और भूजल में मिल रहे हैं। इससे समुद्र, नदी, पाताल सभी जगह का पानी जहरीला होता जा रहा है। तमाम इलाकों में पीने वाले पानी की ही किल्लत पैदा नहीं हुई है, बल्कि सिंचाई व घरेलू इस्तेमाल में आने वाले पानी की किल्लत हो गई है। बमबारी और मिसाइलों से तहस-नहस हुए इलाकों का डरावना मंजर देखकर युद्ध की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। समाचार एजेंसियों के मुताबिक मलबा इतना ज्यादा है कि युद्ध रुकने के बाद भी ऐसे इलाकों में रहना मुमकिन नहीं होगा, क्योंकि बमों से निकले जहरीले रसायनों और गैसों से महीनों तक वातावरण पूरी तरह जहरीला बना रहेगा। बहुत बड़ी तादाद में होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल के जहाज तैर ही नहीं रहे हैं, बल्कि समुद्र में बहुत बड़ी तादाद में तेल फैल रहा है। इससे समुद्री पारिस्थितिक तंत्र को बहुत नुकसान पहुंच रहा है। इस नुकसान की भरपाई कर पाना नामुमकिन बताया जा रहा है। जाहिर तौर पर पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहे खाड़ी क्षेत्र के देशों के लिए पानी की बढ़ती किल्लत से जल संकट बढ़ रहा है, जिससे हालात और भी ज्यादा गंभीर होते जा रहे हैं। जितनी समस्याएं, संकट और दुश्वारियां बढ़ रही हैं, वे बढ़ते संघर्ष का नतीजा है। इसलिए युद्ध रुकवाना सबसे जरूरी है। संघर्ष रुकवाने की जितनी कोशिशें अभी तक



हुईं हैं, वे नाकाम साबित हुई है। इसका असर लोगों में दहशत, पलायन और भुखमरी के रूप में सामने आया है। जानकारों के मुताबिक संघर्ष की वजह से 2026 में मध्य-पूर्व में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की तादाद में 11 से 27 प्रतिशत तक की कमी आने की उम्मीद है। इससे पर्यटन क्षेत्र में 34 से 56 मिलियन डालर का नुकसान होने की उम्मीद है। भारत सहित कई देशों की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें आए दिन रद्द हो रही हैं। इससे पर्यटकों की तादाद में भारी कमी देखी जा रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास संघर्ष की वजह से पर्यटकों की आवाजाही पर प्रतिकूल असर देखा जा रहा है। होटलों, धर्मशालाओं की बुकिंग में भारी कमी आई है। वहीं, उद्योग धंधों पर भी असर पड़ा है। पिछले 20 दिनों से जारी संघर्ष का असर भारत सहित एशिया के देशों पर पड़ा है। उद्योग जगत पर इसका सीधा असर देखा जा रहा है। गैस संकट की वजह से भारत में उन उद्योगों पर गहरा असर दिखाई दे रहा है, जहां गैस की खपत ज्यादा होती थी। सर्वेक्षण के मुताबिक भारतीय उद्योग धंधों में 30 प्रतिशत से अधिक की उत्पादन में कमी आई है। बड़ी विनिर्माण कंपनियों से लेकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रमों तक तमाम कंपनियां उत्पादन के मामले में बहुत अधिक संघर्ष कर रही हैं। कच्चा माल और पर्याप्त ईंधन न मिलने की वजह से भी उत्पादन में भारी गिरावट आई है। स्टील, पेंट, आयरन उत्पादन, बड़े उत्पादन क्षेत्रों में कार्यरत रसोई, मशीन निर्माण सहित तमाम क्षेत्रों पर गैस की कमी की बात कही जा रही है। भारतीय होटलों, ढाबों, रेस्तरांओं और कैंटीनों में भी गैस की समस्या की बात कही जा रही है। भारत में यह बड़े स्तर पर नहीं है, लेकिन जानकारों का कहना है कि यदि संघर्ष का दौर आगे बढ़ता जाएगा तो समस्या आनी तय है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बमबारी और मिसाइलों के हमलों से निकल रही जहरीली गैसें उन देशों तक पहुंच सकती हैं जो देश इस संघर्ष में किसी भी तरह शामिल नहीं हैं। यही नहीं, संघर्ष पर नजदीक से नजर रखने वाले पर्यटक और पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम के तमाम मुल्कों में युद्ध में विस्थापित लोगों के पुनर्वास की समस्या विकराल हो सकती है, जिससे देशों के सीमा से सटे देश में सुरक्षा की बहुत बड़ी समस्या पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। गौरतलब है पिछले दो सालों में रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान यूक्रेन से हजारों की तादाद में लोग को अपना पुश्तैनी निवास छोड़कर उन जगहों पर शरण लेनी पड़ी, जहां उनके योग-क्षेम की व्यवस्था बहुत कम थी। युद्ध विस्थापकों की समस्या दुनिया की तमाम विस्थापित समस्याओं में बहुत गंभीर देखी गई है। ईरान और दूसरे देशों से विस्थापित लोग उस तरफ रुख कर रहे हैं, जहां वे अपने लिए सुरक्षित समझ रहे हैं। इनकी मदद की अपील दुनिया के तमाम मानवाधिकार पर कार्य करने वाली संस्थाएं कर रही हैं, लेकिन अभी वैसी मदद इन्हें नहीं मिल रही है, जिसकी इन्हें जरूरत है। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दुनिया में हाहाकार मचा था। जापान सहित दुनिया के तमाम देशों के हालात बेहद नाजुक हो गए थे। इस संघर्ष को लेकर भी कहा जाने लगा है कि यदि समझदारी और संवाद के जरिए युद्ध खत्म करने पर रजामंदी नहीं हुई तो, एक बार फिर दुनिया एक नए विश्व युद्ध के दायरे में आ सकती है। भारत अपनी कूटनीति और रणनीति के जरिए पूरी कोशिश में है कि जितनी जल्द हो सके, संघर्ष विराम के लिए तीनों देश रजामंदी कर लें। भारत कहता रहा है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। इससे सभी देशों में संकट और समस्याएं बढ़ेंगी। जरूरत है युद्ध संकट के दौर में राजनेता, विपक्षी दल, व्यापारी, शासन के अधिकारी और जनता देशहित में एक साथ मिलकर देश को किसी भी तरह के संकट से बचाने के लिए आगे आएं। इससे देश में किसी भी तरह का कृत्रिम संकट पैदा नहीं होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

शहीदी दिवस
डॉ. घनश्याम बादल



# स्वाधीनता की दहाड़ और इंकलाब की अनुगूंज

आज है 23 मार्च। एक ऐसी शख्सियत को उनकी पुण्यतिथि पर याद करने का दिन। 28 सितंबर 1907 को वर्तमान पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लायलपुर में जन्मे, अपनी जवानी को मातृभूमि पर चढ़ाने वाले उस जोशीले नौजवान का नाम था भगत सिंह, जिसे उसकी दादी 'भागोंवाला' कहा करती थी। शायद उसका जन्म ही आजादी दिलवाने के लिए हुआ था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के विराट आख्यान में भगत सिंह का नाम केवल एक क्रांतिकारी के रूप में नहीं, बल्कि एक विचार, एक चेतना और एक सतत प्रतिरोध की परंपरा रूप में दर्ज है। अंग्रेजी सत्ता के मन में उनका कितना भय था, यह इसी से पता चलता है कि उनकी फांसी की तारीख 24 मार्च तय हुई थी, लेकिन 23 मार्च को ही सुबह 7:30 बजे उन्हें राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी पर चढ़ा दिया गया था। 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में उन्हें फांसी दी गई, तब वे महज 23 वर्ष के थे, किंतु उनकी वैचारिक परिपक्वता, वैचारिक निर्भीकता और राजनीतिक स्पष्टता ने उन्हें अपने समय से कहीं आगे खड़ा कर दिया। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करना केवल एक औपचारिक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उस असहज प्रश्न से सामना करना भी है कि क्या हमने उस भारत का निर्माण किया, जिसकी कल्पना उन्होंने की थी। भगत सिंह का जीवन एक साधारण देशभक्त युवक से एक प्रखर वैचारिक क्रांतिकारी बनने की यात्रा है। जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उनके मन पर जो अमिट छाप छोड़ी, उसने उनके भीतर अंग्रेजी सत्ता के प्रति गहरा आक्रोश पैदा किया। किशोर अवस्था में ही उन्होंने खेतों में खून से सनी मिट्टी को बोतल में भरकर अपने साथ रखा। यह प्रतीक था उस प्रतिज्ञा का, जो उन्होंने अन्याय के विरुद्ध ली थी। आगे चलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़कर उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों को संगठित रूप दिया। कार्ल मार्क्स, लेनिन और अन्य समाजवादी चिंतकों के साहित्य ने उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाया।



उनकी प्रसिद्ध उक्ति "क्रांति की तलवार विचारों की सान पर तेज होती है" इस बात का प्रमाण है कि वे विचारों की शक्ति को सर्वोपरि मानते थे। उनकी शायरी और लेखन में भी यह वैचारिक ताप स्पष्ट दिखाई देता है-चाहे वह "सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है" जैसी पंक्तियों के प्रति उनका अनुराग हो या जेल में लिखे गए उनके लेख, जिनमें एक स्वतंत्र, समतामूलक और वैज्ञानिक दृष्टि वाले समाज की परिकल्पना झलकती है। सांडर्स हत्याकांड और केंद्रीय विधानसभा बम कांड में उनकी भूमिका ने ब्रिटिश सरकार को उन्हें एक ख़तरनाक क्रांतिकारी के रूप में स्थापित करने का अवसर दिया। किंतु यह भी उतना ही सच है कि असेंबली में फेंका गया बम जान लेने के लिए नहीं, बल्कि "बहरों को सुनाने" के लिए था। उन्होंने स्वयं गिरफ्तारी दी ताकि अदालत को अपने विचारों के प्रचार का मंच बना सकें। यह एक असाधारण राजनीतिक रणनीति थी, जिसने उन्हें एक सच्चा सरदार और जननायक बना दिया। जेल में उनके संस्मरण और लेखन उनकी वैचारिक ऊंचाई को और स्पष्ट करते हैं। "मैं नास्तिक क्यों हूं" जैसे लेख में उन्होंने धार्मिक आस्थाओं पर प्रश्न उठाते हुए तर्क और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समर्थन किया। उनके द्वारा की गई लंबी भूख हड़ताल, जिसमें उन्होंने भारतीय कैदियों के साथ हो रहे भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई, उनके मानवीय और नैतिक पक्ष को उजागर करती है। आज के संदर्भ में भगत सिंह की प्रासंगिकता केवल एक क्रांतिकारी प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि एक वैचारिक मार्गदर्शक के रूप में अधिक महत्वपूर्ण है। उनकी शहादत हमें यह भी सिखाती है कि राष्ट्रभक्ति केवल भावनात्मक आवेग नहीं, बल्कि एक विवेकपूर्ण और जिम्मेदार प्रतिबद्धता है। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक अध्ययन जारी रखा, विचार किया और अपने समय की राजनीतिक परिस्थितियों का विश्लेषण किया। यह बौद्धिक ईमानदारी ही उन्हें अन्य क्रांतिकारियों से अलग करती है। आज जब हम उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हैं तो यह आवश्यक है कि हम उन्हें केवल नारों और प्रतीकों तक सीमित न करके रह जाएं। भगत सिंह का असली सम्मान तभी होगा जब हम उनके विचारों-वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक न्याय और निर्भीक अभिव्यक्ति-को अपने जीवन और समाज में आत्मसात करें। उनकी शहादत एक ऐतिहासिक घटना भर नहीं, बल्कि एक सतत प्रेरणा है, जो हर पीढ़ी से यह प्रश्न पूछती है कि क्या हम उस आजादी के योग्य हैं, जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## सटाका




## आज की पाती

### याद रखना हमेशा, वन हैं तो हम हैं

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर, 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। तब से हर वर्ष की 21 मार्च को यह दिवस मनाया जाता रहा है। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि यह हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि अब वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है। वनों की रक्षा के लिए सरकार, नागरिकों तथा संस्थाओं को मिल कर काम करना होगा।

*– मीना मलिक, हिसार*

## ट्रेंड

### नए युग को आकार



मोदी जी की दशकों की सेवा ने एक नए युग को आकार दिया है। चाहे गरीबों को उनके अधिकार दिलाना हो, विकास में नए मुकाम हासिल करना हो या वैश्विक मंचों पर राष्ट्र का गौरव बढ़ाना हो, मोदी युग ने भारत को पूरी तरह से बदल दिया है।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### आयुष्मान भारत योजना



हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत योजना लागू करने का निर्णय लिया ताकि जरूरतमंद परिवारों को 10 लाख तक के मुफ्त इलाज का सहारा मिल सके। आज 7 लाख से ज्यादा परिवारों के पास आयुष्मान भारत योजना का सुरक्षा कवच है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### हवाई यात्रा का किराया



हवाई यात्रा का किराया मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। मोदी सरकार हवाई किराए पर लगी सीमा को हटा रही है, जिससे टिकटों की कीमतों में भारी मुद्रास्फीति हो सकती है। सरकार को हवाई किराए को अधिक प्रभावी ढंग से विनियमित करने पर काम करना चाहिए।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### चाटुकारिता की दुकानें



गैस ने 'चाट' की दुकाने बंद कर दी हैं और जनता का विरोध देखकर 'चाटुकारिता' की भी दुकानें जल्दी ही बंद हो जाएंगी... उनके शटर गिरना तो शुरू ही हो चुके हैं...बस ताला लगना बाक़ी है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

### 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' जानलेवा : नया अध्ययन

'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' (जीवाणु जनित मस्तिष्क ज्वर) एक बार फिर दुनियाभर में सुर्खियों में है। इस बीमारी के हाल में सामने आए मामले न्यूजीलैंड के ओटागो विश्वविद्यालय और इंग्लैंड के केंट विश्वविद्यालय से जुड़े हैं। 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' को एक गंभीर और जानलेवा बीमारी माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का अनुमान है कि इससे संक्रमित लगभग हर छह में से एक व्यक्ति की मौत हो जाती है, भले ही उसे तुरंत चिकित्सकीय देखभाल और एंटीबायोटिक उपचार मिला हो। यह आंकड़ा भयावह है जिस पर अकसर बात होती है लेकिन इस बारे में अधिक बात नहीं की जाती कि इस अत्यधिक संक्रामक रोग से बच जाने वाले लोगों के साथ भविष्य में क्या होता है। 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' संबंधी अधिकतर शोध का रुख लगभग एक जैसा रहा है और उनमें मुख्य रूप से उस गंभीर चरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है जब लोग अस्पताल में भर्ती होते हैं और उनका उपचार चल रहा होता है लेकिन इससे इस धारणा को भी बल मिलता है कि 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' एक अल्पकालिक बीमारी है जबकि ऐसा नहीं है। अंतरराष्ट्रीय साक्ष्य बताते हैं कि अधिकतर मरीजों को इलाज के काफी बाद तक भी शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक स्तर पर इसके असर झेलने पड़ते है।



## ऑफ बीट

### खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद

जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3 .4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# सीमा पार से बुना गया बाबा चंद्रशेखर की मौत का ताना-बाना, उठे सवाल

### मथुरा में बाबा की हत्या पर आक्रोश बढ़ा

एजेंसी ▶▶ मथुरा

ईद पर तड़के गोतस्करों की तलाश में निकले गो भक्त बाबा की मौत के बाद बवाल नहीं होता, लेकिन राजनीति और सीमा पार से आए कुछ लोगों ने बवाल को बढ़ाने में हवा दी। जांच में सामने आया है कि हरियाणा और अलवर के कुछ लोग घटनास्थल पर लोगों को उकसाया। अधिकारियों के समझाने पर लोग समर्थक जाम खोलने पर सहमत हो गए थे, लेकिन चंद स्थानीय लोगों ने राजनीति चमकाने के लिए लोगों को उकसा कर जाम नहीं खुलने दिया। जांच में सामने आया है कि इसी दरमियान अलवर और हरियाणा से कथित गोसेवक वहां पहुंच गए थे।

### सख्त कार्रवाई करेगी पुलिस

उन्होंने पुलिस को लाठियां फटकराने का आदेश दिया तब पुलिसकर्मियों ने हंगामा करने वालों को खदेड़ा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह का कहना है कि कोसी में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी। हादसा खराब मौसम और कोहरे के कारण हुआ। कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। जांच के बाद ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जांच में खुलासा: मामले को हवा देने में लगे थे बाहरी



### हाईवे किनारे लावारिस मिलीं कई बाइकें

बाबा की मृत्यु के बाद उपजे जनाक्रोश ने शनिवार को हिंसक रूप ले लिया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प और पथराव के बाद पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें हाईवे किनारे लावारिस हालत में मिली बाइकों को जब्त कर लिया। वाहनों को छाता कोतवाली परिसर में खड़ा करवा दिया है। पुलिस अब इन वाहनों के नंबरों के आधार पर उनके मालिकों की पहचान कर रही है।

### दो प्राथमिकी होंगी दर्ज शिनाख्त शुरू

बवाल के मामले में देर रात तक पुलिस उन प्रदर्शनकारियों को चिह्नित किया, जिन्होंने पुलिस पर पथराव किया। बाबा की सड़क हादसे में मौत की प्राथमिकी ट्रक चालक के विरुद्ध दर्ज की जाएगी। दूसरी प्राथमिकी हाईवे पर बवाल करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से दर्ज करेगी। इसके लिए पुलिस हंगामे के दौरान पथराव व गाड़ियों में तोड़फोड़ करने वालों को चिह्नित कर रही है।

### 24 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

हंगामे और पथराव के मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अपना लिया है। घेराबंदी के आधार पर पत्थरबाजी में शामिल कई लोगों को चिह्नित कर हिरासत में ले लिया है। गोसेवक दक्ष चौधरी समेत 24 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सरकारी कार्य में बाधा डालने और अफवाह फैलाने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने सभी को थाने लेकर पहुंचे। एसएसपी श्लोक कुमार ने लोगों ने अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाली पोस्ट शेयर न करें।

## फरसा वाले बाबा के हत्यारों को बीच चौराहे फांसी दी जाए: बागेश्वर बाबा

**छतरपुर।** फरसा वाले बाबा उर्फ चंद्रशेखर की कुचलकर हत्या के मामले ने अब सियासी और धार्मिक



मोड़ ले लिया है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए दोषियों को फांसी देने की मांग की है। महाराज ने मंच से स्पष्ट किया कि सनातन के लिए आवाज उठाने वालों को दबाने की कोशिश हो रही है।

### प्रशासन सो रहा..., सनातन को खत्म किया जा रहा: देवकीनंदन



प्रखर आध्यात्मिक गुरू और कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने इस वारदात पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे 'साजिश' करार दिया। प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए हैं। सनातन को खत्म किया जा रहा। पुलिस और खुफिया तंत्र को इस तरह की खबर क्यों नहीं मिलती।

## खबर संक्षेप

### 19 राज्यों में आंधी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग ने देश के कई हिस्सों में आने वाले दिनों में गरज-चमक के साथ



बारिश, बिजली गिरने, तेज हवाओं और ओलावृष्टि की संभावना जताते हुए व्यापक अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ और कई चक्रवाती सिस्टम के प्रभाव से मौसम में यह बड़ा बदलाव आया है। मणिपुर, मिजोरम त्रिपुरा में व्यापक बारिश की संभावना है।

### पहली बार एक मेज पर आए सरकार और कुकी

**इंफाल।** मणिपुर से एक बड़ी खबर है। करीब 3 वर्ष से जारी जातीय संघर्ष के बीच सीएम युमनाम



खेमचंद सिंह ने शनिवार शाम गुवाहाटी में कुकी-जो काउंसिल के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ घंटों तक बैठक की। बंद कमरे में चली बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पौने दो घंटे तक चली इस बातचीत ने अशांति की जमी हुई बर्फ को पिघलाने का काम किया है।

### असम के कमांडो शिविर पर उग्रवादियों का हमला

**गुवाहाटी।** रविवार रात को उग्रवादियों ने असम पुलिस के कमांडो शिविर पर हमला कर दिया।



इसमें 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार उग्रवादियों को पकड़ने अभियान चलाया जा रहा है। हमले की घटना तिनसुकिया जिले के जागुन में हुई। उग्रवादियों ने कई आरपीजी दागीं। सुरक्षाकर्मियों ने जवाब दिया।

### रायपुर में सफाई के लिए गए 3 की मौत

**रायपुर।** रायपुर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के अंदर सेप्टिक टैंक की सफाई होनी थी। इसके लिए 10



लोगों के एक ग्रुप ने 7 हजार में ठीका लिया था। इस काम के लिए सेप्टिक टैंक में गए तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में प्रशांत कुमार, गोविंद सेंद्रे और 32 वर्षीय अनमोल माचखंड शामिल थे। ये सभी नगर पालिका के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारी थे।

### अंतिम मतदाता सूची से पहले बंगाल में अलर्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने



के लिए खास निर्देश दिए हैं। 23 मार्च को राज्य में पूरक मतदात सूची जारी होनी है। इस दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए सावधानी बरतने को कहा गया है। यहां के गृह और पर्वतीय मामलों के विभाग ने यह आदेश जारी किया है।

## बिहार दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य सरकार को लिखा पत्र

# बिहार ने आध्यात्मिकता के साथ नैतिक मूल्यों से समाज को समृद्ध- सुखी किया

### देश की पहचान में दिया अमूल्य योगदान

बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश को पत्र लिखकर उन्हें और बिहार के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीएम ने कहा बिहार दिवस, राज्य के समृद्ध इतिहास, सामर्थ्य और परंपराओं का उत्सव मनाने का दिन है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली पटना

बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर उन्हें और बिहार के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सीएम नीतीश को लिखे पत्र में पीएम ने कहा कि बिहार दिवस, राज्य के समृद्ध इतिहास, सामर्थ्य और परंपराओं का उत्सव मनाने का दिन है। यह भारत की सशक्त पहचान में बिहार के अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की धरती ने प्राचीन काल से ही ज्ञान, आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों के माध्यम से समाज को समृद्ध किया है। इस धरा पर दिए गए गौतम बुद्ध के विचार आज भी वैश्विक चेतना का हिस्सा हैं और मानवता को मार्ग दिखा रहे हैं। इस भूमि ने चाणक्य जैसे महान कूटनीतिज्ञ का प्रभाव देखा, जिन्होंने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के साथ मिलकर एक सशक्त और संगठित भारत की नींव रखी। यह विरासत आज भी भारत की सोच और दिशा को प्रेरित करती है।

पीएम मोदी ने कहा बिहार के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। मखाना जैसे उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मखाना बोर्ड का गठन किया गया है। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय को बिहार की ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए कहा कि इसे नई पहचान देने का प्रयास किया गया है।

## नीतीश ने आभार जताया,राज्य के विकास व सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया

### बिहारियों की वैश्विक पहचान

पीएम ने कहा कि बिहारवासियों ने देश और दुनियाभर में अपनी मेहनत, ईमानदारी और प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाई है। समाज सेवा, उद्योग, शिक्षा, कला और संगीतहर क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने करीब से देखा है कि बिहार के लोग गुजरात की प्रगति में योगदान दे रहे थे।



स्वतंत्रता संग्राम और लोकतांत्रिक योगदान की चर्चा

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार कई महान विभूतियों की जन्मभूमि और कर्मभूमि रहा है, जिन्होंने भारत की लोकतांत्रिक और बौद्धिक परंपराओं को आकार दिया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बिहार ने देश को नई दिशा दी। सत्याग्रह का उल्लेख भी किया।

### विकास योजनाओं और उपलब्धियों का किया उल्लेख

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार का फोकस बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी और समावेशी विकास पर रहा है। राज्य ने कई काम किए।

### किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

पीएम मोदी ने कहा कि किसान इस बदलाव के केंद्र में हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत बिहार के किसानों को 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में दी गई है।

### कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में रेल और हवाई संपर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पटना हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल का निर्माण, दरभंगा की बेहतर हवाई कनेक्टिविटी और पूर्णिया में नए टर्मिनल भवन का निर्माण उपलब्धियां हैं। उन्होंने औंटा-सिमरिया पुल परियोजना के उद्घाटन के दौरान लोगों के उत्साह को भी याद किया और कहा कि आने वाले समय में बिहार के विकास की गति और तेज होगी।

### नीतीश के नेतृत्व की सराहना की

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके सुशासन और सभी वर्गों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता ने राज्य में विश्वास, स्थिरता और प्रगति की नई धारा शुरू की है। बिहार अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर है।

### सीएम नीतीश ने जताया अभार

नीतीश ने एक्स पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री को बिहार दिवस के



अवसर पर राज्य के प्रति स्नेहपूर्ण संदेश के लिए बिहारवासियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं। हमें गर्व है आपने बिहार की समृद्ध विरासत, संस्कृति और प्रगति के प्रयासों की सराहना की है।

## सरकार ने कंपनियों को निर्देश दिया

# होटल, रेस्तरां और प्रतिष्ठानों को पीएनजी लेने में प्राथमिकता दें

### एलपीजी पर भी व्यापक कदम उठाए जा रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत में गैस संकट की आशंका गहराने लगी थी। लेकिन अब केंद्र सरकार ने हालात संभालने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। सरकार का कहना है कि देश में ईंधन की सप्लाई को स्थिर रखने और आम लोगों पर असर कम करने के लिए व्यापक रणनीति लागू की जा रही है। सरकार ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे होटल, रेस्तरां और कैंटीन जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी कनेक्शन देने को प्राथमिकता दें। इसका मकसद कमर्शियल एलपीजी पर दबाव कम करना है, ताकि गैस की उपलब्धता बनी रहे और बाजार में संतुलन कायम रहे। सरकार ने गैस इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सभी लंबित कामों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को मंजूरी प्रक्रिया तेज करने को कहा गया है।

### एलपीजी सप्लाई में बड़ा इजाफा

कमर्शियल जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एलपीजी सिलेंडर का आवंटन बढ़ा दिया है। राज्यों को अतिरिक्त 20 प्रतिशत एलपीजी दिया गया है। इससे कुल आवंटन 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस अतिरिक्त गैस को होटल, ढाबा, इंडस्ट्रियल कैंटीन और सामुदायिक रसोई जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता से दिया जाएगा।

### कालाबाजारी पर सख्ती और निगरानी बढ़ाई

सरकार ने गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए सख्ती बढ़ा दी है। कई राज्यों में 3500 से ज्यादा छापेमारी की गई है और करीब 1400 सिलिंडर जब्त किए गए हैं। इससे साफ है कि सरकार सप्लाई चेन को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरतना चाहती।

### पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता

सरकार ने भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। सभी रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कहीं भी ईंधन की कमी नहीं है। लोगों से अपील की गई है कि वे घबराकर खरीदारी न करें।

# भाजपा का समर्थन करेंगे मुसलमान टीएमसी का नहीं, हम समान न्याय के लिए लड़ रहे

### पश्चिम बंगाल में दोनों दलों में टकराव चरम पर जा पहुंचा

## बंगाल चुनाव से पहले सुवेंदु अधिकारी ने किया बड़ा दावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार में जुटे राज्य के विपक्ष के नेता और भावानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी का कहना है, मुसलमान भाजपा का समर्थन करेंगे, टीएमसी का नहीं।

सुवेंदु ने कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कहा कि बंगाल की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान बचाना जरूरी है। तृणमूल पर तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सभी के लिए समान न्याय की बात करती है।



### भाजपा- टीएमसी समर्थक भिड़े

बंगाल में बढ़ती राजनीतिक सरगर्मियों के बीच उत्तरी 24 परगना में भाजपा-टीएमसी के समर्थकों के बीच झड़प की खबर है। बारानगर में घटना के बाद हालात पर काबू पाने सुरक्षा बलों को तैनात किया गया। उधर, सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि बंगाल जीतने के बाद उनका अगला पड़ाव दिल्ली होगा।

### पुडुचेरी में एआईएडीएम को 2 सीटें

एनडीए के घटक दल- एआईएडीएमके ने आगामी विधानसभा चुनावों में 2 सीटों पर ताल ठोकने की घोषणा की है। एआईएडीएम के सचिव अनबझगन ने बताया कि पार्टी उप्पलम और ओरलियनपेट से लड़ेगी। एनडीए पुडुचेरी में सत्ता बरकरार रखेगा।

### असम विधानसभा चुनाव: भाजपा प्रवक्ताओं को कमर कसने के निर्देश

भाजपा ने असम में चुनाव प्रचार को गति देने के लिए पार्टी के प्रवक्ताओं को निर्देश दिए हैं। केंद्र के साथ-साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कार्यकाल में हुए काम का प्रचार करने के लिए राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने असम के पार्टी प्रवक्ताओं को जरूरी निर्देश दिए।

## केंद्रीय मंत्री जयंत की मौजूदगी में हो गए शामिल

# त्यागी ने राष्ट्रीय लोक दल का दामन थामा, दोनों पार्टियों में कोई अंतर नहीं

### इस दौरान 'चौधरी' की प्रशंसा भी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के पूर्व वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) का दामन थाम लिया है। सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू छोड़ने के बाद केसी त्यागी रविवार सुबह आरएलडी के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की मौजूदगी में उनकी पार्टी में शामिल हुए। इसके बाद त्यागी ने कहा, अब से ठीक 52 साल पहले 9 अगस्त 1974 को चौधरी चरण सिंह लोकदल बना रहे थे। मैं उस मंच पर विराजमान था। मैं चौधरी चरण सिंह की बदौलत दोनों सदनों का सदस्य रहा हूं। मैं अब विधायक और सांसद बनने के लिए नहीं, बल्कि जयंत चौधरी को चौधरी चरण सिंह की तरह देखने के लिए आया हूं।

### जयंत को चरण सिंह जैसा देखने को आया




### त्यागी के आने से ऊर्जा मिलेगी: जयंत

रालोद अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि एक ही इच्छा त्यागी जी ने प्रकट की है कि हमें चौधरी चरण सिंह जैसा बनना है। हम चौ. चरण सिंह नहीं बन सकते हैं, वे हमारे आदर्श हैं। हमारे दल में नई ऊर्जा और नई ताकत देने वाले केसी त्यागी जी, अशोक यादव जी और सुरेंद्र त्यागी जी बहुत सारे और लोग शामिल हुए हैं।

## भारत खनिज और ऊर्जा आत्मनिर्भरता में उठा रहा बड़ा कदम

# आज से शुरू होगा 19 ब्लॉकों की नीलामी का 7वां चरण

## भारत सरकार ने बोली लगाने वाली कंपनियों को दिया न्योता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपनी खनिज और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। केंद्र सोमवार को देश के खनिजों की नीलामी का 7



वां चरण लॉन्च करने के को तैयार है। इस बार 19 खनिज ब्लॉक्स की बोली लगाई जाएगी। ये ब्लॉक्स अलग-अलग राज्यों में हैं। सरकार ने बोली लगाने वाली कंपनियों को न्योता दे दिया है। नीलामी के साथ सरकार समावेशी विकास पर भी जोर दे रही है। मंत्रालय सोमवार और मंगलवार को 'नेशनल डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन समिट' का आयोजन भी कर रहा है।

### 46 ब्लॉक्स पर दांव

खनन मंत्रालय के अनुसार सरकार अब तक खनिजों की नीलामी के छह सफल दौर पूरे कर चुकी है। इन चरणों में अब तक कुल 46 क्रिटिकल खनिज ब्लॉक बेचे जा चुके हैं। रफ्तार को बरकरार रखते हुए 7वें चरण में 19 ब्लॉक्स को माइनिंग लीज पर देने की तैयारी है।




### नीलामी की कमान दिग्गजों के हाथ होगी

नीलामी के दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे मौजूद रहेंगे। मंत्रालय का मानना है कि इन खनिजों की उपलब्धता भारत को न केवल तकनीक के क्षेत्र में आगे ले जाएगी, बल्कि रणनीतिक क्षेत्रों में भी देश को मजबूत करेगी।

### दुनिया क्लीन एनर्जी,एडवांस टेक्नोलॉजी की ओर भाग रही

पूरी दुनिया अब क्लीन एनर्जी और एडवांस टेक्नोलॉजी की ओर भाग रही है। वैश्विक सप्लाई में उथल-पुथल को देखते हुए भारत ने कमर कस ली है। नीलामी का मुख्य उद्देश्य लिथियम, ग्रेफाइट, दुर्लभ पृथ्वी तत्व, टंगस्टन, वैनेडियम और टाइटेनियम जैसे खनिजों के लिए आयात पर निर्भरता कम करना है। ये स्मार्टफोन की बैटरी से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक में 'बैकबोन' का काम करते हैं।

## केंद्रीय मंत्री खट्टर ने किया ऐलान

# 4 माह में भारत शुरू करेगा घरेलू कार्बन ट्रेडिंग का कार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अगले चार महीनों में घरेलू कार्बन बाजार में औपचारिक ट्रेडिंग



शुरू करेगा। यह घोषणा शनिवार को केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने की। यह कदम देश के कार्बन उत्सर्जन को कम करने और जलवायु संबंधी कार्यों के लिए आर्थिक ढांचा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। भारत बिजली शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान मंत्री ने कहा कि अगले चार महीने में देश में कार्बन बाजार में औपचारिक ट्रेडिंग शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना में भाग लेने के लिए सभी संबंधित पक्षों को पहले पंजीकरण कराना होगा। कार्बन बाजार उत्सर्जन को संतुलित करने का एक तंत्र होगा। जिन कंपनियों के पास कार्बन प्रमाणपत्र होंगे वो उन्हें बेच सकेंगे। जिनके पास नहीं होंगे वो खरीद सकेंगे, ताकि वे अपने दायित्वों को पूरा कर सकें। मंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को देखते हुए जलवायु परिवर्तन पर तत्काल कदम उठाना आवश्यक है।

# ट्रंप बोले- 48 घंटे के भीतर होर्मुज मार्ग खोले ईरान, नहीं तो मचा देंगे तबाही, तेहरान ने कहा- दुश्मनों को छोड़कर सभी के लिए खुला



इजराइल पर जहां मिसाइलें गिरीं हैं वहीं थोड़ी ही दूरी पर परमाणु प्लांट है

ट्रंप की धमकी के बाद ईरान ने इजराइल पर 4 मिसाइलें दागीं, 300 लोग घायल

एआई इमेज



## ब्रिटेन ने परमाणु सबमरीन को किया तैनात

ब्रिटिश मीडिया ने सैन्य सूत्रों के हवाले से बताया कि एक न्यूक्लियर पावर वाली रॉयल नेवी सबमरीन अरब सागर में पहुंच गई है, जो ईरान पर क्रूज मिसाइल से हमला करने में सक्षम है। सबमरीन, एचएमएस एनसन में टॉमहॉक ब्लॉक लैंड-अटैक मिसाइलें और स्पीयरफिश हेवीवेट टॉरपीडो लगे हैं, और माना जा रहा है कि यह उत्तरी अरब सागर के गहरे पानी में है। इसका मतलब है कि अगर लड़ाई बढ़ती है तो ब्रिटिश सेना के पास ईरान पर हमला करने की क्षमता है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अगर प्रधानमंत्री से इजाजत मिलती है, तो एचएमएस एनसन को फायर करने का आदेश दिया जाएगा और यह सतह के करीब जाकर चार मिसाइलें दागेगा। डाउनिंग स्ट्रीट के एक बयान के मुताबिक, शुक्रवार को ब्रिटेन ने अमेरिका को ब्रिटिश बेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देने पर सहमति जताई थी, ताकि ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर हमला करने के लिए इस्तेमाल की जा रही मिसाइल साइट्स और क्षमताओं को नष्ट किया जा सके। जारी बयान में कहा गया कि ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग को सुरक्षित रखने के लिए योजना बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम कर रहा है। इस कदम के बावजूद बयान में जोर दिया गया कि ब्रिटेन बड़े झगड़े में नहीं पड़ना चाहता है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अपने ब्रिटिश समकक्ष यवेट कूपर को ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के हमले में कोई भी मदद न करने की चेतावनी दी और कहा कि इस तरह की मदद से तनाव और बढ़ेगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की नाक में दम करने वाला ईरान किसी भी सूरत में झुकने को तैयार नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी देते हुए कहा कि 48 घंटे के भीतर होर्मुज मार्ग को ईरान खोल दे, वरना तबाही मचा देंगे। ट्रंप का इतना कहना ही था कि ईरान ने सीधे तौर पर कहा कि यह मार्ग दुश्मनों को छोड़कर सभी के लिए खुला। धमकी के बदले ईरान के जवाब को चार घंटे भी नहीं हुए और रविवार को 4 मिसाइलें इजराइल पर दाग दीं, इस हमले में 300 लोग घायल हो गए। इजराइली विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य सेवाओं के अनुसार, घायलों में बच्चे भी शामिल हैं। इससे पहले ईरान ने शनिवार रात भी इजराइल के डिमोना और अराद शहरों पर हमला किया था। यहां इजराइल का बड़ा न्यूक्लियर प्लांट है। ईरान की ओर से यह हमले ट्रंप की धमकी के बाद बढ़े हैं। दरअसल, ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर धमकी देते हुए लिखा- अगर 48 घंटे के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा। शुरुआत सबसे बड़े प्लांट से होगी। वहीं, ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके पावर प्लांट को निशाना बनाया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सभी ऊर्जा ढांचों पर हमला करेगा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने को लेकर ईरान के एक अधिकारी ने उपरोक्त बातें संयुक्त राष्ट्र की समुद्री संस्था से कही।

## ईरान युद्ध में अमेरिका के लड़ाकू विमान गिरे, खुली पोल



खुद को दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य रणनीतिकार बताने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय गहरे सदमे में हैं। साल 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय विमानों के गिराये जाने पर बड़े-बड़े दावे करने वाले डोनाल्ड ट्रंप अब अपने ही विमानों के गिरने पर खामोश हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान-इजराइल युद्ध के शुरुआती 21 दिनों में ही अमेरिका ने कुल 16 मिलिट्री एयरक्राफ्ट खो दिए हैं, जिनमें एफ-35 सहित 4 लड़ाकू विमान और 12 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन शामिल हैं। खास बात यह है कि अमेरिका ने इन मिलिट्री एयरक्राफ्ट में ही तकरीबन 5000 करोड़ रुपए का नुकसान अबी तक उठाया है। इस रकम में ईरान द्वारा मिडिल-ईस्ट के देशों में अमेरिकी बेस पर हुए हमले का नुकसान का जिक्र नहीं है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे की पोल खुल गई है, जो उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान साल 2025 में किया था। हैरानी की बात यह है कि एक तरफ अमेरिका कह रहा है कि ईरान की मिसाइल ताकत खत्म हो रही है, वहीं दूसरी ओर उसे अब तक 5000 करोड़ रुपए से ज्यादा का आर्थिक फटका लग चुका है। एक केसी-135 टैंकर की कीमत 800 करोड़ और एक एफ-15 की कीमत 900 करोड़ रुपये है. अमेरिका इन नुकसानों को 'हादसा' बताकर छिपाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि ईरान ने कतर से लेकर यूएई तक फैले अमेरिकी रडार नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है।

### स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बिछी बारूदी

## जहाजों के लिए मौत की घंटी, जापान ने ईरान के सामने रखा सुरंगें हटाने का प्रस्ताव

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग के केंद्र में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज आ गया है। ये वो रास्ता है, जहां से दुनियाभर में तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित हो गई है। ईरान ने इस जलमार्ग में बारूदी सुरंग बनाई हुई है, जिससे जहाजों पर हमला करके उन्हें पूरी तरह तबाह किया जा सकता है। ईरान की बनाई इस बारूदी सुरंग से दुनिया के सभी देशों को खतरा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग है। इसके बाधित होने से दुनिया में तेल की सप्लाई पर प्रभाव पड़ा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वैश्विक तेल आपूर्ति का करीब 20-25 फीसद हिस्सा संभालता है। यह ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद अहम है और ईरान ने अब इस जलमार्ग को बंद करके दुनिया के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस जलमार्ग में बिछी बारूदी सुरंग से यहां से आने-जाने वाले जहाजों पर हर वक्त बम विस्फोट का खतरा बना रहता है, क्योंकि इस सुरंग का रिमोट कंट्रोल ईरान के हाथ में है। मिडिल ईस्ट में ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहे इस युद्ध का आज 23वां दिन है। जापान ने इस होर्मुज जलडमरूमध्य की बारूदी सुरंग को नेस्तनाबूद करने के लिए प्रस्ताव रखा है। इस जंग के बीच आज रविवार को जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने प्रस्ताव रखा कि अगर मिडिल ईस्ट में सीजफायर हो जाता है तो जापान माइनस्वीपर जहाजों के जरिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बिछे बारूद के जाल को हटा सकता है।

**वैश्विक तेल आपूर्ति का 20-25% हिस्सा प्रभावित**

### माइंस को निष्क्रिय करते हैं माइनस्वीपर जहाज

जापान के पास ऐसे विशेष माइनस्वीपर जहाज हैं, जो समुद्र में बिछी संभावित माइंस को निष्क्रिय करने की ताकत रखते हैं और जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग देते हैं। जापान के पास समुद्र में बिछी मांइस का खात्मा करने वाला सबसे सक्षम संगठन मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स है, जो कि आधुनिक तकनीकों से लैस है। जापान के पास मौजूद माइनस्वीपर जहाजों में 'आवाजी क्लास' जैसी आधुनिक तकनीक है। इसमें खास बात यह है कि इन जहाजों को फाइबर-रीइन्फोर्स्ड प्लास्टिक से बनाया जाता है, जिसे इन जहाजों पर माइंस का चुबंकीय असर नहीं होता और ये जहाज माइंस के खतरे से बच जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### सऊदी ने ईरान के सैन्य अटैची को हटाया



**दुबई।** सऊदी अरब ने अपने क्षेत्र पर बार-बार होने वाले हमलों का हवाला देते हुए ईरानी सैन्य अधिकारियों और दूतावास के कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया। कतर ने तेहरान पर आक्रामकता और अपनी संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए ईरानी अधिकारियों को निष्कासित कर दिया था। सऊदी अरब ने ईरान के सैन्य अटैची, उनके सहायकों को देश छोड़ने का कहा है।

### इजराइलियों ने वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों की कारें तोड़ी



**तेलअवीव।** इजराइली बस्तियों में रहने वाले लोगों ने शनिवार की रात और रविवार की सुबह तक फलस्तीनी गांवों में जमकर उत्पात मचाया, गाड़ियां तोड़ीं, आगजनी की और कई लोगों को घायल कर दिया। इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हिंसा की यह एक नई घटना है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार रविवार को कम से कम छह बस्तियों में हुए हमलों की सूचना दी।

### युद्ध में ईरान में मृतक संख्या 1,500 के पार पहुंची




**तेहरान।** अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू किए जाने के बाद से ईरान में युद्ध के दौरान 1,500 से अधिक लोग मारे गए हैं। सरकारी प्रसारणकर्ता ने स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने कहा कि रमजान समाप्त होने के दौरान ईरान की राजधानी में भारी हवाई हमले हुए।

### अमेरिका अपनी समृद्धि बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार

## अमेरिका विश्व ऊर्जा बाजार पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है: रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव

**»** *यूरोपीय नेता रूसी ऊर्जा संसाधन ठुकरा रहे हैं*

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

> अपने हितों के लिए तख्ता पलट अपहरण जैसे काम भी कर रहा है




एआई इमेज

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूसी मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका ग्लोबल एनर्जी मार्केट में अपना दबदबा बनाने की नीति अपना रहा है। विदेश मंत्री लावरोव ने शनिवार को कहा, अमेरिका को सिर्फ अपने हितों की फिक्र है। वह अपनी समृद्धि बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहता है, चाहे वह तख्तापलट हो, अपहरण हो या उन देशों के नेताओं को निशाना बनाना हो जिनके पास वाशिंगटन के लिए अहम प्राकृतिक संसाधन हैं। यह पूरा मुद्दा तेल से जुड़ा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने आगे कहा कि अमेरिका इस उसूल को मानता है कि उसके फायदे हमेशा अंतरराष्ट्रीय समझौतों से पहले आते हैं। अमेरिका ने पहले भी यूरोपीय एनर्जी बाजार में रूस को अलग-थलग किए जाने का स्वागत किया और करता रहेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रूस के साथ सहयोग करने के लिए अमेरिका को पहले रूस के पक्ष की इज्जत करनी होगी। इससे पहले शुक्रवार को रूसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि यूरोपीय नेता रूसी ऊर्जा संसाधनों को लगातार ठुकराकर जानबूझकर अपने देशों को संकट और ऊर्जा की कमी की स्थिति में धकेल रहे हैं। मारिया जखारोवा ने अपने एक पोस्ट में कहा, यह कोई तकनीकी आपदा या कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है जो यूरोपीय यूनियन में वैश्विक संकट पैदा कर रही है, बल्कि यह उसके अपने नेताओं के फैसले हैं, जो बस हालात बदल रहे हैं। यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ईयू के निश्चित रुख की पुष्टि की। यह मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच, यूरोप में गंभीर एनर्जी संकट की स्थिति में भी सदस्य देशों को रूसी प्राकृतिक गैस खरीदने से साफ तौर पर रोकता है। हालांकि ईयू के इस रुख का कुछ सदस्य देशों ने विरोध किया था, जो रूस की एनर्जी सप्लाई पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने इस महीने की शुरुआत में ईयू से रूसी एनर्जी पर लगे बैन को रोकने की अपील की थी और चेतावनी दी कि तेल की बढ़ती कीमतें और सप्लाई में रुकावटें इलाके की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं।

### ईयू के रुख का कई सदस्य देशों ने किया विरोध

*यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ईयू के निश्चित रुख की पुष्टि की। यह मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच, यूरोप में गंभीर एनर्जी संकट की स्थिति में भी सदस्य देशों को रूसी प्राकृतिक गैस खरीदने से साफ तौर पर रोकता है। हालांकि ईयू के इस रुख का कुछ सदस्य देशों ने विरोध किया था, जो रूस की एनर्जी सप्लाई पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने इस महीने की शुरुआत में ईयू से रूसी एनर्जी पर लगे बैन को रोकने की अपील की थी और चेतावनी दी कि तेल की बढ़ती कीमतें और सप्लाई में रुकावटें इलाके की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं।*

### ईरान ने युद्ध समाप्ति के लिए नई शर्तों के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचा बनाने का प्रस्ताव रखा

## ईरान भी दो कदम पीछे आया युद्ध समाप्ति के लिए रखी शर्त गारंटी दें कि हमले नहीं होंगे



डोनाल्ड ट्रंप

> *अब युद्ध तेल ठिकानों के बाद परमाणु ठिकानों पर हमले में बदल गया है। हालांकि, ईरान-इजराइल के मिसाइल अटैक किसी भी परमाणु केंद्र पर नहीं हुए, उनसे कुछ किमी दूर हुए हैं पर आशंका गहरा गई है कि यदि परमाणु ठिकानों पर मिसाइल पहुंचती है तो रेडिएशन से दुनिया कराह उठेगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने पश्चिम एशिया में बिना किसी विदेशी दखल के शांति, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र के देशों को मिलाकर एक सुरक्षा ढांचा बनाने का प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही उन्होंने चल रहे युद्ध को खत्म करने की शर्तें दोहराईं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक फोन कॉल में यह बात कही, जिसमें दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों के साथ-साथ ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद हुए नए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी चर्चा की।

### अमेरिका से एलपीजी सिलेंडर और रूस से पेट्रोल डीजल लेकर पहुंचा जहाज

रूस से कच्चे तेल से लदा 'एक्वा टाइटन' और अमेरिका से एलपीजी लेकर निकला जहाज 'पिक्सिस पायोनियर' रविवार सुबह कर्नाटक के मंगलुरु बंदरगाह पहुंच गया। इससे घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिलेगी।

### कतर में हेलिकॉप्टर हादसा

## समुद्र में गिरा हेलिकॉप्टर, 6 की मौत, एक लापता, तलाश जारी

एजेंसी ▶▶ दोहा



फाइल फोटो

कतर के समुद्री क्षेत्र में एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां एक हेलिकॉप्टर के क्रैश होने से 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति अब भी लापता है। इस दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है और बचाव दल लगातार सातवें व्यक्ति की तलाश में जुटे हुए हैं। रविवार को सामने आई जानकारी के मुताबिक, ये हेलिकॉप्टर एक नियमित ऑपरेशन पर था, तभी अचानक तकनीकी खराबी आ गई। बताया जा रहा है कि इसी खराबी के चलते हेलिकॉप्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह कतर के समुद्री इलाके में गिर गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसमें सवार ज्यादातर लोगों को बचाया नहीं जा सका। कतर के गृह मंत्रालय ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हेलिकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। अब तक 6 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं और उनकी मौत की पुष्टि भी कर दी गई है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि खोज और बचाव अभियान के दौरान छह लोगों को ढूंढ लिया गया, लेकिन वे सभी मृत पाए गए।

### अमेरिकी सांसदों ने एकजुटता के साथ प्रस्ताव पास किया, कहा

## बंगाली हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान के अत्याचारों को नरसंहार घोषित किया जाए

**»** *विदेश मामलों की समिति को भेजा जाएगा प्रस्ताव*

**»** *अभियान में नेताओं, बुद्धिजीवियों पेशेवरों और छात्रों को मारा गया*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



फाइल फोटो

अमेरिकी सांसद ग्रेग लैंड्समैन ने प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें मांग की गई है कि पाकिस्तानी सेना और उसके सहयोगी संगठन जमात-ए-इस्लामी द्वारा 25 मार्च 1971 को बंगाली हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों को युद्ध अपराध और नरसंहार माना जाए। ओहायो से डेमोक्रेट सांसद लैंड्समैन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे अब विदेश मामलों की समिति को भेज दिया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि 25 मार्च 1971 की रात पाकिस्तान सरकार ने शेख मुजीबुर रहमान को गिरफ्तार कर लिया और उसकी सेना ने जमात-ए-इस्लामी की विचारधारा से प्रेरित उग्र इस्लामी समूहों के साथ मिलकर पूर्वी पाकिस्तान में ऑपरेशन सर्चलाइट नाम से एक व्यापक दमन अभियान शुरू किया, जिसमें नागरिकों का बड़े पैमाने पर नरसंहार किया गया। इसमें यह भी कहा गया है कि 28 मार्च 1971 को ढाका में अमेरिका के महावाणिज्य दूत आर्चर ब्लड ने वाशिंगटन को चुनिंदा नरसंहार शीर्षक से एक टेलीग्राम भेजा था, जिसमें उन्होंने लिखा था, पाकिस्तानी सेना के समर्थन से गैर-बंगाली मुसलमान गरीब बस्तियों पर संगठित हमले कर रहे हैं और बंगालियों तथा हिंदुओं की हत्या कर रहे हैं।लैंड्समैन ने बताया कि छह अप्रैल 1971 को आर्चर ब्लड ने अमेरिकी सरकार की चुप्पी पर आपत्ति जताते हुए एक संदेश भेजा था, जिस पर ढाका वाणिज्य दूतावास के 20 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। इसे बाद में ब्लड टेलीग्राम के नाम से जाना गया। उस टेलीग्राम में कहा गया था, लेकिन हमने इस आधार पर हस्तक्षेप न करने का फैसला किया है कि अवामी संघर्ष, जिसमें दुर्भाग्यवश नरसंहार शब्द लागू होता है, एक संप्रभु देश का आंतरिक मामला है। लैंड्समैन द्वारा लाए गए प्रस्ताव में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा से आग्रह किया गया है कि वह 25 मार्च 1971 को बांग्लादेश के लोगों के खिलाफ पाकिस्तानी सशस्त्र बलों द्वारा किए गए अत्याचारों की निंदा करे। प्रस्ताव में कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना और उसके इस्लामी सहयोगियों ने धर्म और लिंग की परवाह किए बिना जातीय बंगालियों की हत्या की, उनके नेताओं, बुद्धिजीवियों, पेशेवरों और छात्रों को मार डाला और हजारों महिलाओं को यौन दासता के लिए मजबूर किया। इसमें यह भी कहा गया है कि उन्होंने विशेष रूप से धार्मिक अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाया, जिनके खिलाफ सामूहिक हत्याएं, सामूहिक बलात्कार, जबरन धर्मांतरण और जबरन निष्कासन जैसी घटनाओं को अंजाम दिया गया।



### मियामी ओपन: यानिक ने दामिर जुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया

# सिनर ने की जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी ▶▶| मियामी

यानिक सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए मियामी ओपन के पहले राउंड के मुकाबले नें दामिर जुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने दिग्गज नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सिनर मैच में अपनी डिलीवरी से सिर्फ आठ अंक पीछे रह गए। नवंबर में पेरिस मास्टर्स और इंडियन वेल्स में अपने खिताबी जीत के बाद अब एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार 24 सेट जीत कर नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। उनके पास 30वीं सीड कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ अपने तीसरे राउंड के मुकाबले का पहला सेट जीतकर जोकोविच से आगे निकलने का मौका होगा, जिन्होंने टॉमस माचाक को 6-0, 1-6, 6-4 से हराया था।

### 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले खिलाड़ी बनने की कोशिश

सिनर मियामी में अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व में 2024 में वह चैंपियन रहे थे। सिनर के पास साउथ फ्लोरिडा में डिफेंड करने के लिए कोई एटीपी रैंकिंग पॉइंट नहीं है, जिससे उन्हें विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के साथ अपनी लड़ाई में और मोमेंटम बनाने का मौका मिल रहा है। इंडियन वेल्स में 2026 के लिए अपनी पहली ट्रॉफी उठाने के बाद, इटालियन खिलाड़ी 2017 में रोजर फेडरर के बाद मशहूर 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं।

### कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है: सिनर

*जीत के बाद सिनर ने कहा, मुझे लगता है कि कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है। मेरे लिए, मैं एक खिलाड़ी के तौर पर बेहतर होने की कोशिश करता हूं और खुद को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने की स्थिति में रखता हूं। मैं हमेशा हर विरोधी के साथ एक जैसा बर्ताव करता हूं, कोर्ट पर आकर अच्छे रवैये के साथ अपना बेस्ट देने की कोशिश करता हूं और इसके लिए पूरी कोशिश करता हूं।*



### ज्वेरेव ने की जीत के साथ शुरुआत

इंडियन वेल्स के सेमी-फाइनलिस्ट ज्वेरेव ने मियामी ओपन में अपने कैंपेन की शुरुआत जीत के साथ की है। जर्मन खिलाड़ी ने वाइल्डकार्ड मार्टिन डैम को 6-2, 6-4 से आसानी से हराकर अपना पहला मुकाबला आसानी से जीता। इस जीत ने इस दशक में एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल पर ज्वेरेव के शानदार रिकॉर्ड को और मजबूत किया, जिससे उनकी जीत की संख्या 103 हो गई। इसने टॉप 100 से बाहर रैंक वाले खिलाड़ियों के खिलाफ उनके दबदबे को भी बढ़ाया और हाल के सीजन में बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखी। ज्वेरेव अब अनुभवी खिलाड़ी मारिन सिलिक से भिड़ेंगे। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने तीन सेट के कड़े मुकाबले में ब्रैंडन नाकाशिमा को हराकर जीत हासिल की, और जीत के रास्ते में एक मैच अंक बचाया।

### शेवचेंको ने की जबरदस्त वापसी, पहुंचें तीसरे राउंड में

एलेक्जेंडर शेवचेंको ने जबरदस्त वापसी करते हुए अपने पसंदीदा बेन शेल्टन को नॉक आउट कर दिया, जबकि तीसरी सीड वाले ज्वेरेव रविवार को मियामी ओपन में आराम से तीसरे राउंड में पहुंच गए। शेवचेंको ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरे राउंड के मैच में शेल्टन पर 6-7(3), 7-6(3), 6-3 से जीत हासिल की, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी अपने होम स्टेट फ्लोरिडा के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक में एक बार फिर जल्दी बाहर हो गए। यह जीत वर्ल्ड नंबर 84 के टॉप 10 अपोनेंट पर करियर की तीसरी जीत थी और इससे उन्हें चौथी बार एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के तीसरे राउंड में पहुंचने में मदद मिली। कजाकिस्तान का यह खिलाड़ी दूसरा सेट लगभग हार ही गया था, लेकिन टाई-ब्रेक में उसने अपना लेवल बढ़ाकर निर्णायक सेट करा दिया। फिर उसने तीसरे सेट में आक्रामक टेनिस खेला, और शेल्टन पर दबाव डालने के लिए जल्दी निर्णायक ब्रेक हासिल किया।



### खबर संक्षेप



#### पीएसएल को झटका, राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे शनाका

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग को एक और करारा झटका लगा जब श्रीलंका के कप्तान और हरफनमौला दासुन शनाका ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में चोटिल सैम कुरेन की जगह राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने का फैसला किया। इससे पहले जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी ने मुस्ताफिजूर रहमान की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के लिए इस्लामाबाद युनाइटेड के साथ करार तोड़ा था। टीम के एक सूत्र ने बताया,' पीएसएल के साथ औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दासुन आईपीएल करार पर हस्ताक्षर करेंगे।

#### 26 मार्च से दर्शकों के बिना होगा पीएसएल



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि ईरान-अमेरिका-इस्राइल युद्ध के कारण क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पाकिस्तान सुपर लीग का पहला चरण दर्शकों के बिना होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा कि पीएसएल का यह सत्र कराची और लाहौर में ही खेला जाएगा। उन्होंने कहा,' पीएसएल अंतरराष्ट्रीय ब्रांड और हमारा गौरव है। यह लीग 26 मार्च से ही होगी लेकिन दर्शकों को अनुमति नहीं रहेगी। 'नकवी ने कहा, 'क्षेत्र के हालात को देखते हुए मितव्ययिता की दृष्टि से यह कदम उठाया गया है।

#### सही दिशा में आगे बढ़ रही है पंजाब किंग्स टीम: इरफान



**नई दिल्ली।** पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का कहना है कि नीलामी में समझदारी भरे और साहसिक फैसले लेने के बाद पंजाब किंग्स अब ' सही दिशा में आगे बढ़ रही है', जिससे इंडियन प्रीमियर लीग खिताब के लिए उसका लंबा इंतजार खत्म होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पठान ने कहा कि नेतृत्व में स्पष्टता और अच्छी टीम का चयन करने से पंजाब बेहतर प्रदर्शन करने लग गया है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली यह टीम पिछले साल उपविजेता रही थी।

**न्यूजीलैंड पर भारी पड़े अफ्रीकी स्पिनर्स 145 रन पर किया ढेर**

## दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को दी पटखनी, सीरीज में 2-2 की बराबरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साउथ अफ्रीका के स्पिनर्स ने कमाल का खेल दिखाया, जिसका नतीजा ये रहा कि साउथ अफ्रीका ने चौथे टी20 पर कब्जा कर लिया है। अफ्रीकी टीम ने न्यूजीलैंड को 19 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ सीरीज फिलहाल दो-दो की बराबरी पर है और आखिरी और 5वां टी20 25 मार्च को खेला जाएगा।

### न्यूजीलैंड की बैटिंग रही फ्लॉप

न्यूजीलैंड के लिए चौथा टी20 मुकाबला आसान हो सकता था। टीम ने अफ्रीकी टीम को 5 विकेट पर 164 रन पर रोक लिया था। न्यूजीलैंड की टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी तब 10 ओवरों में टीम ने 3 विकेट गंवा 88 रन बना लिए थे। टीम सेशन में लगातार विकेट गंवाती रही और 18.5 ओवरों में पूरी टीम 145 रन पर ढेर हो गई। मैच उस वक्त साउथ अफ्रीका के पाले में चला गया जब टीम के फेवरेट स्पिनर केशव महाराज और प्रेनेलन सुब्रयन ने मिडिल ओवरों में न्यूजीलैंड टीम पर पूरा दबाव बना दिया था।



### न्यूजीलैंड के रॉबिन्सन ने खेली शानदार पारी

न्यूजीलैंड की बैटिंग की बात करें तो टीम के ओपनर टीम रॉबिन्सन ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। उनके अलावा और कोई बैटर कुछ खास नहीं कर पाया। डेन क्लेवर ने 26, निक केली ने 19, कोल मैकॉन्ची ने 10 और जोश क्लार्कसन ने 10 रन बटोरे।

## आईपीएल 2026: एलएसजी के लिए बैटिंग पोजिशन में बदलाव करेंगे पंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की टी20 टीम में वापसी करने की कवायद में लगे ऋषभ पंत 28 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के रूप में पंत के लिए यह सत्र निर्णायक साबित हो सकता है। उनके लिए काफी कुछ दांव पर लगा है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने 2025 की मेगा नीलामी में उन्हें रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा था। पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अगर पंत इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह भविष्य में भारत की टी20 योजनाओं का हिस्सा बन सकते हैं।



### ऋषभ का पिछले प्रदर्शन निराशाजनक

आईपीएल सूत्रों के अनुसार, 'टीम प्रबंधन और पंत दोनों इस बात से सहमत हैं कि उनके लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना उपयुक्त होगा। इस साल उनके शीर्ष क्रम में एडन मार्क्रम, मिचेल मार्श और पंत शामिल होंगे।'

### पंत के लिए आगामी सत्र महत्वपूर्ण

पंत के लिए आईपीएल का आगामी सत्र काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें वह अपनी कीमत को जायज ठहराने के अलावा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की भी कोशिश करेंगे। पंत ने पिछले सत्र में अधिकतर समय चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी लेकिन तब वह आखिर के कुछ मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उस समय तक हालांकि लखनऊ की वापसी की संभावना समाप्त हो गई थी। पंत के तीसरे नंबर पर उतरने का मतलब होगा कि निकोलस पूरन को बल्लेबाजी क्रम में नीचे आना पड़ेगा। एलएसजी की टीम अभी लखनऊ में अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास कर रही है।

## डुप्लांटिस ने चौथी बार जीता विश्व इंडोर पोल वॉल्ट खिताब

एजेंसी ▶▶| टोरुन



आर्मंड डुप्लांटिस ने यूनान के एम्मानौइल करालिस से कड़ी टक्कर मिलने के बावजूद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट में एक और विश्व खिताब जीता। डुप्लांटिस ने 6.25 मीटर की कूद लगाकर लगातार चौथी बार विश्व इंडोर चैंपियनशिप जीती, जो कि एक साल पहले नानजिंग में उनके पिछले रिकॉर्ड से 10 सेंटीमीटर अधिक है। इन दोनों के अलावा अन्य खिलाड़ी 6.05 मीटर तक ही पहुंच पाए। डुप्लांटिस ने 6.10, 6.15 और फिर 6.25 मीटर कूद लगाई। करालिस ने 6.10 और 6.15 मीटर की लंबाई सफलतापूर्वक पार की, लेकिन 6.25 पर अपने प्रयास में चूक गए, और लगातार दूसरे वर्ष उपविजेता रहे। डुप्लांटिस ने अपना पोल एक तरफ रख दिया और अपने 6.31 मीटर के उस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं किया, जो उन्होंने पिछले सप्ताह स्वीडन में उनके नाम पर आयोजित मोंडो क्लासिक प्रतियोगिता में बनाया था।

## ऑस्ट्रेलिया का घरेलू इंटरनेशनल सीरीज का शेड्यूल जारी, भारत के खिलाफ पांच टेस्ट

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपना 2026-27 का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जारी किया, जिसमें उसका कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए उसे जनवरी से मार्च तक भारत में होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला की प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले तैयारी के लिए बहुत कम समय मिलेगा। अगले साल भारत के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला पैट कमिंस की उम्रदराज टीम के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। उसको इसके लिए तैयारी का बहुत कम समय मिलेगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को दिसंबर और मार्च के बीच 14 सप्ताह के अंदर 10 टेस्ट मैच खेलने हैं।




### अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच

ऑस्ट्रेलिया अपने घरेलू सत्र की शुरुआत अगस्त 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच से करेगा और इसका समापन मार्च 2027 में एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर खेले जाने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच से होगा। ऑस्ट्रेलिया की इस व्यस्त कार्यक्रम में भारत के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में असली परीक्षा होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का वह दौरा कमिंस, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन जैसे खिलाड़ियों के लिए आखरी चुनौती होगी क्योंकि उन्होंने अभी तक भारत में कभी कोई श्रृंखला नहीं जीती है।'

### न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3-1 की बढ़त

## न्यूजीलैंड ने टी20 सीरीज पर जमाया कब्जा

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

साउथ अफ्रीका की महिला टीम को न्यूजीलैंड ने अपने घर पर खेली जाने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मैच में भी हराया दिया। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर ने तीन विकेट चटकाए, जबकि साउथ अफ्रीका ने 159 रन का टोटल बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की धाकड़ बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने 34 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 64 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिससे उनकी टीम ने आसानी से 18.3 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमा लिया है।

- साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए



### न्यूजीलैंड के लिए जेस केर ने लिए तीन विकेट

वेलिंगटन के मैदान में साउथ अफ्रीका की महिला टीम पहले बैटिंग करने उतरी। नंबर चार पर आने वाली एनेरी डर्कसेन ने 32 गेंद में आठ चौके और एक छक्का लगाकर 55 रन की नाबाद पारी खेली, जिससे साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन का टोटल खड़ा किया। न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक तीन विकेट जेस केर ने चार ओवर में सिर्फ 16 रन देकर लिए।

### सोफी ने खेली तूफानी पारी

160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 57 रन के स्कोर तक दो विकेट खो चुकी थी। तभी नंबर चार पर आने वाली सोफी डिवाइन ने मोर्चा संभाला और कप्तान ऐमिलिया केर ने उनका साथ निभाया। ऐमिलिया केर ने 29 गेंद में चार चौके लगाकर 31 रन बनाए, जबकि सोफी डिवाइन ने 34 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 64 रन की पारी खेली। इसके चलते न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाकर छह विकेट से जीत दर्ज की।

### बुंडेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट

## खिताब के करीब बायर्न म्यूनिख केन ने दागा शानदार गोल



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने एक बार फिर गोल किया, जिससे बायर्न म्यूनिख ने यूनियन बर्लिन को 4-0 से हराकर 14 वर्षों में अपना 13वां बुंडेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया। केन ने हाफ टाइम के बाद जर्मनी की इस लीग के वर्तमान सत्र में अपना 31वां गोल दागा। अभी इस लीग में सात दौर का खेल होना बाकी है और ऐसे में केन के पास रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के एक सत्र में सर्वाधिक 41 गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। बायर्न की तरफ से सर्गे ग्नाब्री ने दो गोल किए और माइकल ओलिस ने भी एक गोल दागा। इस तरह से उसके इस सत्र में 97 गोल हो गए हैं और वह 1971-72 में बनाए गए 101 गोल के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है। बायर्न के इस जीत से 27 मैच में 70 अंक हो गए हैं और वह दूसरे नंबर पर काबिज डॉर्टमंड से नौ अंक आगे हो गया है।

### चैंपियंस लीग : लिवरपूल और चेल्सी को बाहर होने का खतरा

**लिवरपूल।** लगातार खराब प्रदर्शन के कारण लिवरपूल और चेल्सी के लिए प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब तो दूर की कौड़ी बनता ही जा रहा है, बल्कि उन पर अब चैंपियंस लीग में जगह बनाने की दौड़ से बाहर होने का खतरा भी मंडरा रहा है। लिवरपूल को इस सत्र में प्रीमियर लीग में 10वीं जबकि चेल्सी को 10 दिनों में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है। ब्राइटन के हाथों 2-1 से मिली हार से लिवरपूल का अपने खिताब का बचाव करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। मौजूदा चैंपियन टीम पिछले तीन मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई है। इसके कुछ घंटों बाद चेल्सी को एवर्टन ने 3-0 से हरा दिया। लिवरपूल लीग में पांचवें स्थान पर बना हुआ है। वह चेल्सी से एक अंक और एक स्थान आगे है। प्रीमियर लीग में शीर्ष पांच में रहने वाली टीम ही अगले सत्र के लिए चैंपियंस लीग में जगह बनाएंगी।




**मानव संग्रहालय में** 'क्रिएटिव इकोनॉमी टॉय फेयर- 2026' बना प्रमुख आकर्षण

# क्रोशिया के शिल्प के साथ लुभा रहे बुदनी के खिलौने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित 49वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत दूसरे दिन 'क्रिएटिव इकोनॉमी टॉय फेयर-2026' प्रमुख आकर्षण बनकर उभराम इस टॉय फेयर में बुधनी सहित देशभर से आए शिल्पकार अपने हस्तनिर्मित खिलौनों एवं उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रहे हैं। इस मेले में राजकोट से आईं शिल्पकार मीना पटेल ने क्रोशिया कला के माध्यम से अत्यंत सुंदर एवं आकर्षक शिल्प प्रस्तुत किए। उत्सव के सबसे बड़े आकर्षण में महाराष्ट्र की पारंपरिक उलटी कढ़ाई पर बनती पूरणपोली, जिसे देखने और चखने के लिए दर्शकों की विशेष भीड़ उमड़ रही है।

## राजस्थान, ओड़िशा के नर्तकों ने किए एक से बढ़कर एक नृत्य



### ओड़िशा के डालखाई नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति

इस उत्सव में लोक संस्कृतियों का अद्भुत संगम भी देखने को मिल रहा है। शुरुआत डालखाई नृत्य (ओडिशा) की ऊर्जावान प्रस्तुति से हुई । यह नृत्य विशेष रूप से पश्चिमी ओडिशा में प्रचलित है और इसमें महिलाओं द्वारा समूह में प्रस्तुत किए जाने वाले लयबद्ध गीत एवं नृत्य दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।



### सिर पर कई मटकों को संतुलन दिखाता भवाई नृत्य

इसके पश्चात भवाई नृत्य (राजस्थान) ने अपनी अद्भुत संतुलन कला से सभी को आश्चर्यचकित किया। इस नृत्य में कलाकार सिर पर कई मटकों को संतुलित करते हुए कठिन करतब प्रस्तुत करते हैं, जो राजस्थान की लोक-निपुणता का उत्कृष्ट उदाहरण है। केरल की पारंपरिक कला मरुथा कोलम ने भी विशेष आकर्षण बिखेरा।





### आहार में उमड़ा स्वाद और परंपरा का संगम

'आहार' -पारंपरिक व्यंजन उत्सव में इन दिनों देशभर के स्वाद, सुगंध और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यह उत्सव न केवल भोजन का, बल्कि भारत की विविध लोक परंपराओं और जनजातीय जीवन शैली का जीवंत उत्सव बन गया है, जहां हर व्यंजन अपनी एक कहानी कहता नजर आता है।



भारत भवन में आयोजित आद्या नाट्य समारोह का हुआ समापन

# मंच पर जीवंत हुई स्त्री साहस और आत्मसम्मान की कहानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बहुकला केंद्र भारत भवन में आयोजित स्त्री रचनाशीलता पर केंद्रित छह दिवसीय 'आद्या' नाट्य समारोह का समापन रविवार को एक सशक्त और भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ। रंगमंडल प्रभाग द्वारा संयोजित इस समारोह के अंतिम दिन मंचित नाटक 'सैनाणी' ने दर्शकों को स्त्री शक्ति, साहस और अंतर्मन की जटिल संवेदनाओं से रूबरू कराया। लेखक संजय श्रीवास्तव द्वारा रचित और निर्देशक नीति श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक को क्रिएटिव आर्ट एंड कल्चर सोसायटी के कलाकारों ने जीवंत रूप दिया। प्रस्तुति ने यह सिद्ध किया कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के गहरे प्रश्नों और मानवीय भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त मंच भी है।



राजस्थान की हाड़ी रानी की कथा पर आधारित नाटक 'सैनाणी' का मंचन करते कलाकार।



### कर्तव्य व सम्मान के लिए असाधारण बलिदान की कहानी

80 मिनट अवधि के इस नाटक में दिखाया गया कि भारत का इतिहास शौर्य, त्याग और बलिदान की अनगिनत गाथाओं से भरा हुआ है, लेकिन राजस्थान का नाम आते ही वीरता की विशेष पहचान उभरकर सामने आती है। इसी धरती ने कई ऐसे उदाहरण दिए हैं, जहां कर्तव्य और सम्मान के लिए असाधारण बलिदान दिए गए। ऐसी ही एक प्रेरणादायी कथा है हाड़ी रानी की, जिनका त्याग आज भी समाज को कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का संदेश देता है।



### संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया

**विपरित परिस्थितियों में आगे बढ़ने की प्रेरणा**

'सैनाणी' का मूल भाव स्त्री के भीतर निहित उस अदम्य साहस और संघर्षशीलता को उजागर करता है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। नाटक की नायिका केवल एक पात्र नहीं, बल्कि वह प्रतीक है हर उस स्त्री का, जो अपने अधिकार, आत्मसम्मान और अस्तित्व की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहती है। कथा में स्त्री के भीतर चल रहे द्वंद्व, सामाजिक बंधनों की जकड़न और स्वतंत्रता की आकांक्षा को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया।

यंग थिंकर्स फोरम की पुस्तक का विमोचन

# धर्म का अनुवाद रिलीजन में नहीं किया जा सकता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम द्वारा स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में 'अनमास्किंग रिलीजन्स - अ धार्मिक रिस्पॉन्स' का विमोचन किया गया। लेखक डॉ मुकुल कुलश्रेष्ठ ने धर्म और रिलीजन का अंतर स्पष्ट किया, और रिलीजन यानि यहूदी, ईसाईयत और इस्लाम के मूलभूत सिद्धांतों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि धर्म सार्वभौमिक और नित्य है, यह कॉस्मिक ऑर्डर है जबकि रिलीजन मानव निर्मित है। इसलिए धर्म का अनुवाद रिलीजन में नहीं किया जा सकता। रिलीजन का कोई संस्थापक होता है और उसके निर्देशित आदेशों को यथावत मानना आवश्यक होता है, उसपर प्रश्न करने, अनुभव करने या साक्षात्कार का विकल्प नहीं होता। यह एकमात्र गॉड, एक प्रोफेट और एक किताब पर आधारित है। सामी मज़हबों द्वारा प्रकृति पूजक सभ्यताओं के ऊपर यह मान्यताएं थोपने का प्रयास किया गया और अन्य ईश्वर रूपों को नकार दिया गया। उन्होंने बताया कि मूलतः रिलीजन अधर्म है।

## गोंड आर्ट की बारीकियां सीखते हुए जानी उसकी ऐतिहासिक विरासत



**भोपाल।** कला और परंपरा के समन्वय को सशक्त रूप देते हुए कलाकल्प ने आरंभः द नेक्स्ट जेन एकेडमी के सहयोग से एक दिवसीय गोंड आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया। संचालन प्रख्यात कलाकार अंकित ने किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने गोंड कला की बारीकियां सीखते हुए उसकी ऐतिहासिक विरासत को भी जाना। शुरुआती प्रतिभागियों के लिए चरणबद्ध मार्गदर्शन दिया गया, जिससे वे आसानी से इस पारंपरिक कला शैली को समझ सके। सभी आयु वर्ग के लिए खुली इस कार्यशाला में आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई।

**दुष्यंत संग्रहालय में शुरू हुआ चार दिवसीय समर नाट्य उत्सव**

# 'अनभिज्ञ' ने जगाए आत्ममंथन के सवाल, नाटक देख दर्शक हुए भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में रविवार से समर नाट्य उत्सव का शुभारंभ हुआ। कबीला सोसाइटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय नाट्य समारोह के पहले दिन 'अनभिज्ञ' नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों को गहरे आत्ममंथन की यात्रा पर ले गया। यह उत्सव वरिष्ठ रंगकर्मी स्व. समर सेन गुप्ता की स्मृति को समर्पित है, मॉरिस लाज़रस द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक 'अनभिज्ञ' नाटक अपने शीर्षक की तरह ही मनुष्य के भीतर छिपी उस अनभिज्ञता को उजागर करता है, जो स्वयं से दूरी और आत्म-स्वीकृति के बीच झूलती रहती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित हुए।

**वरिष्ठ रंगकर्मी स्व. समर सेन गुप्ता की स्मृति को समर्पित है यह उत्सव**




### दर्शकों के भीतर गूंजते हैं प्रश्न

नाटक की कथा चार पात्रों के माध्यम से आगे बढ़ती है, लेकिन यह चार चेहरों तक सीमित नहीं रहती यह पूरी पीढ़ी की मानसिक स्थिति और अस्तित्वगत संघर्ष का रूपक बन जाती है। पात्र अपने ही रचे हुए भंवर में उलझे हैं, जहां वे लगातार खुद से सवाल करते हैं क्या हम वास्तव में स्वयं को जानते हैं? यह प्रश्न नाटक के केंद्र में है, जो दर्शकों के भीतर गूंजता रहता है। 'अनभिज्ञ' रिश्तों की उस मौन पीड़ा को भी सामने लाता है, जिसे शब्दों में बांधना कठिन है।

### संवादों के बीच की खामोशी भाव-भंगिमाओं की सूक्ष्मता

संवादों के बीच की खामोशी, भाव-भंगिमाओं की सूक्ष्मता और मंच-संरचना की प्रतीकात्मकता ने इस प्रस्तुति को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। नाटक यह दर्शाता है कि कई बार मनुष्य अपनी ही चेतना से अनभिज्ञ रहता है कभी यह परिस्थितियों की मजबूरी होती है, तो कभी आत्म-स्वीकृति से बचने का एक सुविधाजनक रास्ता।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930